सुप्रभात

रांची, मंगलवार

03.01.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 171



12 आधुनिक भारतीय इतिहास पर शोध के दायरे को व्यापक बनाने की जरूरत : मोदी

## न्यूज डायरी

### रांची हिंसा के आरोपी को बेल नहीं मिली

रांची। रांची हिंसा के प्रमुख आरोपी की बेल पिटीशन झारखंड हाइकोर्ट ने सोमवार को ठुकरा दी। अदालत ने मोहम्मद माज को नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया है। दोनों पक्षों को ओर से बहस पूरी सुनने के बाद जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत में हुई। रांची में 10 जून को नमाज के बाद उपद्रवियों ने हिन्दू धार्मिक स्थल समेत पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाया था। पूरे मामले की जांच सीआइडी कर रही है।

### आज से नौ तक कई ट्रेनें रांची से रहेंगी रद्द

रांची। रेलवे ने तीन से नौ जनवरी तक चलने वाली कई ट्रेनों को रद्द किया है। जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर मंडल के बिरराजपुर स्टेशन पर नान इंटरलॉकिंग का काम होना है। रांची रेल मंडल ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सूचना जारी की है।

### झारखंड का अपहृत बच्चा जमुई से बरामद, गिरफ्तार

जमुई। झारखंड से अपहृत एक नाबालिग को राज्य पुलिस ने जमुई के गिद्धौर से अपहर्ता के साथ बरामद कर लिया। अपहर्ताओं ने पांच लाख की फिरौती मांगी थी। सारवां थाना के छिटपांचूडीह गांव के सुनील शर्मा के पुत्र आदित्य कुमार का अपहरण हो गया था।

### मोनालिसा को जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न सम्मान

रांची। नये साल में गोड्डा की बेटी मोनालिसा को बड़ा सम्मान मिला है। नेटबॉल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उसे जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न सम्मान से 3 जनवरी को रांची में नवाजा जायेगा। मोनालिसा पहाड़िया समुदाय से है, जो विलुप्तप्राय आदिम जनजाति है। मंगलवार को मयूरी साभागार में एक समारोह में उसे सम्मानित किया जायेगा।

### रांची में होगा अंतरराष्ट्रीय जनजातीय सम्मेलन

रांची। रांची विवि नये साल में अंतरराष्ट्रीय जनजातीय सम्मेलन करने जा रहा है। सम्मेलन में भारत समेत छह देशों बांग्लादेश, थाईलैंड, नेपाल और भूटान और आसपास के जनजातीय बहुल देश के प्रतिनिधियों को बुलाया जायेगा। छत्तीसगढ़, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### जयपाल सिंह मुंडा जयंती पर श्रद्धांजलि देने आयेंगे अर्जुन

खूंटी। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मंगलवार को झारखंड आंदोलन के पुरोधा और महान हॉकी खिलाड़ी मांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे और मारंग गोमके को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

### पीएम आज करेंगे विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन

नयी दिल्ली। पीएम मोदी मंगलवार को 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उदघाटन करेंगे और पूरे सत्र का अवलोकन करेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार समाज के प्रति विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्त्वपूर्ण योगदानों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करने वाला भारत का गौरव मेगा-एक्सपो मुख्य आकर्षण होगा।

### उषा मार्टिन में लगी आग को बुझाया गया

रांची। उषा मार्टिन वायर फैक्टरी में सोमवार को लगी आग पर काबू पा लिया गया। अगलगी से वहां अफरा-तफरी मच गयी।अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 51,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

## मां छिन्नमस्तिका के दरबार में पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सपरिवार की पूजा-अर्चना



# राज्य की खुशहाली का मांगा आशीर्वाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/रजरप्पा।** नये साल के दूसरे दिन सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सपरिवार मां रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में हाजिरी लगायी। विधिवत कर मातारानी से आशीर्वाद लिया और राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। नया साल झारखंड के लिए खुशहाल हो मां से आशीर्वाद मांगा।

सीएम के साथ पिता राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, माता रूपी सोरेन, धर्मपत्नी कल्पना सोरेन, विधायक सीता सोरेन सहित अन्य परिजनों ने भी मां छिन्नमस्तिका की विधिवत आराधना की।

### मां का आशीर्वाद सदैव रहा है

मौके पर मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि सिद्धपीठ रजरप्पा की पावन भूमि हमारे गृह जिला रामगढ़ में स्थित है। यह मेरी जन्मस्थली भी है। आज मैं यहां सपरिवार मां छिन्नमस्तिका की चरणों में मत्था टेकने आया हूं। मां छिन्न मस्तिष्का की कृपा से राज्य सुख-शांति और समृद्धि और बढ़ेगी। माता रानी की कृपा और आशीर्वाद सदैव हमारे परिवार पर रही है। सीएम ने कहा, आज परिवार के सभी सदस्यों के साथ माता का आशीर्वाद लेकर नये साल की शुरूआत की है। नये वर्ष 2023 की शुरुआत हो चुकी है। मैं यहां मां छिन्नमस्तिका से राज्य वासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, अमन-चैन और खुशहाली आये, इसकी प्रार्थना की है। मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी को नये साल की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर रामगढ़ की उपायुक्त समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूजा-अर्चना अशेस पंडा, असीम पंडा, शुभाशीष पंडा, लोकेश पंडा एवं छोटू पंडा ने विधिवत रूप से कराया। सीएम की यात्रा को ले कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। न्यास समिति के सदस्यों के द्वारा बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने 15 मिनट तक पूजा अर्चना की।

# नोटबंदी पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, फैसला सही

## सभी याचिकाएं खारिज, आरबीआइ से ली गयी थी सलाह

**एजेंसी**



जस्टिस वी रामसुब्रमण्यम | जस्टिस बीआर गवई | जस्टिस अब्दुल नजीर | जस्टिस एएस बोपन्ना

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट केंद्र की मोदी सरकार की ओर से 2016 में 1,000 और 500 रुपये के नोटों को बंद करने के फैसले को सोमवार को सही ठहराया। न्यायमूर्ति एसए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ में न्यायमूर्ति बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी रामासुब्रमण्यम और बीवी नागरत्ना शामिल थे। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार को क्लीन चिट दी है। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड से यह बात साफ है कि सरकार ने इस मामले में आरबीआई से समुचित विचार विमर्श किया था। 6 महीने तक दोनों के बीच विचार हुआ था और इसके बाद ही यह फैसला लिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले के साथ ही नोटबंदी को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। जस्टिस अब्दुल नजीर 4 जनवरी को रिटायर होने वाले हैं। सेवानिवृत्ति से ठीक दो दिन पहले उन्होंने अहम फैसला सुनाया है।

**इसे पलटा नहीं जा सकता :** अदालत ने कहा कि आरबीआई ऐक्ट के तहत नोटबंदी का अधिकार सरकार के पास है, उसे इससे रोका नहीं जा सकता।

यही नहीं अदालत ने कहा कि इससे पहले भी देश में इसी नियम के तहत दो बार नोटबंदी की जा चुकी है, यह तीसरा मौका था। बेंच ने यह भी कहा कि आर्थिक फैसले को पलटा नहीं जा सकता।

**अदालत ने रिकार्ड मांगा था :** गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने केंद्र और आरबीआइ को सात दिसंबर को निर्देश दिया था कि वे सरकार के 2016 में 1000 रुपये और 500 रुपये के नोट को बंद करने के फैसले से संबंधित प्रासंगिक रिकॉर्ड पेश करें। पीठ ने केंद्र के 2016 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, आरबीआई के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदम्बरम तथा श्याम दीवान समेत याचिकाकताओं के वकीलों की दलीलें सुनी थीं और अपना फैसला सुरक्षित रखा था।

### पीठ ने चार-एक के बहुमत से सुनाया फैसला



जस्टिस बीवी नागरत्ना

हालांकि 5 जजों की बेंच में से जस्टिस बीवी नागरत्ना का मत अलग था और उन्होंने इस पर कुछ सवाल उठाये। जस्टिस नागरत्ना ने बाकी चार जजों की राय से अलग फैसला लिखा। उन्होंने कहा कि नोटबंदी का फैसला गैरकानूनी था। इसे गजट नोटिफिकेशन की जगह कानून के जरिए लिया जाना था। हालांकि उन्होंने कहा कि इसका सरकार के पुराने फैसले पर कोई असर नहीं पड़ेगा। नोटबंदी के खिलाफ दायर याचिकाओं में कहा गया था कि इससे अर्थव्यवस्था पर असर हुआ और तमाम लोगों को इससे परेशानी उठानी पड़ी। अदालत में सरकार ने अपना रिकॉर्ड भी सुनवाई के दौरान पेश किया।

### झारखंड में सर्दी का कहर कोहरे को ले अलर्ट जारी

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के तमाम इलाकों में कड़ाके की ढंड जारी है। सोमवार को छिटपुट बादल, कोहरा और धुंध भी रहा। मौसम केंद्र रांची ने 3 और 4 जनवरी को भी राज्य के 15 जिलों में कोहरा और धुंध बनने का अनुमान लगाया है। इन 15 में से 9 जिलों में कोहरा की वजह से लो-विजिबिलिटी के लिए ऑरेंज अलर्टर और 6 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। कोहरे के कारण गाड़ियों की रफ्तार पर ब्रेक लग गयी है। ट्रेनें भी लेट चल रही हैं। पिछले 24घंटे में रामगढ़ सबसे सर्द रहा। वहां न्यूनतम पारा 10.5 डिग्री तक रहा। दूसरे नंबर पर रांची का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम केंद्र रांची ने अपने पूवार्नुमान में 6 जनवरी तक सुबह में कोहरा या धुंध की संभावना है। इसके साथ-साथ 4 जनवरी तक आसमान में आंशिक रूप से बादल रहेंगे। 5 और 6 जनवरी को आसमान मुख्यतः साफ रहेगा।

**कोहरा का ऑरेंज अलर्ट :** मौसम केंद्र ने अपने पूवार्नुमान में देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, सरायकेला खरसावां व पूर्वी सिंहभूम में घना कोहरा और धुंध की वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर से 200 मीटर से कम होने की संभावना जतायी है।

## पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग सिर्फ कागजों पर हो रही है क्या

### हेबियस कार्पस मामले की सुनवाई में हाइकोर्ट ने पूछा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य पुलिस की कानूनी समझ पर सवाल खड़ा किया है। नीलम चौबे की हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) की याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या पुलिस कर्मियों की ट्रेनिंग हो रही है या यह सिर्फ कागजों पर है। प्रत्येक माह राज्य के पुलिस कर्मियों को अनुसंधान से संबंधित सटीक जांच करने, आइपीसी एवं सीआरपीसी की धाराओं की जानकारी देने आदि के बारे में ट्रेनिंग कराये जाने का दिशा-निर्देश कोर्ट द्वारा दिया गया था। रेगुलर बेसिस पर इन पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग हो रही है या नहीं, इसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को बताने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 10 जनवरी को होगी।

**कानून का प्रशिक्षण जरूरी :** प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने पैरवी की। मध्य प्रदेश पुलिस बोकारो से एक लॉ के छात्र को गिरफ्तार कर ले जाने जाने से संबंधित यह मामला है। इस मामले में पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि झारखंड पुलिस भी कानून पूरी तरह से नहीं जानती है। कानून के प्रति पुलिस वालों को ट्रेंड करना चाहिए। ऐसे में जरूरी है कि सरकार पुलिस को कैप्सूल कोर्स कराये। हाई कोर्ट ने यह भी कहा था कि दूसरे राज्य की पुलिस झारखंड से व्यक्ति को पकड़ कर ले गयी लेकिन, कस्टडी में लेकर ट्रांजिट परमिट तक नहीं ली गयी। दूसरे राज्य ले जाने के संबंध में कोर्ट का ऑर्डर भी नहीं है। अगर पुलिस को सूचना थी तो जाने कैसे दिया गया। मध्यप्रदेश की पुलिस की गलती जितनी है, उतनी ही गलती मामले में झारखंड पुलिस की भी है। जानबूझ कर झारखंड पुलिस ने अभियुक्त को जाने दिया।

(शेष पेज 11 पर)

### आयोग ने आरवीएम तैयार किया, 16 को कार्यप्रणाली प्रदर्शन

# कहीं से भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में वोटिंग होगा संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** अब देश में कहीं से भी अपने गृह-मूल निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना संभव होगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने प्रोटोटाइप रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) विकसित की है। इसका प्रदर्शन नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों आगामी 16 जनवरी को होगा। इस अवसर पर आयोग की तकनीकी विशेषज्ञ समिति के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग ने रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से गृह नगर से देश में अन्यत्र रह रहे नागरिकों को रिमोट वोटिंग की सुविधा देने पर काम शुरू किया है। इससे देश में कहीं से भी अपने गृह-मूल निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना संभव होगा। प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए वापस अपने गृह राज्य-नगर जाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। आयोग ने अत्याधुनिक मशीन विकसित कर ली है। एक रिमोट पोलिंग बूथ से ही 72 निर्वाचन क्षेत्रों तक का मतदान संभव होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रोटोटाइप आरवीएम के प्रदर्शन के लिए राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया है। जिसमें उनसे प्रोटोटाइप आरवीएम की कानूनी प्रक्रियात्मक, प्रशासनिक और प्रौद्योगिक चुनौतियों पर राय जानी जायेगी।

### बिरसा मुंडा स्टेडियम का उद्घाटन मैच ओड़िशा-झारखंड में

# दुनिया का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम विश्वकप को तैयार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ओड़िशा के राउरकेला में बना विश्व का सबसे विशाल बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम स्टेडियम पांच को राष्ट्र को समर्पित होगा। 13 से वर्ल्ड कप हॉकी के मुकाबलों के लिए यह तैयार है। इसके पहले 5 जनवरी को जब इस स्टेडियम का उद्घाटन होगा, तो यह तारीख ओडिशा और झारखंड के खेल इतिहास में यादगार क्षण के रूप में दर्ज हो जायेगी। स्टेडियम के उदघाटन के मौके पर यहां हॉकी का पहला मैच झारखंड और ओड़िशा की जूनियर पुरुष टीम के बीच खेला जायेगा।



**भगवान बिरसा के नाम पर है स्टेडियम :** उल्लेखनीय है कि इस स्टेडियम का नामकरण देश के महान जनजातीय नायक और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर किया गया है। बिरसा मुंडा की जन्मभूमि और कर्मक्षेत्र झारखंड है, लेकिन अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उनके उलगुलान (क्रांति) की चेतना देश के कई हिस्सों में फैली थी। जनजातीय समाज में उन्हें भगवान का दर्जा दिया जाता है।

राउरकेला में निर्मित दुनिया का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम उन्हीं की पावन स्मृतियों को समर्पित है। 15 एकड़ में फैला यह स्टेडियम दुनिया का पहला इको फ्रेंडली हॉकी स्टेडियम है। स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता 27 हजार है। इसकी खासियत यह है कि यहां हर सीट की बनावट ऐसी है कि दर्शक दुनिया के किसी भी स्टेडियम के मुकाबले मैदान के ज्यादा करीब होंगे।

(शेष पेज 11 पर)

# डाउन स्ट्रीम प्रोजेक्ट में निवेश जारी रखेगी टाटा स्टील : टीवी नरेंद्रन

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड के जमशेदपुर स्टील प्लांट अब उत्पादन और विस्तार के चरम बिंदु पर पहुंच गया है। दुनिया में जमशेदपुर को छोड़ शायद ही कोई 10 मिलियन टन सालाना उत्पादन क्षमता वाला प्लांट आबादी के बीच उत्पादनरत हो। इसलिए टाटा स्टील अब अपने जमशेदपुर स्टील प्लांट की जगह अपनी सहयोगी डाउन स्ट्रीम उद्योगों टिनप्लेट कंपनी, आइएसडब्ल्यूपी एवं अन्य उद्योगों में निवेश कर रही है जिससे शहर में नये अवसर पैदा होंगे।



**एकीकरण प्रक्रिया पूरी :** एक सवाल पर उन्होंने कहा कि टाटा स्टील ने भूषण स्टील, उषा मार्टिन और निलांचल स्टील के अधिग्रहित स्टील प्लांटों के सिनर्जी और एकीकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इन प्लांटों की उत्पादन क्षमता का भरपूर उपयोग टाटा स्टील कर रही है। नीलांचल स्टील के अधिग्रहण से पूर्व उसका प्लांट बंद पड़ा हुआ था। हमारी टीम ने दिन-रात एक करके तीन माह पूर्व उसमें दुबारा उत्पादन शुरू कर दिया है। इसके पूर्व टाटा स्टील के जमशेदपुर प्लांट में केक कटिंग समारोह में गत रविवार को ग्लोबल सीइओ ने कहा कि टाटा स्टील अपनी मौजूदा 20 मिलियन टन स्टील उत्पादन क्षमता को 2030 तक 40 मिलियन टन करने का लक्ष्य लेकर उत्पादन क्षमता बढ़ा रही है। तय अवधि में यह क्षमता कंपनी हासिल कर लेगी।

### टाटा को मॉडल टाउन बनाये रखेगी कंपनी

कंपनी के ग्लोबल सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन न्यू ईयर केक कटिंग सेरेमनी में पत्रकारों से से कहा कि टाटा स्टील के दिल में जमशेदपुर शहर के प्रति लगाव और प्राथमिकता आगे भी बनी रहेगी। जमशेदपुर को कंपनी एक मॉडल और आइडियल टाउनशिप की नजर से देखती है। कंपनी शहर में लोगों का जीवन स्तर उन्नत करने और हरियाली एवं बायो डायवर्सिटी के निरंतर विकास के लिए नित्य नयीं सुविधाएं जुटाने के साथ-साथ आधारभूत संरचनाओं के विकास को प्राथमिकता देती रहेगी। शहर को जीवंत बनाये रखने के लिए फ्लावर शो, डॉग शो, कार्निवाल , खेल गतिविधियों का आयोजन करती रहेगी। टाटा स्टील के साथ-साथ यहां रहने वाल समुदाय को जिम्मेदार नागरिक के रूप में शहर के विकास में योगदान सुनिश्चित करना होगा।

# जम्मू में आतंकी हमले में 2 दिनों में 6 हिंदू मारे गये

### आधार कार्ड चेक कर की हत्याएं, नवजात को भी मार डाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्रीनगर।** जम्मू में राजौरी जिले के डांगरी गांव में सोमवार सुबह आतंकियों ने आइइडी से धमका कर दो बच्चियों को मार डाला। धमाके में पांच से अधिक लोग घायल हैं। धमाका उन 3 घरों में से एक में हुआ, जहां रविवार शाम आतंकवादियों ने फायरिंग कर चार हिंदुओं की जान ले ली थी। आतंकी लोगों का आधार कार्ड देख-देख कर हत्याएं कर रहे हैं। क्रूर आतंकवादी नवजात को भी नहीं छोड़ते, उन्हें भी मार डालते हैं। लोगों का कहना है कि यहां के अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अब सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि रविवार शाम आतंकवादी आये और लोगों को घरों से बाहर निकाला। वे सभी का आधार कार्ड देख रहे थे। इसके बाद उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

(शेष पेज 11 पर)

## शपथ पत्र

मैं दृष्टिराज मिश्रा, उम्र 27 वर्ष, पिता राजकुमार मिश्रा, निवास स्थान अरसण्डे, कांके ब्लॉक पोस्ट कांके थाना कांके जिला रांची राज्य झारखंड शपथ पूर्वक ध्यान करता हूं कि नीचे लिखे सारी बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं।
2. यह कि उपरोक्त पते का निवासी हूं।
3. यह कि मैंने मैट्रिक कक्षा दस तक की पढ़ाई संत जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल पिस्का नगड़ी रांची झारखंड से की है।
4. यह कि उपरोक्त शिक्षा का मूल प्रमाण पत्र, एडमिट कार्ड, माईग्रेशन, सर्टिफिकेट,आचरण प्रमाण पत्र कुलर के उपर रखा हुआ था। उससे सारा प्रमाण पत्र रखी हुई कुलर से जलती हुई कुलर सहित जल गया।
5. यह कि उक्त प्रमाण पत्र संबंधित थाना से सन्हा दर्ज कराने हेतू यह शपथ पत्र दे रहीं है।
6. यही कि उपरोक्त सभी बातें सत्य एवं सही है।

यह शपथपत्र आज दिनांक 23– 12– 2022 ई रांची में किया गया है।

## सीएम से मिले डीजीपी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय में पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा ने मुलाकात की। मौके पर दोनों ने एक-दूसरे को नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-एएस-सेट-22-22, दिनांक 30.12.2022;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे दिनांक 23.01.2023 को अपराह्न 5.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोली जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम:** रांची मंडल के अधीन विद्युतीय सम्पत्तियों तथा केबल की प्रतिस्थापना। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 52,82,358.42; **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 1,05,700; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 23.01.2023 को अपराह्न 5.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **https://www.ireps.gov.in**/निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-970)

झारखण्ड सरकार

**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/1202/2022-23
दिनांक :– 31.12.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत ईचाक (करियातपुर) से झुमरा पथ कि.मी. 0.00 से कि.मी. 9.30 (कुल लम्बाई 9.30 कि.मी) तक का राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य। वर्ष 2022–23 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रू. 7,12,69,900.00 (सात करोड़ बारह लाख उनहत्तर हजार नौ सौ रूपये) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 24.01.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 31.01.2023 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 9431326172 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eerodhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 286464 Road (22-23)_D


## मिशन 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा, चाईबासा से होगी शुरुआत

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में 7 जनवरी को भाजपा करेगी चुनावी शंखनाद

**उदय चौहान**

**रांची।** भाजपा हर चुनाव को गंभीरता से लेती रही है। इसलिये, 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर अभी से रणनीतिक बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले गृह मंत्री अमित शाह सात जनवरी को कोल्हान से चुनावी शंखनाद करने वाले हैं। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीचंद दीक्षित, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहेंगे। भाजपा 2023 में ही मिशन 24 की तैयारी में जुट गयी है। भाजपा इस बार झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों को फोकस कर रही है। मालूम हो कि पिछले चुनाव में भाजपा को 11 और उसकी सहयोगी पार्टी आजसू को एक सीट मिली थी। जबकि झामुमो और कांग्रेस को एक-एक सीट मिली थी। जिस कोल्हान में अमित शाह रैली करने आ रहे हैं वहां से कांग्रेस की गीता कोड़ा सांसद चुनी गयी हैं। अमित शाह के दौरे को लेकर सोमवार से बड़े नेताओं का चाइबासा पहुंचना शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के नेतृत्व में कई



दिग्गज चाईबासा में तीन जनवरी से ही कैंप करेंगे। कार्यक्रम के लिए पार्टी को तैयारी का समय बहुत कम मिला है। ऐसे में सभी बड़े नेता अलग-अलग मंडलों में जाकर बैठकें करेंगे।आमसभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल कराने की अपील करेंगे। बिहार भाजपा के सह प्रभारी हरीश द्विवेदी और क्लस्टर प्रभारी तथा केंद्रीय मंत्री राय साहब दानवे पाटिल भी भाग लेंगे।

उल्लेखनीय है कि अमित शाह 7 जनवरी की सुबह 11 बजे रांची आयेंगे। वे एयरपोर्ट से ही हेलीकॉप्टर से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### भाजपा ने जनाधार बढ़ाने का तय किया है फॉर्मूला

झारखंड में नये सिरे से राजनीतिक सरगर्मी तेज करने के लिए भाजपा ने फॉर्मूला तय किया है। इसी के निमित्त पार्टी की गतिविधि तेज की गयी है। दिसंबर 2022 में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल अपने तीन दिनी प्रवास के दौरान सांगठनिक व्यवस्था दुरूस्त करने का मंत्र दिया था। उन्होंने अपने प्रवास के दौरान वरीय नेताओं को राजनीतिक सफलता का मंत्र पढ़ाया था। भाजपा ने मिशन 24 की शुरूआत कोल्हान से करने के पीछे खास तर्क है। वर्ष 2019 से पहले के विधानसभा चुनाव में कोल्हान प्रमंडल की लगभग सभी 14 विधानसभा सीटों पर भाजपा का दबदबा हुआ करता था लेकिन पिछले चुनाव में पार्टी की स्थिति डांवाडोल हो गई। इस प्रमंडल में भाजपा का खाता भी नहीं खुला था। स्थिति यह हुई थी कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार के मुखिया रहे रघुवर दास और तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा को भी हार का सामना करना पड़ा था। जबकि सच्चाई यह है कि अलग राज्य बनने के बाद भाजपा के तीन मुख्यमंत्रियों में से दो कोल्हान क्षेत्र से ही आते थे। कोल्हान से मिशन 24 की शुरूआत के साथ ही भाजपा राज्य के अन्य जिलों में प्रवास कार्यक्रम शुरू करेगी।

## प्रोन्नति पाने वाले 2010 बैच के आइपीएस अधिकारियों को डीजीपी ने पहनाया बैज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा ने सोमवार को प्रोन्नति पाने वाले 2010 बैच के आईपीएस को झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बैज पहनाया। मौके पर डीजी ट्रेनिंग अनुराग गुप्ता, एडीजी मुख्यालय, एडीजी आरके मल्लिक समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

बीते 30 दिसंबर को झारखंड कैडर के 2010 बैच के नौ आइपीएस अधिकारियों को सेलेक्शन ग्रेड में प्रोन्नति दी गई थी। वर्तमान में सभी एसपी हैं। अब उन्हें कहीं भी प्रभारी डीआइजी बनाया जा सकता है। प्रोन्नति के बाद फिलहाल वे अपने वर्तमान पद पर ही बने रहेंगे। इधर, यह भी खबर है कि राज्य पुलिस में कुछ जिलों व रेंज डीआईजी के पद पर जनवरी के पहले सप्ताह में बदलाव होंगे।

**इन अधिकारियों को सेलेक्शन ग्रेड में मिली प्रोन्नति :** जिन अधिकारियों को सेलेक्शन ग्रेड में प्रोन्नति मिली है, उनमें जैप वन के कमांडेंट वाइएस रमेश, सीआइडी के एसपी साइबर अपराध कार्तिक एस, एटीएस के एसपी सुरेंद्र कुमार झा, हजारीबाग के एसपी मनोज रतन चौथे, सीआइडी की एसपी संध्या रानी मेहता, जैप 10 के समादेष्टा धनंजय कुमार सिंह, जैप-4 के समादेष्टा अश्विनी कुमार सिन्हा, एसपी झारखंड जगुआर शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल व एसीबी के एसपी कुमार रविशंकर हैं।

## आइजी असीम विक्रांत मिंज, डीआइजी अनीश गुप्ता समेत 33 पुलिस अफसरों, कर्मियों को मिला पदक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आईजी असीम विक्रांत मिंज, डीआईजी अनीश गुप्ता समेत 33 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को पदक मिला है। झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को विशिष्ट सेवा के प्राप्त प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा सम्यक विचारोपरांत विशिष्ट सेवा के लिए झारखंड राज्यपाल पदक, वीरता के लिए मुख्यमंत्री पदक और सराहनीय सेवा के लिए झारखंड पुलिस पदक से पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया गया। इसके तहत विशिष्ट सेवा के लिए झारखंड राजयपाल पदक से एसआई, गणेश चंद्र पान एवं झारखंड जगुआर (एसटीएफ) रांची को सम्मानित किया गया। वहीं वीरता के लिए झारखंड मुख्यमंत्री पदक से एसआई राजीव कुमार भगत और दिव्य प्रकाश को सम्मानित किया गया।

**सराहनीय सेवा के लिए झारखंड पुलिस पदक :** आईजी असीम विक्रान्त मिंज, डीआईजी, अनीश गुप्ता, डीएसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी दीपक कुमार शर्मा, डीएसपी मुकेश कुमार, डीएसपी दीपक कुमार पांडे, अशरद खां, सुदामा सिंह, सुखराम उरांव, मुकुंद बानरा, अंशलेम फ्रांसिस सोए, बिहारी मरांडी, ईश्वरी सिंह, सुबोध कुमार, विनय कुमार पांडे, बांधना उरांव, इसहाक डोडराय, प्रशांत महतो, रमाशंकर कुमार, अमित गुरुंग, इमानुएल टूडू जारका कोरबा, धर्मेंद्र कुमार, दुर्गा उरांव, कुंवर मुंडा, अजय सिंह, भूषण शर्मा अंजुला कुजुर, अनुपा कुमारी और सूर्य बहादुर धर्ती को झारखंड पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।


झारखण्ड सरकार

**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–भण्डरा, थाना–भण्डरा, थाना नं0–237, अंचल–भण्डरा, जिला–लोहरदगा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना "लोहरदगा जिलान्तर्गत "भण्डरा (**MDR-001** पर)–सेन्हा (**SH-08** पर) पथ (कुल लम्बाई 23.518 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/ पुनर्निर्माण कार्य (पुलों के निर्माण एवं भू–अर्जन सहित)" परियोजना अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी प्रशासन के रूप में नियुक्ति किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–भण्डरा, थाना–भण्डरा, थाना नं0–237, अंचल–भण्डरा, जिला–लोहरदगा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.762 एकड़ यानि 0.308 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है.........................

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 69 | 645 | रैयती | टॉड दो | 0.067 | चरवा उरॉव, पिता–लखना उरॉव, जाति– उरॉव | उ0–644, द0–रास्ता, पु0–646, प0–1405 |
| 2 | 96 | 646 | रैयती | टॉड दो | 0.045 | नन्द किसोर साह, वो ईश्वर साह, पिता–शिबु साह, जाति– हलवाई, राजेश गुप्ता, वो उमेश साहु, वो रमेश साहु, पिता–रामसेवक | उ0–644, द0–रास्ता, पु0–647, प0–645 |
| 3 | 245 | 647 | रैयती | टॉड दो | 0.020 | शेख हैदर अली, वो शेख वाजिद अली, पिता–शेख अली वक्स, जाति– मुसलमान एवं वो शेख अब्दुल मजीद उर्फ कैलु, पिता– शेख रहीम वक्स, जाति– मुसलमान एवं वो शेख घसीर, पिता– शेख वगै0 | उ0–644, द0–रास्ता, पु0–648, प0–646 |
| 4 | 245 | 648 | रैयती | टॉड दो | 0.067 | वो शेख अब्दुल मजीद उर्फ कैलुवो शेख घसीरवो शेख वाजिद अलीवशेख हैदर अली, इरसाद अंसारी, पिता–रोजामत अंसारी, जाति– मोमीन मानिक, मो इरसाद, ———रोजामत अंसारी, सफीक | उ0–644, द0–रास्ता, पु0–649, प0–647 |
| 5 | 65 | 649 | रैयती | टॉड दो | 0.057 | चमरा अहीर, पिता–हरखु अहीर, जाति– अहीर एवं वो कृष्णामणि अहीर, वो फनि अहीर, पिता–रामधन अहीर, जाति– अहीर एवं वो धीरजु अहीर, पिता–हनु अहीर, जाति– अहीर एवं वो मुस्मात पचु वगै0 | उ0–642, द0–रास्ता, पु0–653, प0–643 |
| 6 | 243 | 653 | रैयती | टॉड दो | 0.053 | विजय उरांव, पिता–मंगरा उरॉव, नीलरतन भगत, पिता–रामनंदन भगत, रमचंद्र सिंह, पिता–स्व० जंगली सिंह, सुनीता उरॉव, पति–गेन्दवा उरॉव, रामनन्दन भगत, पिता–जलेश्वर भगत, प्रभा देवी, पति–रुपदेव लोहरा | उ0–651, द0–रास्ता, पु0–654, प0–649 |
| 7 | 64 | 654 | रैयती | टॉड दो | 0.029 | चमरा महतो, पिता–हरखु महतो, लीलावती देवी, पति–नीलरतन भगत ,कलावती उराईन, पति–विजय उरॉव | उ0–642, द0–रास्ता, पु0–655, प0–653 |
| 8 | 84 | 655 | रैयती | टॉड दो | 0.046 | झरीयो उराईन, पिता–सोमरा उरॉव, जाति– उरॉव एवं वो बोधे उरॉव, पिता–कुदराम उरॉव, जाति– उरॉव | उ0–रास्ता, द0–रास्ता, पु0–656, प0–654 |
| 9 | 32 | 658 | रैयती | टॉड दो | 0.015 | कैरा उरॉव, वो भुगलू उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव, जाति– उरॉव एवं वो बसुआ उरॉव, वो बन्धे उरॉव, पिता–सोमरा उरॉव, जाति– उरॉव | उ0–रास्ता, द0–669 पु0–659, प0–1578 |
| 10 | 203 | 659 | रैयती | टॉड दो | 0.022 | सुन्दर उरॉव, पिता–बिरसा उरॉव, जाति– उरॉव एवं वो सुकरा उरॉव, पिता–सोमरा उरॉव, जाति– उरॉव | उ0–रास्ता, द0–669 पु0–660, प0–658 |
| 11 | 69 | 661 | रैयती | टॉड दो | 0.027 | चरवा उरॉव, पिता–लखना उरॉव, जाति– उरॉव | उ0–रास्ता, द0–660 पु0–662, प0–659 |
| 12 | 143 | 662 | रैयती | टॉड दो | 0.054 | बुधुआ उरॉव, पिता–बिगा उरॉव, जाति– उरॉव एवं वो सोमा उरॉव, वो महादेव उरॉव, पिता–एतवा उरॉव, जाति– उरॉव | उ0–रास्ता, द0–665 पु0–692, प0–661 |
| 13 | 65 | 697 | रैयती | टॉड दो | 0.047 | चमरा अहीर, पिता–हरखु अहीर, जाति– अहीर एवं वो कृष्णामणि अहीर, वो फनि अहीर, पिता–रामधन अहीर, जाति– अहीर एवं वो धीरजु अहीर, पिता–हनु अहीर वगै0 | उ0–रास्ता, द0–696 पु0–699, प0–696 |
| 14 | 191 | 698 | रैयती | टॉड दो | 0.085 | राम मोहन कहार, पिता–कोल्हान कहार, | उ0–रास्ता, द0–697 पु0–702, प0–700 |
| 15 | 38 | 702 | रैयती | टॉड दो | 0.052 | कंचन उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव, जाति– उरॉव एवं वो बोलो उरॉव, पिता–बिजुआ उरॉव, जाति– उरॉव | उ0–रास्ता, द0–703 पु0–698, प0–701 |
| 16 | 171 | 703 | रैयती | टॉड दो | 0.030 | भुनी साह, पिता–देवधर साह, जहीर अंसारी, पिता–अलीजान अंसारी, शेख हजरत, पिता–शेख सुभान, | उ0–रास्ता, द0–702 पु0–704, प0–701 |
| 17 | 59 | 693 | रैयती | टॉड दो | 0.046 | शेख छसीट, पिता–षेख मौला, जाति मुसलमान निवासी एवं पत्रालय नियास | उ0–रास्ता, द0–692, 694 पु0–697, प0–662 |
| | कुल रकबा :– | | | | 0.762 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यवधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा। | अपर समाहर्त्ता, लोहरदगा | उपायुक्त, लोहरदगा

PR.NO.286479 Lohardaga(22-23):D


## कुरैश समाज ने सीएम को लिखा मांग पत्र

**रांची।** झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक मांग पत्र लिखा है। जिसमें प्रदेश में कुरैश समाज के लिए झारखंड सरकार के बोर्ड निगम में भागीदारी सुनिश्चित करने का अग्राह किया गया है। पत्र में कहा गया है कि झारखंड में मुसलमानों में दूसरी सबसे बड़ी बिरादरी कुरैश समाज की है। पिछड़ी जाति कुरैश बिरादरी को सीएनटी में रखा गया है। परन्तु सरकार की ओर से बोर्ड व निगम में हिस्सेदारी नहीं दी गयी है। कुरैश समाज महागठबंधन के झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी घटक दलों का हमेशा समर्थन करते रहे हैं लेकिन, गठबंधन की ओर से हमेशा ठगने का काम किया गया है। इस बार कुरैश समाज के व्यक्ति जो गठबंधन के किसी भी दल का हो उन्हें अल्पसंख्यक आयोग का चेयरमैन बनाया जाये। मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी जल्द ही संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सरकार की अनदेखी पर कोई बड़ा निर्णय लेंगे। ज्ञात हो कि झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश ने रोजगार के संबंध में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सरकार के कई मंत्रियों से कई बार मिलकर समाज की समस्याओं से अवगत कराया है।

### कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मंत्री आलमगीर आलम से मिला

# मॉब लिंचिंग विधेयक को सदन से दोबारा पारित कराने की मांग

**राज्यपाल ने कुछ आपत्तियों को लेकर लौटा दिया था विधेयक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सदन से पारित मॉब लिंचिंग विधेयक को सदन से दोबारा पारित कराने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कांग्रेस मंत्री आलमगीर आलम से उनके आवास पर मिलकर ज्ञापन सौंपा। शहजादा अनवर ने कहा कि सरकार ने 2021 में मॉब लिंचिंग पर विधानसभा से विधेयक पारित कर राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा जो एक स्वागतयोग्य कदम था लेकिन राज्यपाल ने कुछ आपत्ति जताकर विधेयक को वापस कर दिया। एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी महागठबंधन की सरकार दोबारा विधेयक को पारित करने के दिशा में कोई पहल नहीं की, जबकि सर्वोच्च न्यायालय का भी स्पष्ट निर्देश है कि राज्य सरकार मॉब लिंचिंग के विरुद्ध कानून बनाने को स्वतंत्र है। उन्होंने मंत्री आलमगीर आलम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से आग्रह किया है कि मुख्यमंत्री से समन्वय स्थापित कर विधेयक को दोबारा से राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाये। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में अब तक 50 से अधिक लोगों की हत्या हुई है और इन हत्याओं में सभी समुदाय के लोग शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने वाले में 15 जिलों के प्रतिनिधि के अलावा बंधु तिर्की व जलेश्वर महतो विशेष रूप से शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल में शमशेर आलम, मो. इसराफिल, शमशेर आलम अंसारी, जमील अहमद अंसारी, जावेद रजा, ऐनुल हक अंसारी, जहीर अंसारी, इम्तियाज अहमद, आसिफ रजा, मोहम्मद नूर, मो. दिलदार अंसारी, साजिद अली, तस्लीम अंसारी, मोहन, ओबेदउल्लाह हक अंसारी, मो. ऐनुल होदा, सलाम अंसारी, शाबाद अहमद, मोहम्मद इब्राहिम जाहरी, तनवीर आलम, मो. अख्तर कासमी, मो. वासिद आवेश अख्तर, फिरोज आलम, जका उल्लाह, मो हबीब उल्लाह, कयामुद्दीन अंसारी, इनामुल हक, जाकिर अख्तर, शहजाद खान, सईद अन्सारी, हशमत उल्लाह, मोहम्मद साजिद, सलमान अंसारी शामिल थे।

## श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन तीर्थ स्थल घोषित करे राज्य सरकार : सेठ

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने जैन समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पारसनाथ को पर्यटन स्थल नहीं तीर्थ स्थल ही रहने देने की मांग की है। सांसद सेठ ने कहा कि परासनाथ जैन समुदाय के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। यहां दर्जनों जैन मुनियों, तीर्थकारो ने तपस्या की और मोक्ष की प्राप्ति की है। श्री सम्मेद शिखरजी की पवित्रता को बनाये रखने के लिए झारखंड सरकार को अपना फैसला वापस लेना चाहिए। मालूम हो कि राज्य सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र घोषित किए जाने के बाद से ही जैन समाज में रोष है। पूरे देश भर के जैन समाज सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री सेठ ने कहा कि पारसनाथ मंदिर सहित जैन समाज की पूजा विधि बहुत ही स्वच्छ और पवित्रता पूर्ण तरीके से होती है। इनकी पूजा पद्धति को ध्यान में रखते हुए पर्यटन स्थल की घोषणा कहीं से भी उचित प्रतीत नहीं होता है। पर्यटन स्थल घोषित होने से यहां के पवित्रता एवं मंदिर की व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। राज्य सरकार जैन समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सम्मेद शिखरजी को धार्मिक स्थल ही रहने दे।

# छोटे अपराध में वर्षों से सजा काट रहे कैदियों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करे सरकार : बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि विचाराधीन और छोटे अपराध में जेल में बंद कैदियों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार सहित प्रदेश के सभी जेलों में आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों सहित सभी वर्गों के कई वैसे कैदी न्याय की आस में बंद हैं, जिनका मामला लंबे समय से न्यायालय में सुनवाई के लिए विचाराधीन अथवा लंबित है। जहां मामूली अपराधों के लिए उन्हें जेल में रहते हुए लंबा समय बीत गया, पर आर्थिक या अन्य कारणों से संबंधित अदालतों की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से पूरा नहीं कर



पाए और अबतक जेल में बंद हैं। इन कैदियों की रिहाई पर सरकार को विचार करना चाहिए।

बंधु तिर्की ने कहा है कि अपने क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश से उन्हें वैसी जानकारी और सूचनाएं मिलती हैं, जो दिल को झकझोर देती है। संवेदना एवं मानवता के आधार पर वैसे मामलों को गंभीरता से देखने की जरूरत है। उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार के विधि विभाग के सक्षम अधिकारियों से इस मामले पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि इस दिशा में सार्थक और सकारात्मक कदम बढ़ते हैं, तो न केवल सभी को बिना पक्षपात के शीघ्र न्याय देने का भारतीय संविधान का उद्देश्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी, बल्कि अनेक दृष्टि से कमजोर उन साधनहीन कैदियों की दुआ-प्रार्थना भी मिलेगी।

### विचाराधीन कैदियों का मामला बेचैन करनेवाला

पूर्व मंत्री ने कहा कि वर्षों से विचाराधीन उन कैदियों के मामले भी बेचैन करनेवाले हैं, जहां छोटे–छोटे लड़ाई–झगड़े, मारपीट जैसे मामलों में गिरफ्तार विचाराधीन कैदी जेल में हैं। वे केवल अदालत की प्रक्रिया को पूरा न करने जैसे कारणों से ही जेल में बंद हैं। इसके अलावा अनेक मामले वैसे भी हैं, जहां केवल कुछ पैसे के अभाव में उनके परिवार के सदस्य अदालती प्रक्रिया से बचते हैं क्योंकि उन्हें इस बात की चिंता है कि यदि अदालती कार्रवाई में उनके पास की थोड़ी–बहुत धन–संपत्ति भी चली जायेगी तो वे अपना जीवन कैसे गुजारेंगे।

### नये साल में दृढ़ संकल्प लेने की जरूरत

बंधु तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार के 3 साल सफलता के साथ पूरे हो चुके हैं। सरकार चौथे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। विवादों से दूर रहकर आपसी सौहार्द –सहमति के साथ रहने की अपील करते हुए कहा कि नये साल में दृढ़ संकल्प लेने की जरूरत है।

### विधिसम्मत कार्रवाई की अपील

बंधु तिर्की ने कहा कि न्याय की आस में जेल में बंद अनेक विचाराधीन कैदियों के मामले दिलचस्प एवं संवेदना से भरे हैं। यदि उन मामलों में उन्हें सजा भी सुनाई जाती है तो वह छोटी अवधि की होगी और उससे कई गुना अधिक सजा वह पहले ही काट चुके होते हैं। वैसे कैदियों और उनके परिवार की परेशानी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बंधु तिर्की ने कहा कि इस संदर्भ में वे झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों से सकारात्मक दिशा में प्रयास की अपेक्षा के साथ ही राज्य सरकार और विशेष रूप से विधि विभाग के अधिकारियों से विधिसम्मत कार्रवाई की अपील के साथ एक विस्तृत प्रतिवेदन बनाकर राज्य सरकार के साथ ही न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की अपेक्षा रखते हैं।

मछली घर में सात दिवसीय कार्निवल का रंगारंग समापन

# खईके पान बनारस वाला सॉन्ग में करण कुमार बने बनारसी बाबू



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में कार्निवाल का सोमवार को रंगारंग समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सीपी सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कार्निवाल के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में कंपटीशन की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि रांची में कार्निवल का सबको लंबे समय से इंतजार रहता है। अपार्टमेंट कल्चर में सिमट रहे लोगों को कार्निवल के आयोजन के जरिये खुली हवा में सांस लेने का मौका मिलता है।

इस अवसर पर श्री सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया और मोमेंटो भी प्रदान किया। आज अंतिम दिन का मुख्य आकर्षण इवनिंग विद डीजे उदय देवा था। डीजे उदय देवा ने भी अपने 2 घंटे के परफॉर्मेंस में लोगों को झूमा डाला। देर शाम तक लोग डीजे के धुन पर थिरकते रहे। इसके अतिरिक्त बेस्ट सलवार सूट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें प्रतिभागियों ने ओ लाल दुपट्टे वाली गीत की धुन पर रैंप वॉक किया। खईके पान बनारस वाला की धुन पर लोगों के बीच आज पान खाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज ब्लैक आउटफिट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।बड़ी संख्या में लोग काले कपड़ों में आए थे। लकी ड्रॉ में किशोरगंज के प्रिंस कुमार को एलईडी टीवी प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वालों में एक्वा वर्ल्ड ग्रुप चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, को चेयरमैन डॉ विद्या झा शाहदेव, निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल, शुभोजित, बिट्टू, गौरव अग्रवाल, रवि सिंह, सुमित, धीरज, संतोष, लोकेश,श्वेता, ईशा वर्मा, चंदन, अंजू, संगीता, शीतल, अमीषा, नंदनी, सपना, मुस्कान, रिया, कोमल, अमीषा, तान्या, कोमल सिंह आदि शामिल थे।

अब तक 50 हजार से अधिक लोग आ चुके हैं मेले में

# लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन चुका है खादी मेला : बेसरा

**राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2022-2023**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मोरहाबादी में चल रहे राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2022-23 में अब तक 50 हजार से अधिक लोग आ चुके हैं। एक करोड़ से अधिक का मुनाफा हो चुका है। मेला के समापन तक अच्छी कमाई होने की उम्मीद है। झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सीईओ राखल चंद्र बेसरा ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में ये बातें कहीं।

उन्होंने बताया कि 28 दिसंबर 2022 को मुख्यमंत्री ने खादी मेले का उद्घाटन किया था। छह दिन बीत चुके हैं, लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। मेला 12 दिनों तक चलेगा। मेले में झारखंड के साथ-साथ अन्य राज्यों के स्टॉल में हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे है। मेले में कपड़े की हर तरह के रेंज उपलब्ध हैं।



**320 स्टॉल लगाये गये हैं :** खादी मेले में कुल 2 हैंगर में 8 सेक्शन बनाये गये है, जिनमें 320 स्टॉल लगाये गये हैं। सरस और जेएसएलपीएस के पार्टनरशिप में 120 स्टॉल लगाये गये हैं। 33 फुट कोर्ट बनाये गये हैं, जिनमें 6 सरस के लिए दिया गया है। वहीं 71 सरकारी स्टॉल भी लगाये गये हैं। रेशम निदेशालय की ओर से लगे स्टॉल में सिल्क कैसे बनाया जाता है, उसे दिखाया गया है। मेले में बिरसा मुंडा सभागार मंडप में कला, संस्कृति विभाग और खादी बोर्ड द्वारा रोजाना दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता है। मेले में गांधी संग्रहालय भी बनाया गया है, जो मेले मेंआकर्षण का केंद्र है। वहीं लाइव डेमो द्वारा सूत से कपड़ा निर्माण का लाइव प्रसारण किया जा रहा है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

रांची के उपायुक्त को दिया गया निर्देश

# सीआरपीएफ के शहीद जवान के परिजनों को अब मिलेगा मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा को नक्सली हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट शशि भूषण तिर्की के परिजनों को 10 लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश सरकार के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने दिया। प्रधान सचिव ने आदेश जारी कर असिस्टेंट कमांडेंट की पत्नी पुष्पा तिर्की को मुआवजा देने की बात कही है।

सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट शशि भूषण तिर्की छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 12 फरवरी 2022 को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित बासागुड़ा थाने के डोंगल चिंता नामक नाला के पास माओवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। वहीं, जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में शशि भूषण शहीद हो गए. शहीद जवान के परिवार वाले रांची के डिबडीह में रहते है।

**रांची के लाल की शहादत पर परिवार में मचा था कोहराम :** बता दें कि राजधानी रांची के डिबडीह के रहने वाले असिस्टेंट कमांडेंट शशि भूषण के शहीद होने की सूचना मिलने पर रांची में कोहराम मच गया था। जहां पत्नी पुष्पा बार-बार बेहोश हो जा रही थी। वहीं, परिवार के अन्य सदस्यों का भी बुरा हाल था। आसपास के लोग और रिश्तेदारों ने उन्हें संभाला। हालत ऐसी थी कि परिवार के लोग बातचीत करने की स्थिति में नहीं थे। शहीद शशि भूषण तिर्की ने साल 2003 में सीआरपीएफ ज्वाइन किया था। साल 2014 में प्रमोशन पाकर असिस्टेंट कमांडेंट बने थे।

बांग्लादेश, थाईलैंड, नेपाल, भूटान समेत 6 देशों के प्रतिनिधि आयेंगे

# आरयू में होगा अंतरराष्ट्रीय जनजातीय सम्मेलन : वीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि नये साल में नया संकल्प के साथ काम किया जायेगा। यूनिवर्सिटी नये साल में अंतरराष्ट्रीय जनजातीय सम्मेलन करने जा रही है। सम्मेलन में भारत समेत छह देशों बांग्लादेश, थाईलैंड, नेपाल और भूटान व आसपास के जनजातीय बहुल देश के प्रतिनिधियों को बुलाया जाएगा। छत्तीसगढ़, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पठन-पाठन के साथ ही अन्य कार्य समय पर पूरे किये जायेंगे। विश्वविद्यालय का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है। नए सत्र में पढ़ाई, खेलकूद, परीक्षा से लेकर हर कार्यक्रम के लिए तिथि तय कर दी गयी है। हर हाल में कैलेंडर के आधार पर काम संपन्न कराने का प्रयास किया जायेगा। एक जुलाई से नया सत्र शुरू होने जा रहा है। सीबीएससी का रिजल्ट आते ही सारी प्रक्रिया सुचारू रूप से चलने लगेगी।

**कुलपति ने तय किया लक्ष्य, एनटीए लेगी प्रवेश परीक्षा :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) प्रवेश के लिए परीक्षा लेगी। इसके बाद स्कोर के आधार पर विद्यार्थियों के लिए कॉलेज आबंटित किया जाएगा। वहीं रांची विश्वविद्यालय स्टेट लेबल की प्रवेश परीक्षा भी लेगी, जिसके आधार पर विद्यार्थियों का नामांकन लिया जाएगा। कोर्स पूरा करने के लिए विद्यार्थियों को हर हाल में क्लास अटेंड कर पढ़ाई पूरी करनी होगी।

**विवि के शिक्षक किये जायेंगे ट्रेंड**

पिछले दिनों नई शिक्षा नीति को लेकर राज्य भर के लगभग सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति के साथ बैठक की गयी थी। राजकीय अतिथिशाला में हुई इस बैठक में पता चला कि नई शिक्षा नीति को लेकर किसी के पास कोई जानकारी थी ही नहीं। इसलिए हम अपने विश्वविद्यालय के शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के बारे में प्रशिक्षित करेंगे, ताकि वो विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दे सकें।

**नैक को लेकर विवि तैयार**

कुलपित ने कहा कि इस साल मई में नैक करवाये जायेंगे, इसके लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं। हम एकेडमिक कैलेंडर को पूरी तरह से ठीक करने में लगे हैं। रांची विश्वविद्यालय के नए भवन के लिए भी प्रयास जारी है। रांची विश्वविद्यालय के नए भवन के लिए लास्ट प्रजेंटेशन 6 जनवरी को है। इसके बाद ही काम आगे बढ़ेगा।

## खबर एक नजर में

### चान्हो प्रखंड के सीओ जफर हसनत सस्पेंड, अमीन पर भी कार्रवाई

**रांची।** चान्हो के अंचल अधिकारी जफर हसनत को जमीन से जुड़े एक मामले मे निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही चान्हों अंचल में कार्यरत अमीन के खिलाफ भी घूसखोरी का आरोप लगा है और इसकी शिकायत विभागीय मंत्री के अलावा उपायुक्त रांची से की गई है। आवेदनकर्ता के अनुसार जल्द ही अमीन के विरुद्ध भी कार्रवाई होगी। सरकारी जमीन पर रास्ता दिलाने के नाम पर अमीन द्वारा मोटी रकम की वसूली करने की शिकायत आवेदनकर्ता ने दी है। 6 माह बीत जाने पर भी आवेदनकर्ता को अभी तक सड़क नहीं दिलाया गया है। आवेदनकर्ता का कहना है कि अंचल कार्यालय चान्हों में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। जनता का कोई भी कार्य बिना पैसे के लेन-देन का नहीं होता है।

### महिला से छेड़खानी के दोषी को डेढ़ साल कैद की सजा, 7 हजार का जुर्माना भी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी शंभू महतो की अदालत ने घर में घुस कर महिला के साथ छेड़खानी एवं मारपीट करने से जुड़े 10 साल पुराने मामले में अभियुक्त राहुत कुमार गुप्ता को दोषी पाकर डेढ़ साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अदालत ने सात हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। घटना को लेकर चान्हो निवासी रिक्की देवी ने कोर्ट में जून 2012 में मुकदमा दर्ज कराई थी। अभियुक्त पर 31 मई 2012 को अकेली महिला के घर बच्चा खोजने के बहाने घुसा और उसके साथ उक्त घटना का अंजाम दिया। सुनवाई के दौरान परिवादी की ओर से तीन गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### पॉकेटमारों ने उड़ाया श्वेता दास का मोबाइल

**रांची।** नये साल के पहले दिन रविवार को ही पॉकेटमारों ने लक्ष्मी नगर निवासी श्वेता दास के वन प्लस मोबाईल उड़ा लिया। इस संबध में श्वेता दास ने सुखदेव नगर थाने में लिखित शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि वह पूजा करने मंदिर गयी थी। इसी दौरान किसी ने उनके मोबाइल चुरा लिया। बताते चलें कि श्वेता दास रातू रोड के फूल विक्रेता माखन दास की पत्नी हैं। साल के पहले ही दिन पॉकेटमारों ने उनके मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया।

# सीएमपीडीआइ के नौ सदस्यों को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई परिवार के सेवानिवृत्त हो चुके नौ सदस्यों को सोमवार के दिन संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित एक विदाई-सह-सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इनमें जेबा इमाम-पूर्व मुख्य प्रबंधक,सुनील कुमार-पूर्व मुख्य प्रबंधक, बीके चौधरी- पूर्व मुख्य प्रबंधक, अभिराम कुजूर-पूर्व कार्यालय अधीक्षक, गोरे लाल पासवान-पूर्व मुख्य सर्वेक्षक, मो.हदीश अंसारी-पूर्व कार्यालय अधीक्षक, कुसुम रवि-पूर्व वरीय वैज्ञानिक सहायक, सुरेश कुमार सिन्हा-पूर्व फोरमैन एवं डीएन प्रजापति-पियून शामिल हैं।

इस मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (बीडीडी/सीएमसी) आरके अमर एवं महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) चार्ल्सजस्टर ने सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्पगुच्छ, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया तथा उनके योगदान की प्रशंसा की।

इस अवसर पर आरके अमर एवं चार्ल्सजस्टर ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य,सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि सतीश कुमार केशरी, प्रलय भट्टाचार्या, सौविक मुखर्जी, सुनील कुमार तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि विक्रांत गुप्ता ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण सी.जस्टर एवं मंच का संचालन अभय मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन ममता टोप्पो ने किया।

राज्यपाल से मिला स्टेट बार काउंसिल का दल

# कोर्ट फी संशोधन विधेयक की वापसी का किया आग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य बार काउंसिल के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण के नेतृत्व में सोमवार को राज्यपाल रमेश बैस से मिला। काउंसिल की ओर से राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। काउंसिल ने राज्यपाल से मिलकर विधानसभा से पारित कोर्ट फी संशोधन विधेयक 2022 को राज्य सरकार द्वारा वापस लेने का आग्रह किया। वहीं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, झारखंड में लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक बार संघ के अनुभवी अधिवक्ताओं को बनाने, अन्य राज्यो की तरह झारखंड में अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं के लिए बजटीय प्रावधान स्थापित करने, झारखंड में राज्य विधि आयोग के गठन का भी आग्रह किया है। राज्यपाल बैस ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वे काउंसिल की भावनाओं का ख्याल रखेंगे।

राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में काउंसिल ने कहा है कि झारखंड में राज्य सरकार द्वारा कोर्ट फी बढ़ाने से गरीब और समाज के कमजोर वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अदिवासी जनजाति लघु मध्यम वर्ग के लोगो की कोर्ट फी में बढ़तोरी से भारी आर्थिक संकट का सामना कर पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, अब्दुल कलाम रशीदी, राधेश्याम गोस्वामी, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार विद्रोही, परमेश्वर मंडल एवं रिंकु कुमारी भगत आदि शामिल थे।

### पार्टी पदाधिकारी बनाने के लिए आवेदन मांग रही है रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस

**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी ने पार्टी पदाधिकारी बनने के लिए आवेदन मांगे हैं। कमिटी के अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने इस संबंध में सूचना जारी करके बताया है कि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस में पदाधिकारी बनने का मौका है। इसके लिए कांग्रेसजन 5 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में यह तिथि 31 दिसंबर 2022 तक ही तय थी। अब इसके लिए विस्तारित तिथि तक जिला कार्यालय में आवेदन समर्पित किया जा सकता है। पदाधिकारी बनने के इच्छुक ऐसे व्यक्ति जिन्हें इसमें रुचि हो, वे 5 जनवरी तक आवेदन जमा कर दें। जारी आदेश की प्रतिलिपि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी को भी भेजी गयी है।

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने स्क्रैप बेचकर वसूले 300.63 करोड़ रुपये



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे को जीरो स्क्रैप रेलवे बनाना इस क्षेत्र के मिशन क्षेत्रों में से एक है। इस्तेमाल में नहीं आने वाली सामग्री की बिक्री से मूल्य वसूल करने के लिए सभी मंडलों और वर्कशॉप में जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत दक्षिण पूर्व रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही के अंत तक 300 करोड़ रुपये के स्क्रैप बिक्री के आंकड़े को पार कर लिया है और कुल बिक्री 31.12.2022 तक 300.63 करोड़ रुपए की है। ₹300.63 करोड़ की स्क्रैप बिक्री पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 38.56 प्रतिशत अधिक है। यह चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2022 तक के आनुपातिक लक्ष्य 231 करोड़ रुपए से भी 30.14 प्रतिशत अधिक है। सीपीआरओ ने बताया कि विभिन्न प्रकार के स्क्रैप की बिक्री के माध्यम से रेलवे को यह राशि मिली है। जिसमें स्क्रैप रेल, इस्तेमाल नहीं आने वाली लोको वैगन और कोच, लौह, विविध स्क्रैप, चिनाई वाली संरचनाएं शामिल हैं।

मडुआ से बने केक काटकर इंटरनेशनल मिल्लेट्स-2023 की शुरुआत की

# झारखंड में मोटे आनाज की खेती की अपार संभावनाएं : डॉ ओंकार नाथ सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को नव वर्ष मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मौके पर कुलपति ने रागी (मडुआ) से बने केक काटकर इंटरनेशनल मिल्लेट्स-2023 की शुरूआत की। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि यूएनओ ने 2023 को इंटरनेशनल मिल्लेट्स वर्ष घोषित किया है। मिल्लेट्स फसलें भारत की पहचान है। झारखण्ड में भी मडुआ, ज्वार और गुन्दली की खेती प्रचलित रही है। परंपरागत खेती और कम लाभ की वजह से प्रदेश में मिल्लेट्स फसलों का आच्छादन काफी घट गया है, जबकि मोटे अनाज यानि मिल्लेट्स को अब अमीरों का भोजन कहा जाने लगा है। वैश्विक स्तर पर इसकी मांग और कीमत काफी ज्यादा है। बीएयू ने राज्य के जलवायु के उपयुक्त मिल्लेट्स फसलों में रागी (मडुआ) की चार और गुन्दली की एक किस्म विकसित की है। पूरे देश में झारखंड राज्य में मिल्लेट्स फसलों के आच्छादन को बढ़ाने की काफी संभावनाएं मौजूद है।

**सीमित संसाधनों के बावजूद मान्यता :** कुलपति ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक मिल्लेट्स फसलों पर जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण, अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के साथ गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन पर ध्यान देने की जरूरत है। भगवान बिरसा की सोच पर आधारित समाज के गरीब एवं आदिवासी समुदायों के बीच आधुनिक कृषि तकनीकी का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विश्वविद्यालय अधीनस्थ कुछ कॉलेज को आईसीएआर से 5 वर्षों की मान्यता मिली है। नियमित शिक्षकों एवं संसाधनों की कमी से नये कॉलेज की मान्यता रुकी है। नये कॉलेज के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन से विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

मौके पर यूनिवर्सिटी को-ऑर्डिनेटर (एनएसएस) डॉ बीके झा, निदेशक अनुसंधान डॉ जगरनाथ उराव, मिल्लेट्स विशेषज्ञ डॉ अरुण कुमार, डॉ एसके पाल, डॉ सुशील प्रसाद, डॉ एमएस मल्लिक, डॉ एमएस यादव, डॉ एमके गुप्ता, डॉ नरेंद्र कुदादा, डॉ पीके सिंह, डॉ एस कर्मकार, डॉ केएस रिसम, विवि के प्राध्यापक, शिक्षक, वैज्ञानिक, गैर शिक्षक कर्मी, आकस्मिक कर्मी और स्टूडेंट्स मौजूद थे।

**मिल्लेट्स की खास बातें**

कुलपति ने बिरसा किसान मार्गदर्शिका 2023 का विमोचन किया। लगातार 3 वर्षों से बिरसा किसान मार्गदर्शिका के ससमय प्रकाशन के लिए डॉ जगरनाथ उरांव और अजय कुमार के योगदान को सराहा। कुलपति ने सेवानिवृत्त 5 कर्मचारियों को सामान्य भविष्य निधि का चेक प्रदान किया।

# राज्यपाल से मिले सीएस और बीएयू समेत कई विश्वविद्यालयों के कुलपति



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस से सोमवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह सहित कई विशिष्ट लोगों ने मुलाकात की। सभी ने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्य सचिव के अलावा झारखंड लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओएन सिंह, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलपति डॉ एमएन देव ने राज भवन में भेंट कर उन्हें नव वर्ष के लिए शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी नव वर्ष की शुभकामनाएं और बधाई सभी को दी।

# 20 मार्च तक कक्षा 3 के सभी बच्चों को पढ़ना-लिखना सिखायें

**सरकारी स्कूल के शिक्षकों को स्कूली शिक्षा सचिव ने दिया टास्क**

**अब क्लास में स्कूली बच्चे मोबाइल नहीं ले जा पायेंगे**

**बिना बायोमीट्रिक उपस्थिति के शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं हो पायेगा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने शिक्षकों को मार्च 2023 तक के लिए कई टास्क दिए हैं। इसमें सबसे प्रमुख यह है कि कक्षा तीन के बच्चे आगामी 20 मार्च तक पढ़ना-लिखना सीख लें। शिक्षा सचिव ने जो टास्क दिए हैं, उसे पूरा कराने की जिम्मेवारी जिला शिक्षा पदाधिकारियों की है। सचिव ने एक निर्देश भी जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि अब क्लास में स्कूली बच्चे मोबाइल नहीं ले जा पाएंगे।

इसके अलावा सभी बच्चों की शैक्षणिक बुनियाद को मजबूत करना है। स्कूलों में समुदाय की सहभागिता हो। बच्चों को एफएलएन (फाउंडेशन लिटरेसी एंड चार्ट पेपर) मैटेरियल के तहत स्कूल किट उपलब्ध कराया जाए। अधिकारियों द्वारा स्कूलों की निरंतर जांच हो, सरकारी स्कूल के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए ज्ञानसेतु योजना की पहल हो। स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिती नियमित तौर पर रहे। शिक्षक अपना अधिकांश समय पठन-पाठन में लगाएं। रिटायर होने वाले शिक्षक 6 माह पूर्व ही पेंशन पेपर भरें, ताकि रिटायरमेंट के दिन ही सारे दावे का निपटारा किया जा सके। शिक्षक हर दिन बायोमिट्रिक से अपना अडेंटेस बनाएंगे। जनवरी, 2023 से बायोमिट्रिक उपस्थिति के आधार पर वेतन या मानदेय का भुगतान होगा। स्टूडेंट डाटाबेस मैनेजमेंट इंफोर्मेशन सिस्टम में सभी बच्चों की एंट्री की जाए। ई-विद्यावाहिनी में जनवरी, 2023 से मिड-डे-मील की रिपोर्ट चढ़ाई जाए। ई-विद्यावाहिनी पोर्टल से रिटायर-मृत शिक्षकों के नाम हटाया जाए, स्मार्ट क्लास में एलसीडी/ टीवी को ब्लैकबोर्ड के ऊपर नहीं लगाया जाए, शिक्षकों के सभी प्रकार के दावे जैसे - वेतन, पेंशन, अर्जित अवकाश, जीपीएफ, प्रोन्नति आदि समय पर दी जाये। शिक्षक अपने कर्तव्य के अनुसार ही अच्छे पोशाक में रहें. अपने कर्तव्य एवं जीवन में टाइम मैनेजमेंट करना सीखें। लाइब्रेरी की किताबों को रस्सी में टांग कर नहीं बल्कि सुव्यवस्थित तरीके से बुक सेफ,टेबल या रेक एक पर रखें। बच्चों को लाइब्रेरी से किताब इश्यू किए जाएं, विशेषकर शुक्रवार, शनिवार या लंबी छुप्तियों के पहले निि>त रूप से बच्चों को पुस्तकालय के पुस्तक दिए जाएं। खेल सामग्री के साथ-साथ बच्चों का ट्रैक सूट और बूट भी खरीदा जाए। दोपहर 3 बजे छुट्टी होने के बाद खेल की घंटी लगायी जाए, इसका दायित्व बाल संसद को दिया जाए। बाल विवाह पर रोक लगायी जाए, बाल विवाह के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाए, इसके कानूनी पक्ष की जानकारी, सजा इत्यादि के बारे में भी जागरूक किया जाए। सरकारी स्कूल में प्रति बच्चा प्रतिवर्ष 1.58 लाख रुपए खर्च हो रहे हैं, इसलिए इन बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। स्कूल अवधि में कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं जाये समेत अन्य निर्देश शामिल हैं।

# सीडब्ल्यूसी ने सरिता के माता-पिता को सुपुर्द किया उनका डेढ़ वर्षीय बेटा

**सरिता देवी की हत्या के आरोप में पति और सास, ससुर हैं सलाखों के पीछ**

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** चुटिया की मृतक सरिता देवी का डेढ़ वर्षीय अयांश को सीड्ब्ल्यूसी ने सोमवार को उसके नानी अमरावती देवी को सुरक्षित लालन पालन के लिए सौंप दिया। मालूम हो कि सरिता देवी की हत्या उसके ही पति धनंजय कुमार ने अपने माता पिता के साथ मिलकर दहेज के लालच में कर दिया था और पूरी घटना को अत्महत्या का रंग देने का प्रयास किया था। सरिता देवी की हत्या का मुख्य अपराधी धनंजय को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया था। बाद में उसके पिता और फिर उसकी माता को हत्या में स्नलिप्तता के कारण जेल भेजा गया। लम्बे समय तक अयांश को सीड्ब्ल्यूसी में रखा गया फिर बच्चे को सीड्ब्ल्यूसी ने दादा दादी को पालन पोषण के लिए दे दिया था। परन्तु दादा दादी के जेल जाने के बाद बच्चे को उसकी बुआ कहीं बाहर लेकर चली गई थी। पुलिस और सीड्ब्ल्यूसी ने फिर दबाव डालकर बच्चे को सीड्ब्ल्यूसी में जमा करने का आदेश दिया। तब जाकर बुआ उसे सीडब्ल्यूसी को वापस किया। इस पुरे मामले में एसएसपी रांची कौशल किशोर ने सख्ती से छानबीन कर अपराधियो को हिरासत में लेने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया और सीडब्ल्यूसी ने व्यवहारिक रूप से बच्चे के वास्तिवक अभिभावक नाना-नानी को आज बच्चे को सुपुर्द कर दिया। सीडब्ल्यूसी से बच्चा लेने के समय सरिता देवी की मां अमरावती देवी के साथ भाजपा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता वर्मा, अमित वर्मा, अदिति कुमारी आदि उपस्थित थीं।

# टीबी रोगियों के पोषण के लिए सीसीएल ने किया समझौता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** टीबी उन्मूलन की दिशा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने अपने सीएसआर पहल के अंतर्गत रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) के साथ समझौता ज्ञापन किया। सीसीएल इस समझौता ज्ञापन के माध्यचम से झारखण्ड राज्य के चतरा एवं लातेहार जिला में चिन्हित तपेदिक (टीबी) रोगियों को उनके घर तक मासिक पोषण बास्केट के साथ साथ मनोवैज्ञानिक संबल प्रदान करेगी।

इस योजना के लाभार्थी चतरा और लातेहार जिलों में उपचाराधीन टीबी के लगभग 1400 मरीज होंगे, जिन्होंने भारत सरकार के एनआइ-केएसएचएवाई पोर्टल में पोषण सहायता प्राप्त करने हेतु सहमति दी है। इसके लिए, राज्य/जिला टीबी सेल एवं संबंधित जिला प्रशासन लाभार्थियों की पहचान करने में सीसीएल/कार्यकारी एजेंसी से मरीजों का विवरण साझा करेगी।

कंपनी ने सितंबर, 2022 में नि-क्षय पोर्टल पर चतरा एवं लातेहार जिले के मरीजों को पोषण सुविधा प्रदान करने हेतु पंजीकरण किया है। सीएसआर के माध्यम सेसीसीएल का यह प्रयास, अपने कमांड क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों के साथ-साथ इन दो जिलों में टीबी उन्मूलनके प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।

# सरकार व नगर निगम समस्या का मिलकर करें समाधान : हाइकोर्ट

**वधशाला में मीट काटने के मामले की हुई सुनवाई**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कांके के वधशाला में मीट दुकानदारों को अपने जानवर ले जाकर वहां कटवाने और इसके बाद अपनी दुकानों में मीट बेचने के रांची नगर निगम के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने रांची नगर निगम के आदेश पर रोक जारी रखी है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम और राज्य सरकार मिलकर इसका समाधान निकालें अन्यथा कोर्ट चुप नहीं बैठेगा।

सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि वधशाला में जानवरों को काटने से पहले क्या प्रोसीजर होगा उसका संकल्प तैयार कर गजट प्रकाशित करने के लिए राज्य सरकार को भेजा गया है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि कांके के वधशाला में मीट कटने के संबंध में उसका क्या स्टैंड है। इसे शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने का निर्देश कोर्ट ने सरकार को दिया है।

पूर्व में सुनवाई के दौरान निगम की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि कांके स्थित वधशाला में जानवरों को काटने के पहले डॉक्टरों के द्वारा उनका चेकअप किया जाएगा, यह देखा जाएगा कि जानवरों को कोई बीमारी तो नहीं है। इससे लोगों को स्वच्छ मीट उपलब्ध होगा। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था रांची नगर निगम ने एक आदेश निकाला है जिसके तहत सभी मीट दुकानदार कांके स्थित वधशाला में ही अपने जानवरों को काटने के लिए ले जाएंगे। ऐसा नहीं करने वाले दुकानदारों से 2 हजार जुमार्ना वसूला जाएगा। पूर्व में कोर्ट ने रांची नगर निगम के इस आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल, कुरैशी पंचायत एंड शॉपकीपर वेलफेयर सोसाइटी की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया है कि कांके स्थिति वधशाला में जानवरों को काटने संबंधी नगर निगम के आदेश सही नहीं है, क्योंकि मीट दुकानदार उतनी दूर नहीं जा सकेंगे।

## सीबीएसइ का वेबिनार आज

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से श्रीमती सावित्रीबाई फुले की जन्मतिथि पर मंगलवार को एक वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस वेबिनार का शीर्षक भारत में महिला शिक्षा पर सावित्रीबाई फुले का प्रभाव है। इसका आयोजन 03 जनवरी 2023 को 03.00 बजे से 04.00 बजे तक ऑनलाइन मोड में किया जाएगा। इस वेबिनार के मुख्य वक्ता प्रोफेसर वीरा गुप्ता होंगे।

## सीबीएसइ का सस्टेनेबिलिटी एक्सेलेरेटर प्रोग्राम की शुरुआत

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से विद्यार्थियों के लिए सस्टेनेबिलिटी एक्सेलेरेटर प्रोग्राम की शुरूआत की गयी है। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सस्टेनेबिलिटी माइंडसेट एवं ग्रीन स्किल को बढ़ावा देना, छात्रों को जलवायु परिवर्तन में मूल्यवान योगदानकर्ता बनने के लिए प्रोत्साहित करना, उन्हें ग्रीन प्लेनेट को आकार देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका से परिचित कराना, छात्रों को एक व्यक्तिगत कार्यस्थल अनुभव प्रदान करना और शीर्ष कॉपोरेट परिसर में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना हैकइस प्रोग्राम में भाग लेने के लिए विद्यालयों को 05 विद्यार्थियों का चयन करना होगा। इस प्रोग्राम में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नही लिया जाएगा। प्रोग्राम 23 जनवरी (टेंटेटिव डेट) से शुरू हो सकती है एवं कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी इस प्रोग्राम में भाग ले सकते हैं। इस प्रोग्राम के अनुसार 12 दिनों का इंटर्नशिप होगा, जिसमें 7 दिन वर्चुअल मोड एवं 5 दिन कारपेरेट कैंपस में लिया जाएगा। इस प्रोग्राम में टॉप 10 विद्यार्थियों को आदित्य बिरला फैशन रिटेल लिमिटेड में प्रोजेक्ट का मौका दिया जाएगा। इस प्रोग्राम से संबंधित अधिक जानकारी के लिए सीबीएसई की ऑफिसियल वेबसाइट देख सकते है। यह जानकारी सीबीएसई के सिटी को-ऑर्डिनेटर सह डीपीएस के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने दी।

## जेएमएम नेता के दशकर्म व कुटुंब भोज में शामिल हुए हजारों लोग



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व सामाजिक कार्यकर्ता लखींद्र पाहन के दश कर्म व कुटुंब भोज में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। सोमवार को हुंबई स्थित उनके आवास पर कुटुम भोज का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, पूर्व विधायक अमित महतो, मासस नेता विनोद रजवार, शिवलाल महतो,जितेंद्र महतो, संतोष महतो समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए।

## बाला जी मंदिर में वैकुंठ एकादशी का हुआ अनुष्ठान

**रांची।** श्री वैकुंठ एकादशी के शुभ अवसर पर सोमवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में विधि-विधान से अनुष्ठान किया गया। वैकुंठ द्वार से प्रवेश करके भक्तजन भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर सहित श्रीगोदा देवी के दर्शन भी कर रहे हैं। श्रीमन्नारायण, नारायण और गोविंदा- गोविंदा की ध्वनि से सारा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा है। इसके पहले प्रातःकाल में अनंतानंत कोटी ब्रशांड नायक भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का शास्त्रोक्त विधि से अभिषेक हुआ। भगवान का सुगंधित फूलों से भव्य श्रृंगार हुआ और भगवान को मंगल आरती उतारी गयी । भगवान की अष्टोत्तर पुष्प अर्चना और जगत जननी महालक्ष्मी की अष्टोत्तर कुमकुम अर्चना की गयी।

गुरू जी के अनुसार पोष का महीना है, सर्दी बढ़ गयी है । भगवान जल्दी उठ जाते हैं और अभिषेक भी ब्रश मुहूर्त में होता है। भगवान को सर्दी न लग जाये इसलिए गोलकी, सोंफ, जाविति, जायफल केसर आदि से आयुर्वेदिक दवाई बनाकर भोग लगाया गया। भक्तों में भी प्रसाद का वितरण किया गया । अभिषेक के यजमान सुरेश ठाकुर थे। सारा कार्यक्रम श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज और गोविंद दास जी के सान्निध्य में संपन्न हुआ ।

श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्यजी ने भक्तों को बतलाया की हम सभी भगवान के बनाये हुए हैं । नेत्र भगवान के दर्शन के लिए हैं।

## अध्यक्ष समेत अन्य अधिकारियों ने कहा, संघ उनके परिजन के साथ है

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) के सक्रिय सदस्य तथा अंचलाधिकारी डुमरिया, पूर्वी सिंहभूम रामनरेश सोनी के आकस्मिक निधन पर झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने दुःख प्रकट किया है। मालूम हो कि 2 जनवरी को हृदय गति रुक जाने से राम नरेश सोनी का आकस्मिक निधन हो गया। झारखंड प्रशासनिक सेवा परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस शोक की घड़ी में धैर्य रखने की क्षमता दे। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष सह प्रवक्ता रंजीता हेम्ब्रम, महासचिव राहुल कुमार, व अन्य मौजूद थें।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट का नये साल में सेवा कार्य

**रांची।** सोमवार को अलबर्ट एक्का स्थित प्याउ के पास गरीबों के बीच खिचड़ी वितरण किया गया। यह वितरण लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की ओर से किया गया था। प्रायोजक थे लायन रूपेंद्र प्रसाद। कार्यक्रम में लायन रतन अग्रवाल, सुनील माथुर, उपेंद्र प्रसाद, रामकृष्ण उपस्थित थे। करीब 400 लोगों ने खिचड़ी का लुफ्त उठाया। आप सभी को वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाए और आपके परिवार पर भी भगवान की कृपा बरसती रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन रतन अग्रवाल, सुनील माथुर के अलावा राम बालक, देवाशीष सान्याल,जूथिका सनयाल उपस्थित थे।

## 18 जनवरी को लैंप्स पैक्स कर्मचारी संघ बनायेगा अंदोलन की रणनीति

**रांची।** झारखंड राज्य लैंप्स पैक्स कर्मचारी संघ राज्य सरकार के रवैये से काफी निराश है। उनके मामले में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड के रवैये को देखते वे एक बार फिर से साथ बैठेंगे। 18 जनवरी को रांची में राज्य स्तरीय बैठक के बाद वे आगे की रणनीति तय करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार दत्ता के मुताबिक संघ अपनी मांगों को लेकर राज्य भर के पैक्स, लैंप्स कर्मियों के संग बैठेगा। राज्य बनने के बाद से अब तक लैंप्स, पैक्स के 4400 कर्मियों को न्यूनतम मानदेय दिए जाने के संबंध में कोई पहल नहीं की गयी है। वह भी तब जब हाईकोर्ट के आदेश के बाद कृषि विभाग ने खुद ही मानदेय दिए जाने के लिए पूर्व में चिळी जारी की थी।

# हमारे छात्र अपने परिश्रम से रांची विश्वविद्यालय को भारत के प्रथम स्थान पर ले आयेंगे : वीसी

**भुवनेश्वर में हुए इंटर यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में आरयू के विजेता छात्रों को कुलपति का सम्मान**

**हम अपने छात्रों को हर सुविधा उपलब्ध करायेंगे, परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग को मिलेगा नया भवन**

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के सेंट्रल लायब्रेरी स्थित अटल स्मृति सभागार में सोमवार को रांची विश्वविद्यालय वीसी प्रो.डॉ. अजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में युवा महोत्सव के विजेता छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाल ही में भुवनेश्वर के कीट युनिवर्सिटी में आयोजित अंतर विश?वविद्यालय युवा महोत्सव कृति उत्सव में रांची विश्वविद्यालय के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 223 विश्वविद्यालयों के इस स्पर्द्धा में आरयू के 45 छात्रों की टीम ने भाग लिये और दूसरा स्थान प्राप्त कर झारखंड और रांची विश्वविद्यालय को गौरान्वित किया। छात्रों की इस उपलब्धि से प्रसन्न कुलपति ने कहा कि यह कितने खुशी का अवसर है कि नववर्ष के पहले कार्यदिवस पर हम अपने विजेता छात्रों को सम्मानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महज 0.3 अंक के कारण ही रांची विश्वविद्यालय प्रथम स्थान से चूक गयी, पर यह हमारे लिये उपलब्धि की बात है कि इतने कम समय, कम तैयारियों में भी आप छात्रों के परिश्रम से रांची विश?वविद्यालय की टीम ने 223 विश?वविद्यालयों के इस युवा महोत्सव में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मैं इस मंच से आप सभी छात्रों से यह वादा करता हूं कि आगे आप सबों को हर सुविधा समय पर उपलब्ध कराउंगा। परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग को कुलपति ने विशेष धन?यवाद देते हुये कहा कि हमें इस विभाग को और उंचाइयों तक ले जाना है।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता ने कहा कि हमारे जो छात्र जीत कर आये हैं वह तो चैंपियन हैं ही, पर जो नहीं जीते, पर प्रयास किये वह भी हमारे चैंपियन हैं। हमारे कुलपति के प्रयासों से जल्द ही प्रत्येक कॉलेज में पीटी शिक्षक और स्पोर्टस के लिये भी सारी सुविधाये प्राप्त होंगी। वोकेशनल की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. स्मृति सिंह ने छात्रों को बधाइयां दी और कहा कि लंबी यात्रा की शुरूआत हमेंशा एक छोटे कदम से ही होती है। आप छात्रों ने जितने कम समय और बिना अभ्यास के ही जो उपलब्धि हासिल की है वह सराहनीय है। आगे हम गोल्ड मेडल भी जीतेंगे। स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक तथा इस युवा महोत्सव के लिये आरयू कमिटी के चेयरमैन डॉ. बीपी सिन्हा ने छात्रों के इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि सिर्फ पुरस्कार प्राप्त करना ही बड़ी बात नहीं, इसमें भाग लेना भी बड़ी बात है। डीएसडब्ल्यू डॉ जीएस झा ने छात्रों को सात महत्वपूर्ण पुरस्कार जीत के लिये भविष्य में और अच्छा करने के लिये शुभकामनायें दीं। योग विभाग के प्रो. गुरचरण साहू ने बताया कि आरयू योगा के छात्रों का चयन आगामी खेलो इंडिया स्पर्द्धा के लिये भी हुआ है। कुलपति ने इस उपलब्धि के लिये पूनम सहाय, योग विभाग के प्रो. गुरचरण साहू, ट्रेनर रंजनी बक्षी, परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट के शिक्षक सुजीत कुमार शर्मा व अन्य का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम सहाय ने किया ।

# नागपुरी गाना गोरी नखरे वाली सॉन्ग का हुआ विमोचन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नागपुरी गाना गोरी नखरे वाली सांग का विमोचन सोमवार को किया गया। इस एल्बम का पूरा शूटिंग रांची के ही बेहतरीन वादियों में किया गया है। विमोचन के अवसर पर एलबम से जुड़े कलाकार उपस्थित थे। इसमें आर्यन और श्रुति के साथ-साथ डीओपी और एडिटर अलेक्जेंडर डेविड, जो गाने की कोरियोग्राफ किये गये हैं। इसके गाने की लिरिक्स करनेवाले राकेश महतो हैं व म्यूजिक बंटी स्टूडियो द्वारा दिया गया है। इसके प्रोड्यूसर सीमा सिंह है और सिंगर के तौर पर अपना आवाज दिया है सत्या सिंह ने। इस मौके पर संगीतकार सत्या सिंह ने बताया कि झारखंड में कलाकारों और शूटिंग की जगह की कमी नहीं है। बस इसे निखारने की जरूरत है। हम आगे भी कई सारी म्यूजिक एल्बम के माध्यम से यहां की प्रकृति की गोद में समाई हमारा सोना झारखंड जिसकी सौंदर्य जल जंगल जमीन को दिखाने की दिशा में काम कर रहे है। प्रोड्यूसर सीमा सिंह ने बताया कि हम कई सारे एल्बम पर आगे काम करना चाह रहे हैं। बस हमें सरकार और कला संस्कृति विभाग की ओर से मदद मिले तो हम कई कलाकारों को यहां निखारना चाह रहे हैं।

इस मौके पर इस एल्बम से अपनी शुरूआत कर रहे नागपुरी अभिनेता आर्यन ने बताया कि हमने अपनी संस्कृति को दिखाने की पूरी कोशिश की है लोगों को यह अच्छा लगेगा। वहीं अभिनेत्री श्रुति ने बताया कि हम नागपुरी कलाकारों में भी बहुत कुछ करने का जज्बा है। बस हमें ऐसा अवसर मिलता रहे। तो हमें मुंबई जाने की जरूरत ही नहीं है। नागपुरी भाषा को कला और मनोरंजन के माध्यम से काफी ऊपर ले जाने में सक्षम है।

स्पीड न्यूज

## बीएमपी-8 के हवलदार का निधन



**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के तुरगुरु टिकरा निवासी सिराजुद्दीन अंसारी (56 वर्ष) का सोमवार को निधन हो गया। वे बिहार राज्य के बेगूसराय जिले में बीएमपी आठ में हवलदार के पद पर पदस्थापित थे और करीब एक वर्ष से हृदय रोग से पीड़ित थे। उन्हें मगरिब की नमाज के बाद स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।

## मवेशी का अवशेष मंदिर परिसर में फेंका, ग्रामीण उग्र

**बुढ़मू।** रविवार रात में कुछ असामाजिक तत्वों ने मवेशी के पुराने अवशेष को चकमे मंदिर परिसर में फेंक दिया था। सोमवार को सुबह में जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू किया। इस दौरान ग्रामीण थाना पहुंचे और आरोपियों को पकड़ने की मांग करने लगे। मुखिया रामवृत मुंडा व अन्य समाजसेवियों के पहल के बाद ग्रामीण शांत हुए। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को आस्वस्त किया कि वे मामले में जो भी दोषी पाये जायेंगे उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हिरिंग पहाड़ी पर मिले शव की हुई पहचान

**बुढ़मू।** 31 दिसंबर की शाम में थाना क्षेत्र के हिरिंग पहाड़ी के ऊपर मिले शव की पुलिस ने पहचान कर ली है। मृतक छत्तीसगढ़ के धरवा थाना क्षेत्र के बसंतपुर का रहने वाले साहनी माली का पुत्र किशन कुमार माली 19 था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह करीब 15 दिन पहले से गायब था। किशन व उसके परिजन स्थानीय बांग्ला ईट भट्ठा में काम करता था।

## बुढ़मू पुलिस ने नष्ट किया 200 किलो जावा महुआ

**बुढ़मू।** बुढ़मू पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के ओझासाड़म पंचायत के नवाटोली में लगभग 200 किलो जावा महुवा को नष्ट किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि नवाटोली में अवैध रूप से शराब बनाया जाता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई किया।

## दो स्कूलों से पांच सिलेंडर और दो बायोमीट्रिक मशीन की चोरी

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र में अज्ञात चारों द्वारा स्कूल को निशाना बनाए जाने से क्षेत्र के शिक्षक चिंतित हैं। पिछले दो दिन में ही दो स्कूल से पांच गैस सिलेंडर की चोरी हो गई है। सोमवार को जब स्कूल खुला तो उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय महुआढीपा कुच्चू के किचन से एमडीएम के लिए रखे दो गैस सिलेंडर की चोरी हो गई थी। चोरों द्वारा किचन के अलावे कार्यालय व दो अन्य कक्ष का कुंडी काट कर सिलेंडर के साथ समरसेवल स्टाटर व बायोमीट्रिक मशीन को भी चुरा कर ले गए। स्कूल की प्राचार्य रेणु देवी द्वारा ओरमांझी थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करायी गई है। इससे पूर्व कुच्चू के ही राज्यकीय मध्य विद्यालय से चोरों ने तीन सिलेंडर चोरी कर ले गए।

# अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत, तीन घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** हुंडरू फॉल से पिकनिक मना कर लौट रहे दो युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में हुई दुर्घटना के संबंध में बताया कि रामगढ़ जिला के जैमरा बदाही निवासी कृष्णा सिंह 22 वर्ष व रवि कुमार सिंह 18 वर्ष दोनों एक जनवरी को ग्लैमर बाइक जेएच 24 जी-5019 में सवार हो पिकनिक मनाने हुंडरू फॉल गए थे। देर शाम लौटने के दौरान लगभग सात बजे घाटी में बाइक डिवाइडर से टकरा गई और दोनों सड़क पर गिर गए। दोनों को एनएचआई एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सदर हॉस्पिटल रामगढ़ ले जाया गया। बताया गया कि कृष्णा सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं रवि सिंह की भी मौत उपचार के दौरान हो गई। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा दुर्घटना ग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया है।

### युवकों को लापरवाही पड़ी महंगी

बताया गया कि दोनो युवक हेलमेट नही पहने थे और बाइक तेज गति से चलाते हुए जा रहे थें। चुटूपालू घाटी में अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। जिसे लेकर एनएचआई द्वारा घाटी में सावधानी बोर्ड भी लगा दिया गया है। बाइक सवार युवकों की दुर्घटना उसी सावधानी बोर्ड पार करते ही हो गई। जबकि बोर्ड में साफ–साफ लिखा है, सावधान, आगे 5.8 किमी तक खतरनाक घाटी एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्र है। बाइक जैसे ही दुर्घटना ग्रस्त हुई। पीछे जा रहे एक वाहन चालक ने अपनी वाहन रोक दिया। दुर्घटना में दोनो युवक को गंभीर चोट भी नहीं लगी हुई थी।

### सिल्ली: सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**सिल्ली।** रांची– पुरुलिया मार्ग पर बुढाम बांका पुल के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में सिल्ली प्रखण्ड के लोटा निवासी एक बाइक सवार 28 वर्षीय मनोज महतो की मौत हो गयी। जानकरी के मुताबिक मनोज महतो रविवार को देर शाम सिल्ली से अपने पल्सर बाइक से घर लौट रहा था इसी क्रम में बाइक असंतुलित हो गयी और वह बुढाम बांका पुल के समीप रेलिंग से टकरा गया। घटना के बाद उसे सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस सम्बंध में सिल्ली थाने में एक यूडी मामला दर्ज किया गया।

### स्कूटी-साइकिल की भिड़ंत में चार घायल

**बुंडू।** बुंडू सारजमडीह रोड में स्कूटी एवं साइकिल की भिड़ंत से चार व्यक्ति जख्मी सूत्रों के अनुसार मनोरंजन मुंडा उम्र 20 साल परमेश्वर मिर्धा उम्र 19 वर्ष ग्राम एदेलहातु सालगाडीह तथा धनंजय मुंडा उम्र 16 वर्ष ग्राम बानाबुरु जाराडीह स्कूटी जे एच01 ई पी 1327 से रीमिक्स फोल पिकनिक मनाने गए थे जहां से वापसी के क्रम में शाम के लगभग 7.00 बजे के आसपास सारजमडीह गांव के पास साइकिल सवार जोवॉकिंम टूटी उम्र 45 वर्ष ग्राम चुरगी लोवाहातु का भिड़ंत हो गया इस भिड़ंत में परमेश्वर मिर्धा को सिर में गंभीर चोट लगी तथा मनोरंजन मुंडा को भी गंभीर चोट लगी है सभी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया।

## बेड़ो: सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो नरकोपी सड़क खत्री खटंगा मोड़ के समीप अज्ञात चार चक्का वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

सड़क दुर्घटना सोमवार की संध्या करीब 5.30 बजे की है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना की सूचना बेड़ो पुलिस और एंबुलेंस 108 को दिया। जिसके बाद घटनास्थल पहुंचे बेड़ो थाना के एएसआई राजेंद्र यादव ने एंबुलेंस 108 की मदद से सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार युवकों को इलाज के लिए उठाकर बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में घायल युवकों की पहचान चेटो कैरो गांव निवासी टाइल्स मिस्त्री 17 वर्षीय संदीप उरांव पिता सुकरा उरांवए 14 वर्षीय खद्दी उरांव पिता बिरसा उरांव व बेड़ो निवासी 25 वर्षीय वीरेंद्र गोप पिता परमेश्वर गोप के रूप में हुई।

इधर सड़क दुर्घटना में घायल तीनों बाइक सवार युवकों का बेड़ो सीएचसी में डॉक्टर एलएन दास ने प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए तीनों बाइक सवार युवकों को रांची रिम्स रेफर कर दिया। घायलों ने बताया कि वे खटंगा मोड़ के समीप अज्ञात चार चक्का वाहन की चपेट में आने से वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

## रातू: नये साल को लेकर कार्यालयों में सन्नाटा

### कर्मियों की कम रही उपस्थिति, ग्रामीण नहीं पहुंचे मुख्यालय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में नये साल 2023 के दूसरे दिन सोमवार को सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। कर्मियों की उपस्थिति कम रही। कड़ाके की ठंड के कारण ग्रामीण भी मुख्यालय नहीं पहुंचे। हालांकिए बीडीओ हरिशंकर बारिक, सीओ प्रदीप कुमार, बीएएचओ डॉ विजय कुमार व सीआई संतोष उरांव समय पर दफ्तर आ गये थे। वहीं मनरेगा कार्यालय में आम दिनों की तरह कामकाज हुये। कनीय अभियंता, रोजगार सेवक व कर्मी काम पर मुस्तैद दिखे। सूत्रों की मानेंए तो कई पदाधिकारी और कर्मी अवकाश में हैं। छुट्टी समाप्त होते ही वह दफ्तर आ जायेंगे। दरअसल दस जनवरी तक नये साल का असर रहने की उम्मीद है। ऐसे तो 26 के बाद ही कामकाज सामान्य हो पायेंगे। अधिकांश पदाधिकारी और कर्मचारी परिवार व बच्चों के साथ पिकनिक मनाने के लिये राज्य से बाहर चले गये हैं। उनकी वापसी के पश्चात ही फाइल निपटाये जायेंगे। नव वर्ष के पहले सप्ताह प्रतिवर्ष कार्यालयों की यही स्थिति रहती है।

### स्कूलों में भी कम थी उपस्थिति

सरकारी और गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज और शिक्षण संस्थानों में भी विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। बच्चे समूह बना सैर.सपाटे में निकल गये हैं। इससे पढ़ाई बाधित होगी। लेकिन सवाल यह हैए कि उनकी इच्छा के आगे किसकी चलेगी। अभिभावक चाह कर भी उन्हें मना नहीं कर सकते। ऐसा होने से बच्चे डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं।

## नामकुम: सड़क दुर्घटना में एएसआई की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** सोमवार की सुबह रांची टाटा रोड पर रामपुर के समीप स् क दुर्घटना में झारखंड पुलिस के एएसआई राधा गोविन्द उरांव 45 वर्स की मौत हो गयी। वहीं बाइक सवार उनकी बेटी को हल्की चोट लगी है। घटना की सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को उठवा कर पोसटमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया तथा घायल बच्ची को प्राथमिक उपचार के लिए भिजवाया गया। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि लगभग साढे बारह बजे मृतक राधा गोविन्द अपनी आपाची बाइक से रांची की ओर आ रहे थे। उसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही एक ट्रक संख्या यूपी 21 सीएन 4850 ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी।

पुलिस ने ट्रक चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मृतक के भाई रोहित उरांव के बयान पर ट्रक चालक पर तेज गति और लापरवाही से गाडी चलाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मृतक के दो बेटा और एक बेटी है। परिजनों के अनुसार मृतक एएसआई राधा गोविन्द हजारीबाग में पोस्टेड थे। वे नए साल की छुट्टी मनाने के बाद अपनी रांची में पढ़ने वाली बेटी को साथ लेकर राची के लिए निकले थे। बेटी को रांची स्कूल हास्टल छोड़ते हुए वे हजारीबाग चले जाते पर रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

### पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा शव, परिजनों में मातम



बुंडू। बुंडू नगर पंचायत के भकुवाडीह मुहल्ला निवासी एवं हजारीबाग जिला पुलिस में पदस्थापित एएसआई राधागोविन्द सड़क हादसे में मौत हो गयी। उनके सड़क हादसे में मौत के समाचार से भकुवाडीह मुहल्ले सहित बुंडू नगर क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों में मातम है। महिलाएं दहाड़े मार रो रही हैं। सोमवार शाम के ही लगभग 7.30 बजे मृतक एएसआई का शव पोस्टमार्टम के बाद बुंडू पहुंची। शव के बुंडू पहुंचने से बुंडू का माहौल गमनीन हो गया है। मृतक के दो पुत्र एवं एक पुत्री है। बड़ा पुत्र इंटर में पढ़ता है। छोटा पुत्र अभी 4 वर्ष का है, जबकि पुत्री 14 वर्ष की। मृतक का अंतिम संस्कार मंगलवार को होगा।

## उषा मार्टिन फैक्ट्री में लगी आग धू-धू कर जल गया एसिड प्लांट

### कोई हताहत नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** सोमवार सुबह लगभग बारह बजे टाटीसिलवे थानाक्षेत्र स्थित उसा मार्टिन फैक्ट्री में आग लग गयी। आग की लपटे काफी उंची उचीं उठने लगी,जिससे फैक्ट्री परिसर में भगदड मच गयी। प्रबंधन द्वारा तत्काल घटनास्थल को सुरक्षा घेरा में ले कर फायरबिग्रेड को सूचना दी गयी और सुरक्षा संबधी कदम उठाए गए। मौके पर रांची से चार फझयर बिग्रेड गाडियां मंगवाई गयी। सूत्रों के अनुसार वायर रोप डिवीजन के पीछे एसिड प्लांट के पास काम हो रहा था कई मजदूर लगे हुए थे,तभी एसिड प्लांट में आग लग गयी। प्रबंधन के अनुसार आग लगने और अगलगी में हुए नुकषान का आकलन किया जा रहा है। टाटीसिलवे थानेदार महेन्द्र करमाली ने बताया कि अगलगी में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। देर षाम तक कंपनी के सुरक्षा टीम फायर बिग्रेड टीम के साथ आग बुझाने में लगी हुई थी।

## हुंडरू फॉल से लापता दोनों पर्यटक बरामद

### भटक गये थे रास्ता





खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** नववर्ष के दिन रविवार को हुंडरू फाल से लापता हुए दोनों पर्यटक को सिकिदिरी पुलिस ने रविवार की देर रात दोनों को बरामद कर लिया है। दोनों पर्यटक नशे में होने के कारण रस्ता भटक कर दो अलग-अलग जगह पर चले गए थे। सिकिदिरी पुलिस ने बताया की नव वर्ष पर बंगाल के हावड़ा जिले के उदय नारायणपुर निवासी रतन गाछी (50 वर्ष) व बोकारो के कसमार निवासी रंजीत घासी (26 वर्ष) दोनों अपने-अपने परिजनों और मित्रों के साथ पिकनिक मनाने हुंडरू फाल आए थे। वापसी के क्रम में दोनों वहां मौजुद नहीं थे। ग्रामीणों की सूचना पर सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बंगाल के रतन गाछी को सिकिदिरी के खालसा के समीप जबकि रंजीत को गेतलसूद चौक के पास देखा गया है। तत्काल पुलिस ने वहां पहुंचकर दोनों को बरामद कर लिया। दोनों पर्यटकों के लापता होने के बाद से ही सिकिदिरी थाना की पुलिस और हुंडरू फाल में तैनात पर्यटन कर्मी राजकिशोर प्रसादए बालेश्वर बेदियाएथाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि और एसआई अरुण कुमार सिंह दोनों की तलाश में जुटे हुए थे। दोनों को पुलिस थाना लेकर गई। इसके बाद दोनों पर्यटकों को पुलिस ने उनके परिजनों को बुलाकर उनके घर भेज दिया। ज्ञात हो की विगत 11 दिसंबर 2022 को गोला का एक पर्यटक केशव गोस्वामी लापता हो गया था। जिसका शव 16 दिसंबर को फॉल के बगल चट्टान के खोह से पुलिस ने बरामद किया था।

## सिल्ली में जंगली हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान, राहत की लगाई गुहार



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** रविवार देर रात सिल्ली के कोचों गांव में जंगली हाथियों का झुंड जमकर उत्पात मचाते हुए गांव के ही रवनी देवी, गिरिधारी महतो, श्री हरि महतो के धान एवम आलू के फसल को नुकसान पहुँचाया है।भुक्तभोगीयों ने लगभग 1 लाख रुपए से अधिक के नुकसान बताया है।

विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह ने सोमवार को अपने गांव कोचों में किसानों खेत पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया। वहीं उन्होंने विभाग के अधिकारियों से उचित मुआवजा की मांग की है। ज्ञात हो कि सिल्ली आस पास क्षेत्र में इन दिनों जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। आए दिन हाथियों का दल जंगलों के आसपास की गाँव में पहुंचकर फसलों के साथ मकानों को भी क्षतिग्रस्त कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे जंगलों के आसपास के गांवों के लोग दहशत के साए में जीवन यापन करने पर मजबूर हैं। पिछले 2 माह के अंदर लगभग सैकड़ों एकड़ भूमि पर लगी फसलों को हाथियों का झुंड बर्बाद कर चुका है। महीनों बाद भी वन विभाग स्थायी समाधान नहीं खोज पा रहा है। हाथियों ने सबसे ज्यादा खेतों में हरी सब्जियां, खेतों लगे धान, घरों में रखे धान तथा अन्य सामानों को हाथी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। हाथियों को काबू में करने के लिए विभाग ने अब तक ठोस पहल शुरू नहीं किया है।

किसानों को फसलों की चिंता हमेशा सताती रहती है। खरीफ सीजन में सैकड़ों हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों ने धान की फसल के अलावा सब्जी आदि की खेती किए हैं। इसके साथ ही खेतों में एक बार फिर से हाथियों के दल ने दस्तक देने के साथ नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।

## राहे ओपी को जल्द मिलेगा थाना का दर्जा: एसएसपी

### एसएसपी ने किया राहे ओपी और सोनाहातू थाना का निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** रांची के सीनियर किशोर कौशल ने सोमवार को सोनाहातू थाना और राहे ओपी का निरीक्षण किये। थानों में पुलिस के जवानों ने एसएसपी को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने सोनाहातू, थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम, राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान से विभिन्न मामलों की जानकारी ली तथा थाने में दर्ज विभिन्न कांडों के अनुसंधानकर्ताओं से कांडों की समीक्षा करते हुए उन्हें जरूरी दिशा निर्देश भी दिया। उन्होंने अपराधी मामले को देखा तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने को कहा। इसके अलावे न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। उन्होंने प्रभारियों से समय समय पर विशेष चेकिंग अभियान चलाने तथा हर आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि थाने में आने वाले शिकायतकर्ताओ से सहज रूप से व्यवहार करते हुए सहयोग करें। थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी थानों के ऊपरी तल्ले एवं छत पर जाकर भवन की स्थितियों का जायजा लिया। पत्रकारों द्वारा राहे ओपी को थाने का दर्जा कब मिलेगा सवाल पर उन्होंने कहा कि जल्द ही राहे ओपी को थाने का दर्जा दिया जाएगा।

## एक नजर में

### मेला टिकरा नगड़ी में भंडारे का आयोजन



**पिस्कानगड़ी।** बाबा जय गुरूदेव नाम योग साधना स्थल मेला टिकरा नगड़ी में तीन दिवसीय गुरु चर्चा नगड़ी संगत के तत्वाधान, सुमिरन, ध्यान, भजन और विशाल भंडारा के साथ कार्यक्रम के समापन हुआ। मौके पर जय गुरुदेव महाराज के शिष्य देबू सरकार ने समापन सत्र में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए हजारों सत्संगी के गुरू महाराज जय गुरू देव के आदर्श और जन कल्याण कार्य तथा शाकहार पर अपने क्षेत्र प्रचार प्रसार करने का आह्वण किया। तीन दिवसीय गुरु चर्चा कार्यक्रम में बंगाल, बोकारो चास, धनबाद, टाटा, खूंटी, लोहरदगा गुमला रामगढ़ चतरा सहित कई जिलों से लोग शाकाहारी महोत्सव में कथा श्रवण करने पहुंचे हैं।

### ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों संग सीसीएल प्रबंधन ने की वार्ता

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में क्षेत्रीय ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों संग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय संचालन पिपरवार कार्मिक व प्रशासनिक पदाधिकारी आलोक मनीष सोए ने किया स ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों संग बैठक में पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय ने नववर्ष को लेकर सभी यूनियन प्रतिनिधियों को बधाई दिया साथ ही पिपरवार के परियोजना एवं क्षेत्र में कोयला उत्पादन, उत्पादकता में सहयोग कर क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में क्षेत्रीय ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने पिपरवार महाप्रबंधक की पहल का स्वागत किया एवं भविष्य में भी सीसीएल प्रबंधन और महाप्रबंधक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आश्वासन ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने दिया।

## चान्हो: शहादत दिवस पर याद किये गये सुनील शाही



खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** शहीद सुनील कुमार शाही का सोमवार को 15 वीं शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, जिप सदस्य अशुतोष तिवारी सहित क्षेत्र के गणमान्य सामिल हुए। सर्व प्रथम शहीद के पैतृक गांव हुरहूरी में अवस्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी अजीत सिंह ने शहीद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा। छोटे से गांव में जन्मे शहीद सुनील कुमार ने गांव में ही स्कूल में अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त किया तथा मांडर कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। 2007 में उनका बहाल झारखंड पुलिस में हुआ और पहला पोस्टिंग सिमडेगा थाना में हुआ, जहां उन्होंने उग्रवादियों से लड़ते हुए 2008 में शहीद हो गए। इस दौरान उन्होने अपने वीरता का परिचय देते हुए कई उग्रवादियों को मौत के घाट उतारा और खुद मौत के आगोश में सो गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा आज शहीद भाई सुनील शाही को श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित हुए हैं यह गांव यह परिवार उनको हर एक दिन याद करता है। सेना में भर्ती होना पूरे गांव की गर्व की बात होता है हमारे भारत देश में बहुत से मजबूत गांव है जहां से निकल कर आते हैं और सेना में भर्ती होते हैं।

# ताइक्वांडो: गांव की बेटियां देश का नाम करेंगी रोशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** तालकटोरा इंडोर स्टेडियम न्यू दिल्ली में चार व पांच जनवरी को आयोजित ली जीयोन घी कप चैंपियनषिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए गांव की 13 बेटियां का चयन हुआ है। सभी सोमवार को ओरमांझी से दिल्ली के लिए रवाना हो गई। भारतीय ताइक्वांडो टीम में शामिल रांची जिला के ओरमांझी व अनगड़ा के विभिन्न गांव की बेटिया दिल्ली के ओपन इंडियन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत के अलावा श्रीलंका, वर्मा, नेपाल, भूटान व साउथ कोरिया सहित आठ देश शामिल है। जहां झारखंड के गांव की बेटियां ताइक्वांडो में भारत को चैंपियन बनाएंगी। अंतरराष्ट्रीय झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शकील अंसारी ने बताया कि चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रांची के 13 ताइक्वांडो भारतीय टीम में नंदिनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, शोभा कुमारी, करिश्मा कुमारी, अर्चन कुमारी, बबली कुमारी, सुदेष्वरी कुमारी, पिंकी कुमारी, बासंती कुमारी, मुस्कान कुमारी, सुनीता कुमारी, मनीषा कुमारी व ममता कुमारी शामिल है।



ओरमांझी में ताइक्वांडो के खिलाड़ी कोच के साथ।

### सभी खिलाड़ी गांव की हैं

भारतीय ताइक्वांडो टीम में शामिल सभी गांव की बेटियां रांची जिला के विभिन्न स्कूलों से हैं। जिसमें टिकैत उमरांव सिंह शेख भिखारी प्रोजेक्ट हाई स्कूल ओरमांझी की छात्रा अर्चना कुमारी, प्रियंका कुमारी व बबली कुमारी, डहु की हैं। वहीं शोभा कुमारी बारीडीह, करिष्मा कुमारी गगारी व नंदनी कुमारी जीदु की हैं। इसके अलावा अनगड़ा से अपग्रेडेड हाई स्कूल गेतलसूद की छात्रा बुधेश्वारी कुमारी व विंकी कुमारी, एसएस हाई स्कूल चिलदाग की छात्रा ममता कुमारी, अपग्रेडेड हाई स्कूल जोन्हा की छात्रा मुष्कान कुमारी के अलावा टाटीसिंगारी व हुंडरू फाल गांव की बेटिया भी टीम में शामिल हैं।

### पंजाबी ढाबा भुसूर में खिलाड़ियों का चयन

दिल्ली जाने के लिए खिलाड़ियों के साथ ओरमांझी पहुंचे टीम के मैनेजर शकील अंसारी ने बताया कि सभी खिलाड़ियों का चयन ओरमांझी के पंजाबी ढाबा भुसूर में किया गया है। जिसमें टीम के कोच जमील अंसारी भी शामिल थे। छात्राओं के भारतीय टीम में चयन होने पर स्कूल के प्राचार्य शिक्षक व क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों द्वारा हर्ष जताया गया है।

खबर मन्त्र

रांची. मंगलवार .03 जनवरी 2023



# मुफ्त अनाज

देश में भूखमरी न हो यह देश के लिये आवश्यक है। यह सत्ताधीशों की भी जवाबदेही है। लेकिन अच्छी स्थिति तो यह है कि हर हाथ को काम मिले और व्यक्ति को किसी राहत योजना का मोहताज न होना पड़े। देश में विभाजन, विस्थापन, प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं व महामारियों के चलते लाखों आबाद लोग सड़कों पर आ जाते हैं। साल-दर-साल आने वाली प्राकृतिक आपदाएं बाढ़, सूखा व अन्य प्रकोप गरीबों की संख्या में इजाफा करते हैं। यही वजह है कि अपने भरण-पोषण के दायित्व का निर्वहन न कर सकने वालों को सरकारी मदद की दरकार होती है। जो सरकारों की संवैधानिक बाध्यता भी है। कमोबेश इसी दायित्व के निर्वहन हेतु देश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून का क्रियान्वयन हुआ। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक निर्धन व्यक्ति को हर माह पांच किलो अनाज मुफ्त मुहैया कराने की व्यवस्था की गई। वहीं दूसरी ओर अत्यधिक निर्धन परिवारों के भरण-पोषण के लिये बनी अंत्योदय योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को पैंतीस किलोग्राम अनाज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। लेकिन जहां खाद्य सुरक्षा के तहत दिये जाने वाले अनाज के लिये प्रतीकात्मक कीमत देनी पड़ती थी, वहीं अंत्योदय योजना में दिये जाने वाला अनाज मुफ्त ही दिया जाता है। लेकिन देशव्यापी कोरोना संकट के बाद जब विषम परिस्थितियों के चलते व्यापक रोजगार संकट पैदा हुआ तो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के जरिये भूख के संकट का समाधान निकालने का प्रयास किया गया। जिसका समय कालांतर बढ़ाया भी गया। अब सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को विराम दे दिया है। लेकिन वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और अंत्योदय योजना के तहत दिये जाने वाले अनाज के वितरण की समय सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। जो मुफ्त मिलेगा।

# नौ सेना की मजबूती

देझगांव डॉक्स डिस्ट्रॉयर और फ्रिगेट का निर्माण करने वाली प्रमुख कंपनी है, मगर गार्डन रीच शिपबिल्डर्स ऐंड इंजीनियर्स, कोचीन शिपयार्ड और गोवा शिपयार्ड सभी बड़े और उच्च तकनीक वाले युद्धपोत बनाने में सक्षम हैं। इसी तरह विशाखापत्तनम में परमाणु पनडुब्बी निर्माण परिसर है। लार्सन ऐंड टुब्रो ने भी चेन्नई के निकट शिप डिजाइन एवं यार्ड सुविधा विकसित की है। हालांकि तब भी युद्धपोत एवं सेना के लिए साजो-सामान बनाने में भारत चीन से मुकाबला करने की स्थिति में नहीं दिख रहा है। चीन ने कुछ महीनों पहले तीसरा विमानवाहक युद्धपोत अपनी नौसेना के बेड़े में शामिल किया था। इस युद्धपोत का आकार भारत के दोनों युद्धपोतों के संयुक्त आकार से भी बड़ा है। इसमें अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है जिसकी मदद से कम समय अंतराल पर लड़ाकू विमान अधिक ईंधन और घातक हथियारों के साथ उड़ान भर पाएंगे।

काफी कम समय में सक्षम कई डिस्ट्रॉयर बनाने के बाद चीन समुद्र में खतरनाक ड्रोन और मानव रहित युद्धपोतों के साथ युद्ध की तैयारी में जुट गया है। ये ड्रोन और मानव रहित युद्धपोत सामान्य युद्धपोतों के साथ मिलकर हमले करने की भी खासियत रखते हैं। चीन हिंद महासागर में नौसैनिक अड्डे के साथ कई सुविधाएं तैयार कर रहा है। भारत की नौसेना को जल्द ही हिंद महासागर में चीन से कड़ी चुनौती मिलने वाली है। भारत का रक्षा बजट सीमित है, इसलिए युद्धपोतों आदि के निर्माण के लिए बहुत ऑर्डर नहीं आ पा रहे हैं। हालांकि छोटे युद्धपोतों के लिए जरूर कई ऑर्डर मिले हैं।भारत की नौसेना में पनडुब्बियों के बेड़े का आकार छोटा है और इनमें ज्यादातर जहाज 1980 के दशक के हैं। मझगांव डॉक्स छठी और अंतिम स्कॉर्पीन पनडुब्बी तैयार कर रही है और इसके बाद उसके पास फिलहाल कोई ऑर्डर नहीं है।

# नव वर्ष 2023 की चुनौतियां और संभावना



**जब** हम भारत और उसके कोटि-कोटि जनों के लिए सोचते हैं तो मन में भारत भूमि पर हजारों वर्षों की आर्य सभ्यता और संस्कृति की बहु आयामी यात्रा कौंध उठती है। विभिन्न सांस्कृतिक प्रभावों के संघात के बीच ज्ञान, विज्ञान, कला, साहित्य का अविरल प्रवाह राष्ट्रीय गौरव का बोध कराता है। साथ ही भारत का भाव हमें उस दाय को सँभालने के लिए भी प्रेरित करता है जिसके हम वारिस हैं। निकट अतीत का स्वाधीनता संग्राम देशवासियों को राष्ट्र को आगे ले जाने के दायित्व का भी स्मरण कराता है। स्वाधीनता आश्वस्त करती है पर हमारे आचरण को आयोजित करने के लिए कर्तव्य-मार्ग का निर्देश भी देती है ताकि वह सुरक्षित बनी रहे। इस तरह अतीत कभी व्यतीत नहीं होता बल्कि हमको रचता रहता है।

आज भारत विकास के मार्ग पर एक यात्रा पर अग्रसर है। भारत के लिए अगले साल में क्या कुछ होने वाला है इस सवाल पर विचार इससे बात से भी जुड़ा है कि हम भारत के लिए क्या चाहते हैं और उभरती परिस्थितियों में क्या कुछ सम्भव है। इस सिलसिले में यह भी याद रखना जरूरी है कि आज की दुनिया में परस्परनिर्भरता एक अनिवार्य नियति बनती जा रही है। हम सब ने देखा कि (प्रचलित सूचना के मुताबिक) चीन के वुहान नगर से निकले कोरोना वाइरस और कोविड-19 यूरोप, अमेरिका और भारत समेत एशिया के तमाम देशों में फैल कर लगभग पूरे विश्व को एक ऐसी महामारी की चपेट में ले लिया जिससे लाखों लोगों के जीवन की हानि हुई और भारी आर्थिक नुकसान हुआ। ऐसे ही यूक्रेन और रूस के बीच चल रहा युद्ध प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पूरे संसार में आर्थिक कठिनाई बढ़ा रहा है।इस बीच भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय पहल की, अपनी बात रखी और उसकी साख में वृद्धि हुई। नए साल में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और जी-20 समूह की अध्यक्षता के साथ भारत की वैश्विक उपस्थिति निश्चित ही फलदायी होगी। पड़ोसी देशों के हालात संतोषजनक नहीं है और बहुत जल्द सुधार की आशा भी नहीं दिखती। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में राजनैतिक अस्थिरता और आर्थिक संकट गहराते दिख रहे है। चीन का रुख भी सहयोग की जगह मुश्किलें पैदा करने वाला ही रहा है। पड़ोसी देशों की यह स्थिति भारत के लिए सजग और सतर्क राजनय और सामरिक तत्पारता की जरूरत को रेखांकित करती है। इसे देखते हुए भारत के सुरक्षा-प्रयास वरीयता के साथ शुरू हैं और स्वदेशी तकनीकों और उत्पादों पर ध्यान दिया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर आतंकी हलचल कम होती नहीं दिखती और चीन तथा पाकिस्तान की हरकतों का अंदेशा देखते हुए देश को सामरिक शक्ति को और सुदृढ़ रखना होगा।



**- गिरीश्वर मिश्र**

> एक छोटा सा उदाहरण और देना चाहूंगा। एमडीएच नाम की मसाले बनाने वाली कंपनी के संस्थापक महाशय धर्मपाल गुलाटी को सारा देश जानता है। वे पक्के आर्य समाजी हैं। महाशय जी पूरी दुनिया में 'किंग ऑफ स्पाइस' माने जाते है। वे देश की राजधानी में एक अस्पताल और अनेक स्कूल चलाते है। कोई बता दें कि उन्होंने कभी किसी गैर-हिन्दू को हिन्दू धर्म से जोड़ने की कोशिश भी की हो।

भारत का आधुनिक लोकतंत्र पचहत्तर सालों की यात्रा के बाद अब अंग्रेजी राज के उपनिवेश की विकट छाया से मुक्ति की कोशिश में लगा है। उसकी आहट शिक्षा की संरचना, विषयवस्तु और प्रक्रिया में बदलाव में दिखने लगी है। परिवर्तन की अस्त-व्यस्तताओँ के साथ शैक्षिक ढाँचे को पुनर्व्यवस्थित करने के लिए राज्यों और केंद्र में कई स्तरों पर गहन तैयारी की जरूरत है। अध्यापक-प्रशिक्षण, पाठ्य-विषय, शिक्षण-माध्यम, पुस्तक-निर्माण, शैक्षिक-मूल्यांकन और शैक्षिक-संरचना आदि के मोर्चों पर आगे बढ़ने के लिए आर्थिक निवेश जरूरी होगा ताकि जरूरी अवसंरचना स्थापित और संचालित हो सके। भारतीय सभ्यता और संस्कृति के साथ जुड़ाव को आगे बढ़ाना और मातृभाषा में पढ़ाई के साथ डिजिटलीकरण की दिशा में सावधानी से आगे बढ़ना होगा। आज हाइब्रिड प्रणाली तेजी से लोकप्रिय हो रही है। आनलाइन शिक्षा पूरक और विकल्प दोनों ही रूपों में अपनाई जा रही है। इसके चलते विद्यार्थी और अध्यापक दोनों के कौशलों और दक्षताओं को पुनर्परिभाषित करने की जरूरत पड़ रही है। इन दृष्टियों से यह साल बड़ा ही निर्णायक सिद्ध होगा।

भारत अभी भी एक कृषि प्रधान देश है और गावों की परिस्थितियाँ देश के लिए से महत्वपूर्ण हैं और उनकी उपेक्षा नहीं होनी चाहिए । खाद्यान्न उत्पादन में विविधता की दृष्टि से मोटे अनाज, तिलहन तथा दलहन को बढ़ावा देने के उपक्रम और तेज होंगे। किसानों के पिछले आंदोलन की दुखद स्मृति अभी भी बनी हुई है। खाद, बीज, सिंचाई की व्यवस्था और बाजार से जुड़ी नीतियों पर संवेदना के साथ विचार जरूरी है। आशा है बिना भूले उन मुद्दों के समाधान की राह निकलेगी। पेस्टीसाइड के घातक प्रभावों को देखते हुए देसी बीज और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से दूध, फलों और सब्ज़ियों के उत्पादन में वृद्धि जरूरी है।

स्वास्थ्य की चुनौती विकराल हो रही है। पर्यावरण प्रदूषण, भोज्य पदार्थ में मिलावट, मंहगी दवाएँ, अस्पतालों की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं का बाजारीकरण स्वास्थ्य को आम आदमी की पहुँच से दूर कर रहा है। स्वास्थ्यसेवा के क्षेत्र में नैतिकता एक बड़ा सवाल बनता जा रहा है। इस बीच एलोपैथिक औषधि को उपलब्ध कराने के लिए जेनरिक औषधि की विशेष दुकानें खुली हैं वहां उचित दाम पर अनेक दवाएँ मिल रही हैं, पर वह नाकाफी है। आयुष की व्यवस्था देसी चिकित्सा पर बल देने के लिए प्रयास रात की गई है पर समग्र स्वास्थ्य ( मानसिक और शारीरिक दोनों ) की देखरेख अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। टेली मेंडिसिन की सेवाओं का विस्तार तेजी से किया जाना चाहिए। देश की जनसंख्या को देखते हुए चिकित्सकों की संख्या अपर्याप्त है। इसलिए स्तरीय स्वास्थ्य-शिक्षा के विस्तार पर वरीयता के साथ काम करना जरूरी होगा। कोविड की लड़ाई में देश की उपलब्धि सराहनीय थी और उससे उबर कर देश का आर्थिक विकास पटरी पर आ रहा है। कोविड की नई दस्तक पर सजगता जरूरी होगी।

मीडिया का कल्पनातीत विस्तार, खास तौर पर इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया का जिस तरह हुआ है उसने लोगों की मानसिकता, आचरण और वैचारिक परिपक्वता सबको हिला दिया है। उसकी प्रभाव-क्षमता रोचक सामग्री, तीव्र गति और अंत:क्रियात्मकता (इंटेरेक्टिव होने) के कारण बहुत बढ़ गई है। संवाद और संचार की दुनिया पर इस तरह का कब्जा जमा कर समाज का मन-मस्तिष्क कब्जे में लेने की यह कोशिश न केवल नए सामाजिक वर्ग और भेद बना रही है बल्कि मनुष्यता का भी मशीनीकरण करती जा रही है।

## खास बात

# यह कैसी सोच

**पुष्पा**

**जब** आज के युग में यह स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लिया गया है कि घर के कामों को पति और पत्नी समान रूप से मिलकर निपटाते हैं, पत्नी का स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि पति का; एक महिला को छुट्टी पर जाने और मौज-मस्ती करने का उतना ही अधिकार है जितना पुरुष को; फिर ऐसा क्यों है कि विज्ञापनों में वही पुरानी छवि पेश की जाती है? बाथरूम क्लीनर के विज्ञापन में महिलाओं को सफाई एजेंटों के रूप में क्यों दिखाना चाहिए? प्रेशर कुकर का विज्ञापन या मसाला ब्रांड का प्रचार या कुकिंग ऑयल का विज्ञापन केवल महिलाओं के लिए ही क्यों होना चाहिए? एडवेंचर और मस्ती को दर्शाने वाले विज्ञापनों में केवल पुरुषों को ही क्यों दिखाया जाना चाहिए? महिलाओं को ऐसा तेल क्यों चुनना चाहिए जो उनके पतियों को स्वस्थ रहने में मदद करे इसके उलट क्यों नहीं? सौभाग्य से, मैं आजकल, कुछ विज्ञापन देखती हूं जो इन रूढ़ियों से दूर जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे विज्ञापन बहुत कम हैं। उपभोक्ताओं के सोचने और कार्य करने के तरीके को भी प्रभावित करते हैं, खासकर जब उत्पादों या सेवाओं का लाखों अनुयायियों के साथ मशहूर हस्तियों द्वारा समर्थन किया जा रहा हो। विज्ञापनदाता और समर्थनकर्ता दोनों को इसके प्रति संवेदनशील होना होगा और जिम्मेदारी से काम करना होगा। लेकिन हमेशा ऐसा होता नहीं। इसका एक बड़ा उदाहरण फेयरनेस क्रीम और साबुन की मार्केटिंग है। यह सच है कि रंग पूर्वाग्रह हमारे समाज में पहले भी था, लेकिन अपने उत्पादों को बेचने के लिए, दशकों तक इन निर्माताओं ने अपने विषैले संदेशों के जरिये गोरी त्वचा को सुंदरता और सफलता से जोड़ा। जुलाई 2018 में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मैकेनिकल एंड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में प्रकाशित मैसूरू में युवाओं के खरीद-व्यवहार और विश्वास प्रणाली पर फेयरनेस क्रीम के विज्ञापनों के प्रभाव पर एक अध्ययन रिपोर्ट छपी, इसमें सामने आया कि कैसे फेयरनेस क्रीम विज्ञापनों ने सुंदरता की परिभाषा को प्रभावित किया। सुंदर सांवले लोगों के मानस को इन विज्ञापनों ने जो नुकसान पहुंचाया।

# शिव शक्ति

## धर्म-प्रवाह

**बीके पाण्डेय**

**मां दुर्गा** की उत्पत्ति के संदर्भ में शिव पुराण के अनुसार आदि देव शिव ने लीला शक्ति से अपने आकार यानी मूर्ति की कल्पना की, उसके पश्चात उन्होंने अपने ही विग्रह से एक स्वरूप मूर्त शक्ति की रचना की, जो परा शक्ति की प्रधान, प्रकृति, माया, बुद्धि तत्व की जननी तथा विकार रहित थी। शिव की यही शक्ति अंबिका कहलायी जिसे पार्वती, शिवा, उमा, शैल, तनुजा, शक्ति आदि नामों से पुकारा गया।

देवों के तेज का एकाकार रूप

मार्कण्डेय पुराण के देवी महात्म्य के अध्याय-2 के अनुसार महिषासुर वध के लिए देवी प्रकट हुईं। सबसे पहले भगवान विष्णु के मुखमंडल से एक प्रकाश पुंज प्रकट हुआ। इसी प्रकार ब्रह्मा एवं शिव आदि देवताओं के शरीर से एक तीव्र तेज निकला, जो मिलकर एकाकार हो गया। उसके पश्चात वह एकाकार रूप एक नारी रूप में परिवर्तित हो गया। उस नारी स्वरूप को शिव के तेज से मुख, यमराज के तेज से बाल, विष्णु के तेज से भुजाएं, चंद्रमा के तेज से वक्ष, इंद्र के तेज से कटि प्रदेश, वरुण के तेज से जंघाएं, पृथ्वी के तेज से नितम्ब, ब्रह्मा के तेज से चरण, सूर्य के तेज से उंगलियां, कुबेर के तेज से नासिका, प्रजापति के तेज से दांत, अग्नि के तेज से तीनों नेत्र और वायु के तेज से कान उत्पन्न हुए। दुर्गा सप्तशती के अनुसार इस नारी स्वरूपा दुर्गा को असुरों के साथ होने वाले महासंग्राम में विजयश्री प्राप्ति हेतु भगवान शिव ने त्रिशूल, विष्णु ने चक्र, वरुण देव ने शंख, पवन देव ने धनुष बाण और तरकश हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध का प्रभाव...




साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### खेल मंत्री बाहर

**हरियाणा** राज्य के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह साथ छेड़छाड़ ने जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। खेल मंत्री खेल विभाग छोड़ दिया है। पुलिस ने उन पर छेड़छाड़ से जुड़ी धाराएं 354, 354ए व 354बी के साथ गलत तरीके से रोकने के लिए 342 और जान से मारनेकी धमकी देने के आरोप में 506 के तहत केस दर्ज किया है। **– रविकांत सिंह, रांची**

### भविष्य की चिंता

**बच्चे** देश का भविष्य हैं, इसलिए उनकी रक्षा करने की जिम्मेदारी सरकार और समाज दोनों की है। इस स्थिति में, दोनों को अपनी भूमिका बेहतर ढंग से निभानी होगी और बच्चों के वर्तमान और भविष्य की रक्षा करनी होगी। यह परिवारों को हताशा में डाल रहा है और बच्चों को तस्करी के लिए धकेलने के लिए अतिसंवेदनशील बना रहा है।

**– सच्चिदानंद साथी, हजारीबाग**

**आप** सभी को ईसवी सन -2023 की हार्दिक बधाई! प्रभु श्री राम की कृपा से यह नूतन वर्ष आप सभी के जीवन को सुख, समृद्धि, सौभाग्य, उत्साह और आरोग्यता से अभिसिंचित करे।

**– योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

## आपके ट्वीट

**वीर** पुरुखों के शहादत की अमर भूमि है झारखण्ड। वीरांगनाओं के त्याग की संघर्षी भूमि है झारखण्ड। झारखण्ड का प्रत्येक दिन वीर शहीदों के संघर्ष और साहस की गाथा सुनाता है। खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों को शत-शत नमन। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





**स्वस्थ** नागरिकों में ही भारतवर्ष की समृद्धि निहित है। इस दिशा में रिकॉर्ड संख्या में बने ये हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स बड़ी भूमिका निभाएंगे। यह उपलब्धि न्यू इंडिया में एक नई ऊर्जा भरने वाली है।

**– नरेन्द्र मोदी**

# शिक्षा, धर्म से अधिक विज्ञान से प्रभावित हो

## विचार

**कुमार गौरव**

**यह** सवाल अपने आप में आज के दिन बेहद महत्वपूर्ण है कि क्या भारत में शिक्षा के नाम पर धर्म प्रचार की अनुमति जारी रहनी चाहिए? किसे नहीं पता कि धर्म प्रचार के कारण हमारे अपने देश में और पूरे विश्व में करोड़ों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं और रोज ही मारे जा रहे हैं।

क्या यह सच नहीं है कि भारत में कुछ खास धर्मों के मानने वाले शिक्षण संस्थानों में अपने-अपने धर्मों के प्रचार के लिए कोशिशें करते रहते हैं। कभी कभी सच में लगता है इस मसले पर देश में एक बार खुली बहस हो जाए कि क्या भारत में धर्म प्रचार की स्वतंत्रता जारी रहे अथवा नहीं ? देखा जाए तो केवल अपने धर्म पालन की सबको स्वतंत्रता होनी चाहिये। लेकिन, शिक्षण संस्थानों में अबोध बच्चों को अपने धर्म की अच्छाई और बाकी सभी धर्मों की बुराई बताना बच्चों को अबोध उम्र में कट्टर बनाना और दूसरे धर्मावलम्बियों के प्रति घृणा फैलाना कहाँ तक उचित है ? यही तो देश में धार्मिक उन्माद फैला रहा है ? यही तो आपसी असहिष्णुता की मूल धर्म के प्रचार- प्रसार की छूट की कोई आवश्यकता नहीं। धर्म कोई दुकान या व्यापार तो है नहीं जिसका प्रचार प्रसार करना जरूरी हो।

भारतीय संविधान धर्म की आजादी का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 25 (1) में कहा गया है कि सभी व्यक्ति समान रूप से धर्म का प्रचार करने के लिए स्वतंत्र है। लेकिन अनुच्छेद 26 कहता है कि धार्मिक आजादी और धार्मिक संप्रदायों के क्रियाकलाप में शांति और नैतिकता की शर्तें भी हैं। अनुच्छेद 28 में कहा गया है कि सरकारी शैक्षिक संस्थानों में कोई धार्मिक निर्देश नहीं दिया जाएगा। अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो देखते हैं कि भारत के संविधान निमार्ताओं ने सभी धार्मिक समुदायों को अपने धर्म के प्रचार की छूट दी थी। क्या इसकी कोई आवश्यकता थी? यह मानना होगा कि दो धर्म क्रमशः इस्लाम और ईसाई धर्म के मानने वालों की तरफ से लगातार यह प्रयास होते रहते हैं कि अन्य धर्मों के लोग भी येन-केन-प्रकारेण किसी भी लालच में उनके धर्म का हिस्सा बन जाएं। यह कठोर सत्य है। इससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। इस मसले पर देश में बार-बार बहस भी होती रही है और आरोप भी लगते रहे हैं कि इन धर्मों के ठेकेदार लालच या प्रलोभन देकर गरीब आदिवासियों, दलितों वगैरह को अपना अंग बनाने की फिराक में लगे ही रहते हैं। बेशक, भारत में ईसाई धर्म की तरफ से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और ईमानदारी से काम भी किया गया है। पर उस सेवा की आड़ में धर्मांतरण ही मुख्य लक्ष्य रहा है। मदर टेरेसा पर भी धर्मांतरण करवाने के अकाट्य आरोप लगे हैं। उधर, इस्लाम का प्रचार करने वाले बिना कुछ कहे ही धर्मांतरण करवाने के मौके लगातार खोजते हैं। हालांकि मुसलमानों के अंजुमन इस्लाम ने भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। यह मुंबई में सक्रिय है। अब आप देखें कि आर्य समाज, सनातन धर्म सभी और सिखों की तरफ से देश में सैकड़ों स्कूल, कॉलेज, अस्पताल वगैरह चल रहे हैं। पर इन्होंने किसी ईसाई या मुसलमान को कभी धर्मातरण करवाने का कभी प्रयास नहीं किया।

एमडीएच नाम की मसाले बनाने वाली कंपनी के संस्थापक महाशय धर्मपाल गुलाटी को सारा देश जानता है। वे पक्के आर्य समाजी हैं। महाशय जी पूरी दुनिया में 'किंग ऑफ स्पाइस' माने जाते है। वे देश की राजधानी में एक अस्पताल और अनेक स्कूल चलाते है। कोई बता दें कि उन्होंने कभी किसी गैर-हिन्दू को हिन्दू धर्म से जोड़ने की कोशिश भी की हो।

# ये दोनों थे विलक्षण प्रतिभा के धनी प्रधानमंत्री

## संस्मरण

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**25 दिसंबर** अटलबिहारी वाजपेयी का जन्म-दिवस मनाते और 23 दिसंबर को नरसिंह राव जी और स्वामी श्रद्धानंद जी की पुण्यतिथि भी। इन तीनों महानुभावों से मेरी व्यक्तिगत और आध्यात्मिक घनिष्टता रही है। स्वामी श्रद्धानंद आर्यसमाज और कांग्रेस के बड़े नेता थे। उन्होंने ही देश में गुरुकुल व्यवस्था को पुनर्जीवित किया, जिसका गुणगान नरेन्द्र मोदी ने कल ही किया है। उनकी गणना स्वातंत्र्य संग्राम के सर्वोच्च सेनानियों में होती है। उन्होंने भारत की शिक्षा-व्यवस्था और हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपूर्व प्रतिमान कायम किए हैं। 23 दिसंबर 1926 को एक मूर्ख मजहबी ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। वे विद्वान, तपस्वी तथा त्यागी संन्यासी थे।

वैसे ही आर्यसमाजी परिवार में श्री अटलबिहारी वाजपेयी ने जन्म लिया था। अटलजी और नरसिंह राव जी मेरे अभिन्न मित्र रहे। दोनों से मेरा लगभग 50 साल का संबंध रहा। दोनों के जन्मदिन पर (25 दिसंबर व 28 जून) हमारा भोजन साथ-साथ होता था। दोनों प्रधानमंत्री भी बने लेकिन दोनों के स्वभाव में मैंने कोई खास परिवर्तन नहीं देखा। वैसे देश में अब तक जितने भी प्रधानमंत्री हुए, नेहरूजी और शास्त्रीजी के अलावा सभी से मेरा सीधा संबंध रहा है। मैं ऐसा मानता हूं कि अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों में चार प्रधानमंत्री विशेष हुए। जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, नरसिंह राव और अटलजी ! अन्य प्रधानमंत्री भी अपने कुछ विशेष योगदानों के लिए जरूर जाने जाएंगे लेकिन या तो उन्हें अवधि बहुत कम मिली या फिर वे मजबूरी में अपने पद पर बने रहे।

ऐसा नहीं है कि उक्त चारों प्रधानमंत्रियों से गलतियां नहीं हुईं। उनसे भयंकर भूलें भी हुई हैं लेकिन उनका योगदान एतिहासिक रहा। वर्तमान प्रधानमंत्री के मूल्यांकन के लिए अभी प्रतीक्षा करनी होगी लेकिन अटलजी और राव साहब के व्यक्तित्वों में कुछ ऐसे गुण थे, जिन्हें भारत-जैसे लोकतांत्रिक देशों के सभी भावी प्रधानमंत्रियों को कुछ न कुछ सीखने को मिल सकता है। उनका पहला गुण तो यह था कि उनके पद ने उन्हें अहंकारग्रस्त नहीं होने दिया। वे आम लोगों और अपने विरोधियों से भी सीधा संवाद रखते थे। दूसरा, वे अन्य नेताओं की तरह नौकरशाहों की नौकरी नहीं करते थे। उनसे वे सलाह जरूर लेते थे लेकिन वे निर्णय अपने विवेक से करते थे। तीसरा, वे पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र पर बहुत जोर देते थे। अपने मंत्रियों, पार्टी अधिकारियों और कार्यकताओं से खुला संवाद करने में वे संकोच नहीं करते थे। चौथा, ये दोनों ही नहीं, कुछ अन्य प्रधानमंत्री भी आम लोगों की व्यथा-कथा सुनने के लिए खुला दरबार लगाते थे। पांचवाँ, ये प्रधानमंत्री पत्रकारों से डरते नहीं थे। पत्रकार-परिषदों में पूछे गए बेढंगे सवालों पर भी अपनी संयत प्रतिक्रिया देते थे। छठा, इन दोनों प्रधानमंत्रियों ने ह्यबराबरीवालों में प्रथमह्व रहने की पुरानी संसदीय परंपरा को भली प्रकार से निभाया। वे अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह अपने वाली नहीं चलाते रहे। दोनों प्रधानमंत्रियों का आज पुण्य-स्मरण!

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और जाने-माने स्तंभकार हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## राधा ने किया बैंक मैनेजर परीक्षा उतीर्ण



**टाटीझरिया।** दृढ़ संकल्प हो तो मंजिल दूर नही कौन कहता है बेटा बेटी में अंतर होता है। यदि दोनों में अंतर नही समझ एक जैसा व्यवहार पठन-पाठन सम्मान दिया जाय तो बेटियां कदापि बेटे से कम नही होती जिसका क्षेत्र में कई बेटियों ने अपनी कामयाबी को दिखा अपने माता पिता परिजनों के सपनो को साकार कर क्षेत्र के नाम प्रकाशित कर उदाहरण प्रस्तुत की है। वही टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो पंचायत की पूर्व मुखिया गिरजा देवी कोडरमा लोकसभा सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रसाद की बेटी राधा कुमारी उम्र लगभग 22 वर्ष ने बैंक पीओ -01अथार्त बैंक मैनेजर की परीक्षा उतीर्ण कर झरपो पंचायत सहित टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र का नाम को रौशन किया है।

## मुखिया ने किया गरीबो के बीच कंबल का वितरण

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत सिमराढाव गांव के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीब असहाय आदिवासी महिला पुरुषों के बीच पंचायत की मुखिया कुमारी मधु ने अपने निजी खर्च से कंबल का वितरण कर बढ़ती ठंड से बचाव को लेकर लोगों से गर्म कपड़े पहनने का आग्रह किया मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहन प्रसाद ,वार्ड सदस्य सुरेश मुर्मू समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## बिरहोरो के बीच जिला कांग्रेस महासचिव ने मनाया नववर्ष

**बरही।** प्रखंड के बरसोत पंचायत अंतर्गत बरियठा गांव में झारखंड से विलुप्तप्राय हो रहे आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के बीच रविवार को जिला कांग्रेस महासचिव विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मिठाइयां बांटकर नव वर्ष की खुशियां मनाई। गौरतलब है कि बिरहोर भारत की एक प्रमुख जनजाति है। मौके पर हजारीबाग जिला कांग्रेस महासचिव विनोद कुमार यादव, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष यमुना यादव, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, रघुनंदन गोप, शरीफुल हक, उमेश यादव, गणेश यादव समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।उक्त जानकारी कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने दी है।

## हेसपोड़ा में हुआ 100 केबीए ट्रांसफार्मर का उदघाटन

**चितरपुर।** हेसपोड़ा के सिंगारी टोला में रविवार को 100 केबीए का नया ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया गया। उदघाटन मुख्य रूप से मौजूद रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी व विशिष्ट अतिथि चितरपुर के पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बिजली की समस्या नही होने दी जाएगी। ज्ञात हो कि यहां लगा ट्रांसफार्मर 15 दिन पूर्व खराब हो गया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी शिकायत गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से किया। जिसके बाद उन्होंने बिजली विभाग से पहल कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। बिजली बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस लिया। मौके पर गोला पार्षद सरस्वती देवी, पूर्व पार्षद गोविंद मुंडा के अलावे गणेश महतो, दिनेश महतो, सुनीता देवी, आरती देवी सहित कई मौजूद थे।

## प्रेस क्लब टाटीझरिया में पत्रकारों ने किया अलाव की व्यवस्था

**टाटीझरिया।** कुहासे की चादर में दिन भर टाटीझरिया लिपटा रहा। दिनभर कभी भी सूर्य का दर्शन नहीं हुआ। ठंढ़ का प्रकोप काफी बढ़ गया था,जिसे देखते हुए प्रेस क्लब द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई। इससे चौक पर आने -जाने वाले राहगीरों को ठंडक से राहत मिली। जिसने भी अलाव जलते देखा,थोड़ी देर के लिए रुक कर इसकी तपिश ले ली। प्रेस क्लब के संरक्षक एमके पाठक, अध्यक्ष राजू यादव,सचिव सोनू पांडेय, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल ने इसकी व्यवस्था किया। अलाव का आनंद लेने भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, कैलासपति सिंह, योधि यादव, अमरेश सिंह, अरुण सिंह, सहदेव यादव व अन्य मौजूद थें।

# अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरही।** अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति विधानसभा बरही ने कैबिनेट मंत्री सह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर से मुलाकात कर अल्पसंख्यकों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण के संबंध में प्रार्थना पत्र सौंपा। बताया कि झारखंड राज्य में अनुसूचित जनजाति के बाद सबसे बड़ी आबादी हम अल्पसंख्यकों की है लेकिन हमारी वर्तमान स्थिति दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। जिसके मुख्य कारणों में इस वर्ग की सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक एवं आर्थिक पिछड़ापन है। अल्पसंख्यकों संस्कृति अनुसूचित जनजाति की तरह ही है एवं प्रकृति पर आश्रित रहने वाली बिरादरी है। इसलिए दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अपने आंदोलन काल में बोले हम आदिवासी अल्पसंख्यक आपस में भाई-भाई का नारा दिया था। झारखंड राज्य अलग होने पर अल्पसंख्यक को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाया जाएगा। अल्पसंख्यक के हित में महामहिम से निम्नांकित मांगे इस आशा एवं विश्वास के साथ समर्पित किया कि अल्पसंख्यक के हित में उनके द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। महासमिति द्वारा मुख्य मांगो में अल्पसंख्यक आयोग द्वारा अल्पसंख्यकों को बढ़ती हुई अशिक्षा बेरोजगारी को दूर करना, मदरसा बोर्ड का गठन करना एवं आलिम तथा फाजिल की परीक्षा किसी विश्वविद्यालय से संबंध कर ली जाए, रिक्त पड़े उर्दू शिक्षकों की बहाली प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्च विद्यालय तक में कराई जाए, ई-कल्याण द्वारा अल्पसंख्यक छात्र छात्राओं को लाभान्वित करने हेतु सभी अल्पसंख्यक स्कूलों को ई कल्याण का आईडी उपलब्ध कराया जाए, 1994 के पश्चात विभिन्न प्रखंडों एवं थानों में उर्दू अनुवादकों की बहाली नहीं हुई है। सभी रिक्त पदों पर उर्दू अनुवादक की बहाली की जाए, पीजीटी बहाली में उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति का विज्ञप्ति जारी नहीं किया गया है, अतः उर्दू शिक्षकों की बहाली हेतु विज्ञप्ति जारी की जाए, प्राथमिक विद्यालय में जहां भी कम से कम 25 उर्दू भाषी छात्र हैं, वहां उर्दू शिक्षकों की उपलब्धता कराई जाए, शहीद शेख भिखारी अरबी विश्वविद्यालय कायम किया जाए, मोब्लिंचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए शक्त से शक्त कानून पारित किया जाए। मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति विधानसभा बरही अध्यक्ष,मो क्यूम, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रखंड बरही इकबाल रजा, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस रुस्तम अली , मो तौकीर रजा मीडिया प्रभारी, सचिव पप्पू खान, मो जावेद आदि उपस्थित रहें।



मांगपत्र सौपते अल्पसंख्यक वर्ग

## बच्चें देश के भविष्य, इनका सर्वांगीण विकास जरूरी : संदीप उरांव



**भदानीनगर (रामगढ़)।** भंडारा आगनबाड़ी केंद्र में नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच सोमवार को गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। इस दौरान कुरसे पंचायत के मुखिया संदीप उरांव ने 28 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण करते हुए कहा कि पठन-पाठन में बच्चों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। बच्चों के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं इनके सर्वांगीण विकास व बेहतर स्वास्थ्य के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। मुखिया श्री उरांव ने शिक्षकों सहित अभिभावको से बच्चों को ठंड से बचाने व पढ़ाई में विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर वार्ड सदस्य विनोद उरांव, सेविका अल्बिना तिग्गा, सहायिका पुष्पा कच्छप, देवचरण उरांव सहित दर्जनों बच्चे मौजूद थें।

# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## बड़ी मात्रा में अफीम और कैश बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला पुलिस को बड़ी सीफलता हासिल हुयी है। एसपी मनोज रतन चौथे ने प्रेस वार्ता कर बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ सीसीआर आरीफ इकराम के नेतृत्व में टीम ने 1 करोड़ से अधिक रुपए के अफीम को बरामद किया है। इसके साथ 13 लाख रुपए से अधिक नगद की भी बरामदगी हुई है। एक सप्ताह के भीतर पुलिस की अफीम के मामले में यह तीसरी सफलता बताई जा रही है। पुलिस कप्तान मनोज रतन चौथे ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें एक गुप्त सूचना मिली थी उसी के आधार पर यह कार्रवाई की गई जिसमें 19 किलो 400 ग्राम अफीम १३ लाख रुपये नकद बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि इसका संबंध चतरा हजारीबाग के वैसे नशो के सौदागरो से है जो इसका सप्लाई दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सप्लाई करते है। अभी इस पर जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि जिनके घर से अफीम और पैसा बरामद हुआ है उनका नाम कामेश्वर साव है। पुलिस ने उसकी पत्नी रुकमी देवी को इस कांड में गिरफ्तार किया है। वहीं उन्होंने मीडिया के माध्यम से यह भी अपील किया की लोग इन सभी चीजों की खेती से बचें तथा पारंपरिक खेती की ओर जाएं। क्योकि इसमें कोई भविष्य नहीं है और लेने के देने भी पड़ सकते हैं।



प्रेस वार्ता करते एसपी मनोज रतन चौथे व अन्य

# गुरुओं के बताये मार्ग पर चलें अवश्य सफल होंगे: सेंसी विकाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासल (रामगढ़)।** बासल क्षेत्र के रसदा स्थित इंटरनेशनल मार्शल आर्ट्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर का छात्र सिद्धार्थ प्रसाद का फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित इंटरनेशनल ओपेन कराटे चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। सोमवार को उक्त जानकारी देते हुए कराटे ट्रेनिंग सेंटर के मुख्य प्रशिक्षक सेंसी विकास पाठक ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता 20 से 22 जनवरी तक पेरिस में आयोजित होगी। मडर्न मार्शल आर्ट्स कराटे डू फेडरेशन सह कराटे शोतोकान फेडरेशन अफ इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक गणेश गाडरीकरण हैदराबाद भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। प्रशिक्षक सेंसी विकास पाठक ने बताया कि सिद्धार्थ पहले भी चार बार नेशनल कराटे चैम्पियनशिप जीत चुके है। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ के चयन से न केवल रसदा का इंटरनेशनल मार्शल आर्ट्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर बल्कि पूरा पतरातू प्रखंड सहित झारखंडवासियों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि गुरूओं के बताए मार्ग-दर्शन में लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाये तो सफलतजा जरूर मिलती है। सिद्धार्थ के चयन पर पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, बिंदु भूषण दुबे, दीपक ओझा, रंथु मिश्रा, दीपक मिश्रा, पार्षद राजाराम प्रजापति, आदित्य नारायण साहू, कुमेल उरांव, रणधीर गिरी, धनंजय पुटुस, धीरज पाठक, प्रमोद पाठक, सेंसी सुमित्रा, अजीत कुमार सहित दर्जनों खेल प्रेमी, अविभावक व कराटेकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



प्रशिक्षक सेंसी विकास पाठक के साथ सफल कराटेकार व अन्य

## तापीन साउथ कोलियरी में संचालित लोकल सेल में विरोध जारी

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन साउथ कोलियरी में संचालित लोकल सेल में दोनों पक्षों में विरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। जबकि एक पक्ष सहमति बनाने के लिए तैयार है। वहीं दूसरा पक्ष इसके लिए तैयार नहीं है। दोनों पक्षों की आपसी विवाद में एक माह से लोकल सेल को सीसीएल प्रबंधन ने अनिश्चितकाल तक के लिए बंद कर दी है। सेल से जुड़े स्थानीय ग्रामीण रैयत, विस्थापित, प्रभावित, बेरोजगार और मजदूरों का नुकसान हो रहा है। इस सेल को दो वर्ष पूर्व स्थानीय रैयतों, विस्थापितों, प्रभावितों और बेरोजगारों के लिए वैकल्पिक रोजगार मुहैया कराने को लेकर खोला गया था। ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। इसके लिए स्थानीय लोगों ने वर्षों तक आंदोलन किया था। सेल को खुलते ही लोग खुश नजर आने लगे। सेल को सुचारू रूप से चलाने के लिए हाई पावर कमिटी का भी गठन किया गया। साथ ही मजदूरों का दंगल बनाया गया। इसके लिए संचालन,उप संचालन और मुंशी को नियुक्त किया गया। ताकि सेल को चलाने में कोई कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए सर्वसम्मति से शिवलाल महतो को अध्यक्ष बनाया गया। कुछ ही महीने बाद आपसी विवादों में घिर गया। विवाद के कारण सेल का बागडोर रामकिशोर मुर्मू के हाथों में चला गया। सेल में कार्यरत मजदूरों की मजदूरी समय पर नहीं मिलने के कारण दोनों पक्षों के बीच और भी विवादों में आ गया। दो माह पूर्व सेल के बागडोर पुनःशिवलाल महतो ने संभाली। दोनों ओर से धरना-प्रदर्शन और आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। प्रबंधन दोनों को आपसी सहमति बनाकर सेल को सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिया गया।

## चाड़ी मदरसा में चहारदीवारी कार्य का किया गया शिलान्यास

**गोला।** गोला प्रखंड के चाड़ी मदरसा में पूर्व विधायक ममता देवी की पूर्व की अनुशंसा पर चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रामविनय महतो, समाजसेवी बजरंग महतो व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी के द्वारा सिलापट्ट में पट्टा आनावरण कर विधिवत शिलान्याश किया गया। इस मौके पर बजरंग महतो ने कहा कि विधायक ममता देवी क्षेत्र की जनता से जुड़े मुद्दों के लिए हमेशा तत्पर रहती थी। लेकिन एक विपक्षी दल की ओछी एवं घटिया राजनीति की वो शिकार बनी। उन लोगों को विधायक के विकासोन्मुखी कार्य को देखा नही गया और षडयंत्र के तहत उन्हे जेल भेजने का काम किया गया। किसके साजिश के तहत ये षड्यंत्र रुपी कार्य किया गया उपचुनाव में जनता उसका माकूल जवाब देगी। क्षेत्र के अधूरे सभी कार्य को पुरा किया जाएगा। मौके पर बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कोटवार, फखरूद्दीन अंसारी, मिकाइल अंसारी, मासूक एजराइल, इरफान जावेद, लालू महतो, कमलेश कुमार, गौरी शंकर महतो, लतीफ अंसारी, कौसर अंसारी, बासुदेव महतो आदि उपस्थित थे।

## आदिवसी समुदाय के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर के देवरिया पंचायत भवन में खरसांवा के अमर शहीद आदिवासियों को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर आदिवासी समाज के लोगो ने बताया कि आजादी मिलने के बाद भारत सरकार ने 1948 में खरसांवा को बिहार से काटकर उड़ीसा में शामिल करने का निर्देश दिया। जिसके विरोध में 50 हजार से अधिक अदिवासियों ने केन्द्र सरकार के विरोध करते हुए एकजुट हो रहे थे। सभा में संविधान सभा सदस्य जयपाल सिंह मुंडा ने स्वतंत्रता अधिनियम के तहत आदिवासी समुदाय को जानकारी देने वाले थे। लेकिन इससे पहले ही उड़ीसा पैरा मिलेट्री पुलिस ने सभा स्थल पर अंधाधुन फायरिंग कर दी। जिससे हजारो आदिवासी समुदाय के लोगो की जान चली गई। श्रद्धांजली देने वालों में पूर्व पार्षद दर्शन गंझू, रोहित बेदिया, उमेश करमाली, महेन्द्र मुंडा, श्यामसुंदर करमाली, शिव शंकर भुंइया, तारिणी देवी, चौती देवी, दीपक राम, सुनील मुंडा, मनोज मुंडा, राजु मंडा, समीर रविदास, राजेश मुंडा, गुलाब करमाली, सुशांत करमाली सहित कई लोग शामिल थे।



श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित आदिवासी समाज के लोग

# नगर निगम, कार्यालय का नव निर्माण भवन लील लेगा पौराणिक मंदिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला परिषद् चौक पर स्थित पौराणिक ब्रह्म स्थान मंदिर के ध्वस्त होने के बाद पुनर्निर्माण बात से संवेदक मुकर गया है। ज्ञात हो की यहां नगर निगम कार्यालय के लिए नया भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस पौराणिक मंदिर का दुर्दिन उस दिन ही शुरू हो गया था जब नगर निगम के अधिकारियों की वक्र दृष्टि वहा की जमीन पर पड़ी थी। पुराने समाहरणालय के प्रांगण में नगर निगम का शानदार कार्यालय है परन्तु वहा अधिकारियों को ऑफिस कार्य करने में परेशानी हो रही होगी जिसके बाद इस स्थल पर भवन निर्माण के लिए चुना गया। निर्माण के दौरान किए गए मशीनी उपकरणों के उपयोग का भाइब्रेशन से पौराणिक आस्था का ब्रह्म स्थान मंदिर ध्वस्त हो गया था जिसके बाद संवेदक द्वारा नगर वासियो को आश्वासन दिया गया था की भवन के साथ साथ मंदिर का निर्माण करा दिया जायेगा। अब ताजा स्थिति ये है कि संवेदक अपने वादे से मुकर रहा है और कोर्ट जाने की धमकी दे रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए युवा उद्यमी हर्ष अजमेरा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मिला और मंदिर निर्माण को लेकर ज्ञापन सौपा। निर्माण के दौरान किए गए मशीनी उपकरणों के उपयोग का भाइब्रेशन से पौराणिक आस्था का ब्रह्म स्थान मंदिर ध्वस्त हो गया है। मंदिर समिति के द्वारा पूछे जाने पर संवेदक ने आश्वासन दिया था कि मंदिर का निर्माण नगर निगम भवन निर्माण के साथ-साथ कर देंगे। इस बीच संवेदक ने मंदिर समिति के सदस्यों से संबंधित नक्शा की मांग भी की जो 07 सितंबर 2022 को वाहट्सअप से संवेदक के मोबाईल नं0.8292607344 पर भेजा गया। मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर के निर्माण से संबंधित बोलने पर 22 अक्तूबर 2022 को इनके कर्मियों व संवेदक द्वारा केस दर्ज करने की धमकी दी गई है एवं मंदिर का निर्माण नहीं किया जाएगा इस तरह कहा जा रहा है। समिति का नेतृत्व कर रहे हर्ष अजमेरा व समिति सदस्यों ने कहा कि यह मंदिर जिला परिषद चौक, हजारीबाग का प्राचीन मंदिर सन 1912 ई. से है।



उपायुक्त को आवेदन सौपते हर्ष अजमेरा व अन्य

एक नजर में

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मिला गार्ड ऑफ आनर



**रजरप्पा।** सीएम के दौरे को ले कर यहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा था। यहां पहुंचते ही सीएम को पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ आनर दिया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख सह राजयसभा सांसद शिबू सोरेन, पत्नी रूपी सोरेन, मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन, भाभी सह जामा विधायक सीता सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू सहित अन्य परिजन उपस्थित थे। जिला की उपायुक्त माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडे ने मुख्यमंत्री का बुके प्रदान कर स्वागत किया। इसके बाद स्थानीय वीआईपी गेस्ट हाउस सीसीएल रजरप्पा में आराम करने के बाद गंतव्य के लिए रवाना हुए। मौके पर डीडीसी नागेंन्द्र कुमार सिन्हा, एसडीओ मो. जावेद, एसडीपीओ किशोर रजक, सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, चितरपुर उदय कुमार, थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह सहित झामुमो जिलाध्यक्ष विनोद किस्कु, जिला सचिव बिनोद कुमार महतो, चित्रगुप्त महतो, बजरंग महतो, महेंद्र मिस्त्री, बरतु करमाली, कमलेश कुमार महतो, मो. शकील, सकलदेव करमाली आदि लोग मौजूद थे।

## गरीबों का सहयोग करना हमारा मकसद : किशोरी राणा



**चौपार।** प्रखंड में नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने दर्जनों गांव में गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान श्री राणा ने कहा कि हमारे संस्था नव झारखंड फाउंडेशन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंबल वितरण कर रही है। आगे करती भी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए कंबल काफी लोगों तक नहीं पहुंच पाता है। जिससे गरीब लोग वंचित रह जाते हैं। बेबस लोगों के बीच कंबल का वितरण करना हमारा मुख्य उद्देश्य है ताकि लोगो को इस कप कपाती ठंढ से लोगो को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि नव झारखण्ड फाउंडेशन पिछले दस वर्षो से गरीब लोगो के प्रति सजग है और आगे भी रहेगी। साथ में भोला शंकर सिंह, रामकृत सिंह, संजय राणा दयानंद यादव आदि ग्रामीणों का भी योगदान रहा।

## बिरहोर टोला में प्रतिबंधित मांस जब्त, छानबीन में जुटी पुलिस

**बरही।** बरसोत पंचायत के बरियठा बिरहोर टोला निवासी राजेश बिरहोर के कॉलोनी (घर) में जमीन के अंदर दबाया गया प्रतिबंधित मांस बरही पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार चार दिन पूर्व राजेश बिरहोर के घर में दुलमहा निवासी खलील मियां के द्वारा कुछ बिरहोर लड़कों के साथ जानवर को मारकर बिरहोरों को खिलाया एवं बचे प्रतिबंधित मांस को ले गया, वहीं मांस के कुछ अपशिष्ट टुकड़ों को जमीन के नीचे दबा दिया गया।बिरहोर टोला निवासी मनोज बिरहोर ने दो दिनों बाद घटनाक्रम के संबंध में अन्य कई लोगों को बता दिया।जानकारी मिलने पर विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता ने अपने कई स्थानीय सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर जाकर जमीन में गड़े प्रतिबंधित मांस का उद्भेदन कर बरही थाना प्रभारी सह पु.नि. ललित कुमार को सूचित किया और प्रतिबंधित मांस को बरामद किया। इस बाबत पु.नि. सह थाना प्रभारी ललित कुमार के अनुसार मुख्य आरोपी खलील मियां को नामजद अभियुक्त बनाते हुए पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मौके पर विहिप मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया मोतीलाल चौधरी, मनोज बिरहोर, संतोष प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, कमलेश कुशवाहा, राजेश बिरहोर, चंदन कुमार, प्रदीप कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, अरविंद प्रसाद के अलावे कई अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरली का जल्द होगा उदघाटन: सिविल सर्जन

**दारू।** प्रखंड के हरली में प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन इस वर्ष के फरवरी महीने तक विधिवत रूप से प्रारंभ हो जाएगी। इस बात की जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी सिंह ने अस्पताल के लिए निर्मित भवन की निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से कही। सिविल सर्जन ने बताया कि यह भवन वर्ष 2014 में ही बनकर तैयार हो गया था पर इस भवन में स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति सरकार से नही मिल पाने के कारण इस केंद्र को शुरू नही किया जा सका। सरकार के द्वारा हजारीबाग जिले में छह प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्वीकृति मिली है जिसमे हरली का केंद्र भी शामिल है। जनवरी महीने में कुछ स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर दी जाएगी साथ ही कुछ कर्मियों को आउटसोर्सिंग के जरिये नियुक्त किया जाएगा। इस भवन में स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ करने की मांग दारू प्रखंड की जनता और जनप्रतिनिधि कई बार कर चुके है। सिविल सर्जन ने पंचायत की मुखिया फरजाना खातून के पति मोहम्मद फारुखउद्दीन को भवन परिसर के अंदर झाड़ियों की सफाई करने को कहा साथ ही उन्होंने कहा कि भवन के अंदर जाने के बाद ही पता चलेगा कि उसकी स्तिथि कैसी है। यहां आवश्यतानुसार भवन की मरम्मती कर उसे दुरुस्त किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएस सताब्दी मजूमदार, बीडीओ सुशील कुमार रॉय, डॉक्टर कपिलमुनि , स्वाति वर्मा,मोहम्मद फारुखउद्दीन आदि मौजूद थे।

## एकलव्य तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र एनटीपीसी का हुआ पंजीकरण



**बड़कागांव।** समाज के प्रति संवेदनशील एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजनाओं ने एक और उपलब्धि हासिल की है। परियोजना के आसपास के गांवों में तीरंदाजी को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों की दिशा में एक और कदम उठाते हुए परियोजना ने खुद को जिला तीरंदाजी संघ, हजारीबाग से पंजीकरण करवा लिया है। बीते दिन एक समारोह में जिला तीरंदाजी संघ हजारीबाग के अध्यक्ष आलोक कुमार ने परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव को पंजीकरण प्रमाण पत्र सौंपा। पंजीकरण एकलव्य तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र एनटीपीसी बड़कागांव के नाम से किया गया है। इस पंजीकरण के साथ एनटीपीसी पीबीसीएमपी में प्रशिक्षित तीरंदाज जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में एनटीपीसी पीबीसीएमपी का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम हो पाएंगे। इस कदम से आसपास के क्षेत्रों से आने वाले सैकड़ों बच्चों को इसका लाभ मिलेगा साथ ही हमारे देश के पारंपरिक खेल को भी बढ़ावा मिलेगा । सीजीएम (पीबी और पीबी-एनडब्ल्यू सीएमपी) ने पंजीकरण के लिए जिला तीरंदाजी संघ को धन्यवाद दिया और इस खेल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए एनटीपीसी से सभी प्रकार के समर्थन देने का आश्वासन भी दिया।

## किसानों के हितों का पूरा ख्याल रखेगा देवरिया पैक्स : सनोज कुमार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर पंचायत के हुरूमगढ़ा कूप मैदान स्थित देवरिया पैक्स के धान अधिप्राप्ति केंद्र में मात्र 15 दिनों में ही किसानों ने 3000 क्विंटल धान बेचा है। सोमवार को उक्त जानकारी देते हुए देवरिया पैक्स के कंप्यूटर अपरेटर सनोज कुमार ने बताया कि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर देवरिया पैक्स में खुले धान अधिप्राप्ति केंद्र से किसानो को बहुत लाभ मिला रहा है। यहां पर पैक्स खुलने से किसानों को अतिरिक्त समय के साथ-साथ अतिरिक्त खर्च की भी बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि विधायक की अनुशंसा सही साबित हुई।

### भाकपा (माले) रेड स्टार की बैठक 5 को

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार जिला समिति गुमला की आवश्यक बैठक 5 जनवरी 2023 को जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित की जाएगी। बैठक में पार्टी केंद्रीय कमेटी द्वारा तय कार्यक्रमों को जिले में लागू करने, जिले में फैले भ्रष्टाचार पर नकेल के लिए तथा जनसमस्याओं पर विचार विमर्श के अलावा गुमला में पार्टी के विस्तार व मजबूती के लिए विशेष चर्चा की जाएगी।

### ऑटो पलटने से तीन सवार लोग घायल

**गुमला।** डुमरी थाना क्षेत्र के ब्राह्मण देवता मंदिर के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें रतासिली निवासी 50 वर्षीय मनबोध मुंडा, 45 वर्षीय भीमशो देवी व प्रेम नगर निवासी 30 वर्षीय देव कुमार नगरिया के घायल हो गये। घटना के उपरांत ऑटो चालक घटनास्थल से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि ऑटो का आगे पीछे नंबर नहीं है। ऑटो महुआडांड़ क्षेत्र का बताया जा रहा है।

# दिन दहाड़े घर में घुस कर वृद्ध को बंदूकधारी अपराधियों ने सिर में मारी गोली, हालत गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




घर में गिरा खून, अस्पताल में इलाज कराता घायल

**लोहरदगा।** जिले में अपराधियों ने बेखौफ वृद्ध को घर में घुसकर गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सेन्हा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चितरी अंबाटोली में एक 70 वर्षीय वृद्ध गोवर्धन उरांव पिता स्वर्गीय एतवा उरांव को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। गोली चलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आनन फानन में घायल अवस्था में वृद्ध को परिजन सदर अस्पताल लोहरदगा लेकर आए, जहां भर्ती कर घायल का इलाज चल रहा है।इस संबंध में मिली जानकारी अनुसारचितरी अम्बाटोली निवासी स्वर्गीय एतवा उराँव के 75 वर्षीय पुत्र गोवर्धन उराँव अपने घर में खाना खा रहा था। उसी समय एक बाइक पर दो अज्ञात अपराधी अम्बाटोली पहुंच चितरी मोड़ के समीप गोवर्धन उराँव के नवनिर्मित मकान के पास रुक कर गोवर्धन उराँव के पोता अमर उराँव से पूछा कि झाड़ फूक करता है। उस वृद्ध का घर किधर है। बाइक सवार लोगो से पूछे जाने पर अमर उराँव घर बता कर अपने घर मे काम करने लगा तभी कुछ ही देर में गोली का आवाज ग्रामीणों ने सुना जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक अपराधी घटना को अंजाम दे फरार हो गये। वही अमर उराँव ने जानकारी देते हुए कहा कि अज्ञात दोनों अपराधी मास्क लगाए हुआ थे। और दोनों अपराधी को बाइक पर सवार हो एकागुड़ी टंगरा टोली के ओर से आने की बात बताया जा रहा है। लेकिन घटना को अंजाम दे किधर भाग निकले इसकी जानकारी नही मिल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच जांच पड़ताल कर रही है। परंतु कोई सुराग नही मिला। इस घटना को लेकर पुलिस कुछ भी बोलने से कोताही बरत रही है। इधर घायल वृद्ध के पुत्र विनय उरांव ने बताया की उनके पिता गोवर्धन उरांव खेती किसानी के साथ-साथ ओझा गुनी का काम गांव में करते है।सोमवार को सुबह दिन दहाड़े अज्ञात अपराध कर्मी ने घर में घुसकर उनके कनपटी में गोली मार दी है और फरार हो गए।ऐसे में गोली मारने का क्या कारण है कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। वहीं पूरे मामले पर सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ दिलीप कुमार खेस का कहना है कि घायल की स्थिति स्थिर बनी हुई है वही उनके सर में अभी भी गोली फंसा हुआ है। उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर किया जाएगा। इधर सेनहा थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर घायल से फर्द बयान लेकर अपराधियों के धर पकड़ में जुट गई है।

### आपूर्ती पदाधिकारी ने किया बैठक

**कैरो।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को प्रखंड आपूर्ती पदाधिकारी सुनील कुंवर की अध्यक्षता में जनवितरण संचालको के साथ बैठक किया गया। जिसमें कार्डधारी के सभी सदस्यों का आधार सीड कराने, मृत और शादी शुदा सदस्यों का नाम हटाने, समय पर दुकान खोलने और सही मात्रा में खाद्यान वितरण करने को लेकर निर्देश दिया गया। मौके पर सोमनाथ महली, प्रदुमन सिंह सहित जनवितरण संचालक मौजूद थे।

### प्रशिक्षण को लेकर जमा हो रहे आवेदन

**कैरो।** कौशल विकास के माध्यम से युवाओं में क्षमता विकास और आर्थिक रूप से मजबूती देने के उद्देश्य से ब्राम्बे में होटल मैनेजमेंट कोर्स निशुल्क छः महीने का निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण को लेकर मैट्रिक उतीर्ण छात्र-छात्राओं से प्रखंड कार्यालय के माध्यम से आवेदन जमा लिया जा रहा है।

## ग्रील तोड़कर चोरों ने लाखों के आभूषण उड़ाये



इसी घर में चोरी की घटना को दिया गया अंजाम

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के गणेशपुर डीपा निवासी अमृता देवी के घर में रविवार की रात चोरों ने चोरी की और लाखों रूपये के आभूषण ले उड़े। मिली जानकारी के अनुसार अमृता देवी अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने गांव मुरमकेला नववर्ष मनाने गई थी। सोमवार को जब वह घर वापस लौटी तो देखा कि पीछे के ग्रील का ताला टूटा हुआ और घर में रखे आभूषण सहित नगद रूपये की चोरी हो गई है। चोरों ने घर से सोने का मंगलसूत्र, सोने का चैन, कान की बाली, नथिया, तीन सेट पायल सहित नगद पांच हजार की चोरी कर ली। वहीं उसके पति जीत कुमार बड़ाईक के पेंशन के ओरिजनल कागजात भी चोरों ने चोरी कर ली।

## देश से नफरत को खत्म करना जरूरी: डॉ रामेश्वर उरांव

### भारत जोड़ों यात्रा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



यात्रा में शामिल मंत्री व अन्य

**कुडू।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा की शुरूवात ब्लॉक चौक से बस स्टैंड होते हुए नवा टोली रुद् चौक स्थित वीर शिवाजी चौक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा की समाप्त की गई। मौके पर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई,राजनीतिक केंद्रीकरण और विशेष रूप से 'भय, कट्टरता' की राजनीति और 'नफरत' के खिलाफ लड़ने के लिए भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।जिसके हर वर्ग का पूरा समर्थन मिल रहा है। पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि देश में इस ऐतिहासिक आंदोलन का हिस्सा बनने के लिए सभी वर्गों के लोग एक साथ आ रहे हैं। यह भारत की एकता, सांस्कृतिक विविधता और भारत वासियों के अविश्वसनीय धैर्य का उत्सव है एक तरफ बीजेपी , आरएसएस के लोग देश को बांटने के लिए फूट डालो राज करो कि राजनीति कर रही है और अडानी अंबानी जैसे व्यापारियों से मिलकर देश कि संपति को बेचने का काम कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ गांधी जी के विचारधारा के साथ आवाज उठाते रहेगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत को एकजुट करना है, साथ मिलकर देश को मजबूत करना है। यात्रा को समाज के हर वर्ग का अभूतपूर्व प्यार और समर्थन मिल रहा है। आज हमारे देश को विभाजित करने वाले आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कांग्रेस नेताओं के साथ लाखों लोग आंदोलन में शामिल हुए हैं। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष सकिल अहमद, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, एनएसयूआई अध्यक्ष विनय उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, मोहन दूबे, सद्रुल अंसारी, कुणाल अभिषेक, शाहिद अहमद, सुशीला देवी, इकबाल खान, अमृता देवी, संतोषी, उरांव, संगीता उरांव, सनियारो उरांव, कमरूल इस्लाम, तबरेज गौहर, नयुम अंसारी, अबुरेहान, रसीद अंसारी, मुनीम अंसारी, हजरत अली, जीवन खाखा, खुर्शीद खान, मुनि अंसारी, राजकुमार, विनोद लकड़ा, जैनुल अंसारी, प्रमोद साहू, रवि कुमार, असलम अंसारी, गुलाम जिलानी, लाल विकास सहदेव, तौसीफ आलम, मुशर्रफ रजा, प्यारी उरांव, रंजीत लकड़ा, विनोद आदि उपस्थित थे।

## युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मृतक युवक का फाइल फोटो

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के करमटोली गांव निवासी स्व. फकीर उरांव का 17 वर्षीय युवक कुंदन कुमार ने सोमवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने दोस्तों के साथ शाम को टोटो की ओर से घूमकर घर लौटा था। घर पहुंचने के बाद बगल में किराये के मकान में रह रहे लोगों से कुछ विवाद हो गया। जिसको लेकर बड़े भाई ने उसे घर में जाने की बात कही। जिसके कुछ देर बाद कुंदन ने अपनी मां की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर घटना के बाद परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### डॉ. संदीप 8 को गुमला में

**गुमला।** चर्म, कुष्ठ च थाईराईड रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार 8 जनवरी को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### युवक पर पत्थर से जानलेवा हमला, गंभीर

**गुमला।** शराब पीने को लेकर हुए विवाद में बेगुसराय जिला के सोनवा गांव निवासी 26 वर्षीय करन मुखिया पर सोमवार को जानलेवा हमला पत्थर से किया गया। जिसे करन मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में गुमला पुलिस के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल करन मुखिया ने बताया कि वे गुमला के गणेशपुर डीपा में किराये का मकान में रहता है। सोमवार को वह बड़ाईक मुहल्ला शराब पीने गया था। शराब विक्रेता को उसको पूर्व का बकाया 110 रूपया देना था। उसी पैसे को लेकर शराब विक्रेता के साथ विवाद हो गई। जिसको लेकर शराब विक्रेता के द्वारा पत्थर से उसके सर पर जानलेवा हमला कर दिया। पत्थर लगने से उसका सर फट गया। लहुलहान हालत में वह गुमला थाना पहुंच गया। जिसे देख तत्काल गुमला पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। इधर घायल के बयान के आधार पर गुमला थाना में मारपीट की प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## एसडीपीओ के नेतृत्व में गुमला शहर में चलाया गया वाहन जांच अभियान

### सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा लोगों को किया गया जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



वाहन जांच अभियान चलाते एसडीपीओ व अन्य

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक ऐहतेशाम बकारीब के आदेशानुसार सोमवार को गुमला थाना के सामने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल एवम पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। साथ ही लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने, ट्रिपल लोड, शराब पीकर वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले की सघन जांच की गई। सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन तथा बिना हेलमेट व बिना सीटबेल्ट पहने वाहल चलाने वालों लगभग 45 लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क-सुरक्षा के टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया । इस दौरान लोगो को यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं लोगो को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए लर्निंग में आये लोगो को यातायात शपथ ग्रहण करवाया गया। सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है।

### विशुनपुर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**बिशुनपुर।** विशुनपुर पुलिस ने सोमवार को थाना मोड सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थाना के एएसआई जगनंदन प्रसाद के नेतृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर थाना मोड़ के पास दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर जांच की गई। वाहनों के डिक्की खुलवा कर डिक्की की भी जांच की गई। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने को निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने बताया कि नववर्ष व सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना वाहन नहीं चलाएं नहीं तो होगी कार्रवाई। वाहन चेकिंग अभियान से दोपहिया बाइक चलाने वाले लोग इधर-उधर भागते दिखे। इस मौके पर एसआई बिरूदेव कुमार सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

## मानव तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार अपराधी के साथ पुलिस अधिकारी

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र से एक मानव तस्कर तकीबुल अंसारी को लोहरदगा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लोहरदगा आतु थाना कांड संख्या 02/2022 आईपीसी धारा 363,370 और 34 के अंतर्गत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। तकीबुल अंसारी पर दो महिलाओं को काम का झांसा देकर राजस्थान में बेचने का प्रयास किए जाने का आरोप है। तकीबूल अंसारी पर पहले भी आपराधिक इतिहास रह चुका है।

तकीबुल अंसारी भंडरा थाना क्षेत्र के बालसोता निवासी हैं जिसे भंडरा से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी किरण पंडित ने कहा की तकिबूल अंसारी पूर्व मे भी ऐसी घटना को अंजाम दे चूका था लड़कियों /महिलाओं को ठग फुसला कर काम दिलाने के नाम पर तस्करी करता था। इस बार भी दो महिलाओं को राजस्थान मे काम दिलाने का प्रलोभन देकर तस्करी कर दिया था।इन दोनों महिलाओं के लिखित आवेदन के अलोक मे तस्कर तकिबूल अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है` थाना प्रभारी किरण पंडित ने महिलाओं और लड़कियों से आग्रह किया है की ऐसे जलसाजी और लालच मे कहीं भी काम का प्रलोभन मे न आएं चुंकि कोई भी आपको काम देता है कंपनी हो या प्राइवेट संस्थान उसे शपथनामा और लिखित देकर ही ले जा सकता है वो भी परिवार की सहमति तथा बालिग होना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं और लड़कियों से झांसा मे नहीं आने और अपने ऊपर हो रहे गलत कार्यों को विरोध करने की हिम्मत करें हम महिला थाना और पुलिस विभाग हमेशा आपकी सुरक्षा हेतु तत्पर रहेगी।

### बसिया में चलाया गया वाहन जांच अभियान

**बसिया।** बसिया पुलिस ने सोमवार को दो पहिया वाहनों की गहन जांच अभियान चलाया। इस जांच अभियान में पुलिस द्वारा दो पहिया वाहनों के पूरे कागजात जैसे इंश्योरेंस, आरसी बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, चालको के हेलमेट आदि की जांच की गयी। पुलिस द्वारा ओवरलोडिंग,रेस ड्राइविंग,रॉन्ग साइड ड्राइविंग की जांच की गयी और गलत पाये जाने पर आवश्यक कार्रवाई की गयी। पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले का मेडिकल जांच कराकर उंसके विरुद्ध भी नियमसंगत कार्रवाई की गयी।

## जमीन विवाद में हुआ मारपीट, एक गंभीर रूप से घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिसई।** सिसई थाना क्षेत्र के सोगड़ा गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शंकर साहु को रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोगड़ा गांव निवासी मनीजर साहु उसके दो बेटे विनोद साहु व रवि साहु और गांव के ही चामा मुंड़ा, परदेशिया मुंड़ा व शंकर साहु के बीच जमीन विवाद को लेकर सोमवार को मारपीट हुआ। इस दौरान मनीजर साहु ने कुल्हाड़ी से शंकर साहु पर वार किया।

जिसमें शंकर साहु के सिर में गंभीर चोट लगी। उसे रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं हमला करने वाले मनीजर साहु (62) व उसके दोनों बेटे विनोद व रवि साहु को सिसई पुलिस थाना ले गई है। समाचार लिखे जाने तक घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी।

### मिशन बदलाव सदस्य ने किया रक्तदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन ने अंबेडकर नगर भुइयां टोली के रहने वाली गुड़िया देवी को सदर अस्पताल गुमला में पिछले दिनों इलाज के लिए एडमिट कराया गया था। पिछले 6 माह से वह बीमार है और चल फिर नहीं सकती है। डॉक्टरों ने बताया कि मरीज गुड़िया देवी को टीबी की बीमारी हो गई है। इसके बाद मरीजों के परिजनों ने पुनः मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन को संपर्क किया। सैयदा ने ब्लड की जरूरत संबंधित समस्याओं को ध्यानपूर्वक देते हुए मिशन बदलाव व्हाट्सएप ग्रुप में संदेश साझा किया। उसके बाद सविता देवी ने ब्लड डोनेट करने के लिये कॉल किया। सैयदा खातुन के द्वारा ब्लड बैंक में लेकर जाकर ब्लड डोनेट कराया गया।

### 1 लाख 20 हजार वैध उपभोक्ता में मात्र 7 हजार नियमित रूप से जमा करते है बिल

## बिजली विभाग का हाल बेहाल खर्चा 4 करोड़ ,वसूली मात्र 2 करोड़

**रोशन कुमार**



कार्यपालक अभियंता दीपक खलखो

**लोहरदगा।** जिले में बिजली विभाग का सालाना खर्च 4 करोड़ होता है वही वसूली मात्र दो करोड़ ही हो पाता है। जिससे विभाग को परेशानियों को सामना करना पड़ता है। जिले में बिजली बिल जमा करने को लेकर लोगो में जागरूकता की कमी के कारण ये स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिले में कुल बिजली के वैध उपभोक्ता 1 लाख 20 हजार है। जिसमे से हर महीने नियमित रूप से बिजली बिल जमा करने वालो में मात्र 7 हजार उपभोक्ता शामिल है।ऊपर से सरकारी विभागों में भी करोड़ रुपए का बकाया बिल समय पर नहीं मिलने से भी विभाग को परेशानी हो रही है।

**जिले में 50 करोड़ से ऊपर बकाया है बिजली बिल :** जिले में बिजली विभाग के दो डिवीजन लोहरदगा सब डिवीजन और कुडु डिविजन शामिल है। जिसमे 5 से 10 हजार रुपया बकाया बिल में लोहरदगा डिविजन में 5 हजार 677 उपभोक्ता में 4 करोड़ 83 लाख बकाया है।

वहीं कुडू डिविजन में 8 हजार 125 उपभोक्ता में 5 करोड़ 96 लाख बकाया है। उसी प्रकार 10 से 25 हजार रुपया बिल बकाया में लोहरदगा डिविजन में 11 हजार 31 उपभोक्ता में 1 करोड़ 73 लाख, कुडु डिविजन में 16 हजार 732 उपभोक्ता के बीच 26 करोड़ 45 लाख बकाया है।वही 25 से 50 हजार रुपए बकाया में लोहरदगा के 1629 उपभोक्ता से 5 करोड़ 61 लाख और कुडू के 1601 उपभोक्ता से 5 करोड़ 12 लाख रुपया बकाया है। इसके अलावा विभिन्न सरकारी विभाग में 10 करोड़ से ऊपर का बकाया है।

### जागरूकता के साथ छापामारी अभियान चलाया जा रहा है: ईई

जिले में बिजली बिल वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने कमर कस ली है। विभाग द्वारा बकाया बिल वसूली को लेकर लगातार विभिन्न प्रखंडों में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। कई लोगो पर केस दर्ज भी किया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता दीपक खलखो ने बताया कि जिले में लगातार लोगो को समय पर बिजली बिल जमा करने को लेकर जागरूकता के साथ साथ शिविर भी लगाए जा रहे है। लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के करना विभाग अब छापामारी अभियान के जरिए राजस्व के जुगाड में जुट गई है। अभी तक जिले में 25 लोगो पर सर्टिफिकेट केस दर्ज कराया गया है। विभाग की कोशिश है कि की नियमित रूप से बिजली बिल जमा करने वालो उपभोक्ताओं में वृद्धि हो जिससे राजस्व में बड़ोतरी हो।

### लाखों रूपये नगद सहित कई सामानों की चोरी

**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह चेंबर ऑफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष गुमला शहर के बड़ाईक मुहल्ला निवासी रमेश कुमार चीनी के घर से लाखों रुपये के आभूषण व नकद की चोरी हुई है। श्री कुमार के अनुसार 10 से 15 लाख रुपये की चोरी हुई है। वह अपने परिवार से साथ देवघर बाबाधाम गये थे। गुमला शहर के बड़ाइक मुहल्ला स्थित श्री कुमार के घर पर कोई नहीं था। घर की देखरेख की जिम्मेवारी घर में काम करने वाली महिला के जिम्मे था। बताया जा रहा है कि चोरी की घटना एक जनवरी की शाम तीन बजे से पांच बजे के बीच घटी है। चोरों ने दो घंटे के अंदर चोरी को अंजाम दिया। घर मालिक रमेश कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ देवघर में थे। तभी एक जनवरी की शाम छह बजे घर की रखवाली करने वाली महिला ने फोन कर चोरी की जानकारी दी।

स्पीड न्यूज

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक गंभीर

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के खामडीह गांव में विद्यालय के समीप रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर सोमवार के करीब चार बजे शाम में अज्ञात बोलेरो के चपेट में आने से बड़की नेभी गांव के सुधीर भुइयां की पत्नी सुभंती देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। सतबरवा पुलिस तथा ग्रामीणों के सहयोग से एमएमसीएच जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि महिला एक युवक के साथ बाइक सवार अपने घर नेभी गांव जा रही थी। इसी दौरान बाइक के आगे जा रही टेंपो अचानक रुक गयी। टेंपू से साइड लेने के क्रम में महिला सड़क पर गिर गयी। इस दौरान मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही बोलेरो के चपेट में आ गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई पुलिस घटना में शामिल बोलेरो के धरपकड़ के छानबीन में जुटी हुई है।

## बैंक अधिकारियों संग डीएओ ने की बैठक

**जमशेदपुर।** सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय सभागार, बिष्टुपुर में जिला कृषि पदाधिकारी श्री मिथिलेश कुमार कालिन्दी एवं अग्रणी जिला प्रबंधक संतोष कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के प्रमुख बैंकों के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई । मुख्य रूप से झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना में बैंकों द्वारा लंबित डाटा अपलोडिंग, आधार सीडिंग तथा लंबित ई-केवाईसी कराने के संदर्भ में दिनांक 09 .01.2023 से होने वाले विशेष कैंप के लिए बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक एवं कृषक मित्रों के माध्यम से किसानों के बीच सूचना का प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

## कर्मी कांग्रेस चंद्र महतो को दी गयी विदाई

**जमशेदपुर।** बिरसानगर डाकघर में कार्यरत डाककर्मी कांग्रेसचंद्र महतो को भावभीनी विदाई दी गई एवम लंबी उम्र की कामना की गई। कांग्रेस चंद्र महतो 1985 से बिरसानगर डाकघर में कार्यरत थे,37 साल कार्य करने के बाद सेवानिवृत हुए। इस विदाई समारोह के अतिथि के रूप में नरेंद्र सिंह (हैप्पी) व राजेश भोजपुरिया उपस्थित रहे। इन्होंने कहा कि कांग्रेस चंद्र महतो बहुत ही ईमानदार और काम के प्रति समर्पित डाककर्मी थे। बिरसानगर डाकघर में आयोजित विदाई समारोह में डाकघर के डाककर्मी विसर्जन शर्मा (उप डाकपाल), चंद्रभूषण पाठक,देबू सीट, पंकज सिंह,मुन्ना मुखी,जी एन परिदा (पूर्व उप डाकपाल), तापस पाल, बिरजू दास ने विदाई दी।

## भुनी में जनजातियों के बीच बंटी खाद्य सामग्री

**जमशेदपुर।** नये साल की पहली तारीख को नव वर्ष के स्वागत में बोड़ाम प्रखंड के भुनी गांव में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन गांव के स्वतन्त्रता सेनानी रह चुके स्वर्गीय दीनबंधु पाठक की स्मृति में उनके परिवार की ओर से किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच नि:शुल्क दवाएं वितरित किया गया और मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की गयी। यह शिविर भुनी गांव के ऐतिहासिक व पौराणिक कोठारी मंदिर के पास ही सुबह नौ बजे से देर शाम तक चला जिसमें चार सौ से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। विदित हो कि उक्त शिविर में डॉ यू एन मदीना ने एलोपैथी और डॉ संतोष कुमार ने होम्योपैथी का इलाज किया। इसके साथ दलमा अभयारण्य के बोंटा, चिमटी, केंदडीह आदि गांवों के जनजातीय निवासियों के बीच खाद्य सामग्री और गरम कपड़े बांटे गये। उद्घाटन सत्र में आह्वावक शिशिर पाठक ने कहा कि हमें समाज की अपने स्तर से सेवा करनी चाहिए। मुख्य उद्योक्ता कोठारी पैथो लैब के संचालक पंकज पाठक ने कहा अपने पूर्वजों की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन उनके प्रति एक श्रद्धांजलि है। डॉ मनोज पाठक ने सभी को सम्बोधित करते हुए यह शुभकामना मांगी ताकि पाठक परिवार का मनोभाव सदा लोक-सेवा से ओत-प्रोत रहे। इसे सफल करने में शिशिर पाठक, दिलीप पाठक, शंकरी प्रसाद पाठक, पंकज पाठक, साधन पाठक जुटे थे।

# गुड न्यूज : जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य पूर्ण

■ पूर्व सीएम रघुवर व सांसद विद्युत का हुआ नागरिक अभिनंदन
■ रघुवर ने आमजनों व भाजपा कार्यकर्ताओं संग की पदयात्रा
■ आरओबी निर्माण में पूर्व सीएम का सराहनीय योगदान : सांसद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सहित कोल्हान के व्यापारिक पहचान के रूप में स्थापित जुगसलाई क्षेत्र की दशकों पुरानी मांग रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण और इसके स्वरूप में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विद्युत वरण महतो के सराहनीय प्रयासों को स्मरण करते हुए नागरिक अभिनंदन किया गया। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में दोपहर 3 बजे वीर कुंवर सिंह चौक पर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व नमन कर पदयात्रा की शुरूआत की गई। इस दौरान जुगसलाई क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठन, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं सांसद विद्युत महतो का ढ़ोल-नगाड़े, फूल-माला व पुष्पवर्षा, पगड़ी व आतिशबाजी के साथ अभिनंदन किया। पदयात्रा वीर कुंवर सिंह चौक से चौक बाजार के रास्ते फाटक चौक पर सभा में तब्दील हो गयी। पदयात्रा




जुगसलाई में पूर्व सीएम रघुवर दास और सांसद विद्युत का नागरिक अभिनंदन राजस्थानी पगड़ी पहना कर किया गया और पदयात्रा के दौरान कलश लेकर चलती महिलाएं और आगे-आगे सांस्कृतिक दल।

के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में स्थानीय महिलाएं माथे पर कलश लेकर चल रही रही थी, वहीं कलाकार पारंपरिक नृत्य के माध्यम से झारखंड की परंपरा को प्रदर्शित कर रहे थे।

नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य होने पर जुगसलाई एवं बागबेड़ा की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस रेलवे ओवरब्रिज के लिए विगत 60 वर्षों से इन्तेजार हुआ वो आज पूरा हुआ। इस ओवरब्रिज निर्माण के लिए जुगसलाई की जनता, बागबेड़ा की जनता और भारतीय जनता पार्टी ने लगातार संघर्ष किया। उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का श्रेय जुगसलाई एवं बागबेड़ा की जनता के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं को समर्पित किया। कहा कि जनता की समस्या और उनके दर्द को महसूस करते हुए तत्कालीन भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह एवं ब्रह्मदेव नारायण शर्मा के नेतृत्व में इसके लिए बड़ा आंदोलन किया गया था। जिसमें एक भाजपा कार्यकर्ता के रूप में वे खुद भागीदार बने थे। जब जनता के आशीर्वाद से झारखंड की सेवा करने का अवसर मिला तो मैंने भी एक जिम्मेदार सरकार और जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी को समझते हुए जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि झारखंड गठन और इससे पूर्व में जमशेदपुर लोकसभा से कई सांसद बने लेकिन इस दिशा में कभी कोई पहल नही की गयी। जब केंद्र और राज्य में जनता ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाई तो विकास भी दोगुनी रफ्तार से किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यों में विकास सबसे सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और जनता के प्रति जिम्मेदारी को समझते हुए सांसद विद्युत महतो ने राज्य सरकार के सहयोग से रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य की पहल की। उन्होंने कहा कि 6 नवंबर 2018 को करीब 29 करोड़ की लागत वाली जुगसलाई आरओबी का शिलान्यास किया था। जिसमें रेलवे को 11 करोड़, जबकि पथ निर्माण विभाग को 18 करोड़ रुपए खर्च करने की स्वीकृति मिली थी।

# टीएमएच में आम नागरिकों के लिए हेल्थ चेक अप की सुविधा जल्द होगी : नरेंद्रन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के ग्लोबल सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन ने आज कहा कि जमशेदपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा करने के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल को और मजबूत किया जा रहा है। जिस तरह से सोनारी आरोग्य भवन में एग्जूक्टिव हेल्थ चेक अप सेंटर शुरु किया गया है जल्द ही जमशेदपुर के आम नागरिकों के लिए हेल्थ चेक अप सेंटर की सुविधा दी जायेगी। टीएमएच प्रबंधन इस दिशा में तेजी से काम चल रहा है। इसी तरह सड़कों के चौड़ीकरण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं में इजाफे की दिशा में काम चलता रहेगा। हम अपने शहर में नागरिकों का जीवन स्तर उन्नत करने की दिशा में निवेश करते रहेंगे।

नरेंद्रन नववर्ष पर केक कटिंग समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने कहा कि टीएमएच में नयी एमआरआई मशीन, डायबिटिक सेंटर एवं मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज जैसी नयी सुविधाएं जोड़ी गई हैं। हम शहर के नागरिकों से भी अपील करते हैं कि वे टीएमएच प्रबंधन को सहयोग करें। बीच-बीच में डॉक्टरों एवं स्टाफ से



केक कटिंग समारोह को संबोधित करते टीवी नरेंद्रन।

हाथापाई,तोड़ फोड़ की घटनाएं हमारे डॉक्टरों के मनोबल पर गलत असर डालती हैं। हमारे डॉक्टर और स्टाफ पूरी शिद्दत से रोगियों की सेवा करते हैं किन्तु मरीज की मौत होने पर उनके साथ दुर्व्यवहार कहीं से उचित नहीं है।

दूसरी ओर, गत रविवार को टाटा स्टील वर्क्स में आयोजित केक कटिंग समारोह में टीवी नरेंद्रन ने कहा कि कार्बन डाइऑक्साइड के मसले पर कहा कि 2045 तक 0 कार्बन डाइऑक्साइड का लक्ष्य प्राप्त करने का विजन है जिसे हम लोग हासिल करेंगे कंपनी आने वाले दिनों में कोयले की खपत को काम करेगी और हाइड्रोजन इलेक्ट्रिसिटी और ग्रीन स्टील के लिए स्क्रैप के उपयोग पर जोर दे रही है बाजार में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए उन्होंने ग्राहकों के विश्वास उनकी संतुष्टि से जोड़ते हुए कहा कि उनकी बातों को सुनना और त्वरित प्रतिक्रिया देना जरूरी है नहीं तो आज के समय में उनके पास अन्य विकल्प मौजूद हैं। अपने संबोधन में नरेंद्रन ने पूर्व एमडी डा जेजे ईरानी को याद करते हुए कहा कि उनका नहीं होना अब बहुत खल रहा है। डॉक्टर ईरानी का हमारे बीच होना ही हमारे लिए काफी था। वह एक हिम्मत देने वाले पिलर थे। सीइओ ने कोरोना महामारी के संक्रमण से मारे गए 120 टाटा स्टीलकर्मियों को भी याद किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## मानगो फ्लाई ओवर में अब टाटा स्टील का लगा पेंच : सरयू राय

■ जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो-जमशेदपुर के बीच प्रस्तावित बहुचर्चित फ्लाई ओवर की डिजाइन में टाटा स्टील लि० का पेंच लग गया है। झारखंड सरकार के अभियंताओं द्वारा पूर्व में बनाई गई डिजाइन को स्वीकार कर अनापत्ति प्रमाण देने के लिए कम्पनी तैयार नहीं है। कंपनी ने फ्लाई ओवर के डिजाइन में व्यापक सुधार करने का सुझाव दिया है। सरकार यह सुझाव मानती है तो फ्लाई ओवर के उतार-चढ़ाव वाले हिस्सों की डिजाइन में भारी फेर बदल करना होगा। इसका असर परियोजना के व्यय पर भी पड़ेगा। यानी अब इस परियोजना की तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति दोबारा लेनी होगी।

उक्त जानकारी एक बयान जारी कर जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने दी है। इस बीच सरकार ने पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख और सेन्ट्रल



विधायक सरयू राय।

डिजाइन ऑर्गनाइजेशन (सीडीओ) के मुख्य अभियंता को बदल दिया है। ये दोनों ही इस परियोजना के आरम्भ काल से जुड़े हुए थे। विभाग के दोनों शीर्ष अभियंताओं का अचानक स्थानांतरण सामान्य घटना नहीं है।

सरयू राय ने बयान में कहा है कि इस बारे में मैंने पथ निर्माण विभाग के सचिव और कतिपय अभियंताओं से बात की है।

## डुमरिया के सीओ रामनरेश सोनी का हार्ट एटैक से निधन,क्षेत्र में शोक

■ सीओ के असामयिक निधन पर जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने जताया शोक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** डुमरिया के अंचल अधिकारी रामनरेश सोनी का हृदय गति रुकने से आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। तबियत खराब होने पर श्री सोनी को टीएमएच लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टीएमएच में उपायुक्त समेत सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

पार्थिव शरीर को एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पास्टमार्टम कराया गया। मूल निवासी ग्राम+ पोस्ट+ थाना- मुस्करा, जिला- हमीरपुर, उत्तर प्रदेश के रहने वाले 42 वर्षीय श्री रामनरेश सोनी अपने पीछे भरा-पूरा छोड़ गए हैं। पांच भाईयों में सबसे छोटे श्री सोनी की पत्नी एवं उनके दो बच्चे( एक बेटी,



रामनरेश सोनी (फाइल फोटो)।

एक बेटा) मुसाबनी में साथ रहते थे। परिवार में मां हैं, पिता का निधन हो चुका है।

झारखंड प्रशासनिक सेवा तृतीय बैच के अधिकारी श्री राम नरेश सोनी डुमरिया अंचलाधिकारी के साथ-साथ मुसाबनी अंचलाधिकारी के भी अतिरिक्त प्रभार में थे। जून 2022 में एसडीओ के पद पर प्रोन्नत किए गए। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य और दिल्ली से सामाजिक विज्ञान में मास्टर डिग्री ली। साल 2010 में एटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग बीडीओ सह सीओ सतबरवा प्रखंड पलामू, मेदिनीनगर सदर अंचल अधिकारी, साहिबगंज अंचल अधिकारी, अंचल अधिकारी चास के पद पर पदस्थापित रहे थे।

समाहरणालय सभागार में आयोजित शोकसभा में सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुःख के समय में पूरा जिला प्रशासन उनके साथ है। उन्होने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे नौजवान एवं काबिल अधिकारी का असमय चले जाना काफी दुःखदायी है। जिला प्रशासन के लिए यह अपूरणिय क्षति है।

## एक्सरसाइज करने से शरीर को सबसे अधिक फायदे मिलते हैं: डालचंद महतो

■ मॉर्निंग थंडर्स ग्रुप के सदस्यों द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह
■ सभी सदस्यों ने लजीज भोजन का आनंद उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** रजरप्पा आवासीय कॉलोनी के समीप बाह्मणधारा तट पर मॉर्निंग थंडर्स ग्रुप के सदस्यों द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वनभोज मिलन समारोह में वर्ष 2022 की विदाई एवं 2023 नए वर्ष की स्वागत किया गया। इसके बाद सभी सदस्यों ने लजीज भोजन का आनंद उठाया। वही नाच-गान, आदि का सदस्यों ने भरपूर आनंद



वनभोज में मौजूद ग्रुप के सदस्यगण।

उठाया। ग्रुप के डालचंद महतो ने कहा कि घर में तो सभी लोग रोजाना खाना-पीना करते हैं, लेकिन नदी के छोर पर जब पिकनिक का माहौल रहे तो उसका एक अलग आनंद मिलता है। साथ ही उन्होंने कहा कि एक्सरसाइज करने से शरीर को सबसे अधिक फायदे मिलते हैं। वहीं, सुबह के समय योग करना भी अधिक लाभकारी होता है।

सुबह के समय 30 मिनट भी योग का अभ्यास शरीर को स्वस्थ और दिमाग को सक्रिय बनाने में मदद करता है। योग रोजमर्रा की जीवनशैली के लिए एक परिपूर्ण दृष्टिकोण है।

## 11 दिन बाद तोपा रोड सेल में कोयला लोडिंग के लिए देखी गयी आपाधापी

### 40 ट्रकों की हुई बुकिंग

**खबर मन्त्र रसंवाददाता**

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत तोपा परियोजना का रोड सेल 11 दिनों बाद पुनः चालू होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी व्याप्त है। खासकर व्यापारी वर्ग जो इससे सीधे लाभान्वित हो रहे थे, उनके चेहरे पर एक बार फिर मुस्कुराहट लौट आई है। वहीं दूसरी ओर कम से कम समय में अधिक से अधिक कोयला उठाने के लिए डिपो होल्डर, लिफ्टर व शिफ्टर सक्रिय दिखे। सीसीएल प्रबंधन के अनुसार सोमवार को 24 ट्रकों का कोटा जारी किया गया था, परंतु रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा द्वारा आगामी 8 जनवरी को सकारात्मक वार्ता नहीं होने की स्थिति में पुनः 9 जनवरी से रोड सेल बाधित करने की घोषणा के मद्देनजर वीडियो धारकों में जल्द से जल्द कोयला उठाने की बेचैनी देखी जा रही थी। जानकारी के अनुसार फिलहाल कोयले की वैलिडिटी का समय 10 दिनों तक है। इसके बावजूद लिफ्टर शिफ्टर द्वारा तोपा रोड सेल के कांटा घर में कोटे से अधिक ट्रकों के आ जाने पर डिस्पैच अधिकारी द्वारा 40 ट्रकों की बुकिंग कराई गई। वहीं रोड सेल चालू हो जाने से सेल संचालन समिति राहत महसूस कर रही हैं।

# लोगों को नहीं होने देंगे बिजली की कोई समस्या : सुधा देवी

■ खरसावां गोलीकांड झारखंड के इतिहास के काला अध्याय: जगेश्वर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चितरपुर।** सुकरीगढ़ा स्थित कुड़मि धरमशाला में खरसावां गोलीकांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने को लेकर एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से आदिवासी कुड़मि समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जगेश्वर महतो नागवंशी मौजूद थे। इस दौरान खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही इस दिन को काला



सुकरीगढ़ा में काला दिवस मनाते आदिवासी समाज के लोग।

दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज की तारीख को झारखंड के इतिहास में काला अध्याय के रूप में लिखा जाना चाहिए। क्योंकि आज ही के दिन 1 जनवरी 1948 को आजाद भारत की सबसे बड़ी गोलीकांड खरसावां में हुआ। जिसमें सैकड़ों निहत्थे महिला पुरुष और बच्चों की जानें गई। जिसके प्रत्यक्षदर्शी आज भी जीवित हैं। घटना की याद आते ही वे सहम जाते हैं बाहरी लोगों ने हमारे सच्चे इतिहास को दबाने की कोशिश की है और षड्यंत्र कर बाहरी संस्कृति भोले-भाले आदिवासियों पर ठोकने की नाकाम कोशिश की है। जो कभी कामयाब नहीं होगा। हम आदिवासी लोग 1 जनवरी को खुशी के रूप में नहीं काला दिवस के रूप में मनाते रहेंगे और खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता सुकरीगढ़ा पंचायत के पूर्व मुखिया माथुर महतो ने किया। मौके पर कमल महतो, जगरनाथ महतो, दीपक मुंडा, सुधीर कुमार अकेला, लालचंद महतो, प्रभु महतो, मिथुन महतो, किशुन महतो, मोती लाल महतो, राजेश महतो, गौतम कुमार महतो, दामोदर महतो, धर्मेंद्र महतो, शंकर महतो, मनोज महतो, रामलोचन महतो सहित कई मौजूद थे।

## एक नजर में

### रामगढ़ : कुजू के करमा नारायणपुर में हुई मारपीट की घटना में दो घायल, ओपी में आवेदन




**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत करमा नारायणपुर में गत रविवार देर शाम मारपीट की घटना हुई। घटना में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मामले को लेकर भूक्तभोगी द्वारा सात नामजद लोगों के विरुद्ध कुजू पुलिस को लिखित सूचना दी गई है। करमा नारायणपुर निवासी लाल मोहन महतो पिता अनिल महतो द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार उनका नाती आमंशु कुमार अपने घर ग्राम मुरपा से अपने कार पर सवार होकर नानी घर करमा नारायणपुर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में नारायणपुर निवासी आदित्य सोनी व रंजीत सोनी पिता लोकनाथ साव, सौरव सोनी व शशि सोनी पिता आदित्य सोनी, विकास सोनी पिता मोहन सोनी, मोहन सोनी पिता सनीचर साव, विनोद सोनी पिता बाल गोविंद साव, पिंटू सोनी पिता अनिल सोनी सभी लाठी-डंडे व तलवार से लैस होकर अचानक हमला कर दिया। इस घटना में आमंशु कुमार का सीर फट गया। मै भी घायल हो गया। इस दौरान आस पास के ग्रामीण पहुंचे और हम दोनों को बचाया। मोहर महतो ने कुजू ओपी पुलिस को आवेदन देते हुए कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### भाजपा की माफी यात्रा की जगह जुगसलाई में आभार यात्रा क्यों? : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** जुगसलाई फाटक के रेलवे ओवरब्रिज को लेकर भाजपा ने नागरिक अभिनंदन का जो कार्यक्रम रखा है ये महज श्रेय लेने की होड़ है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि एक तरफ ओवरब्रिज निर्माण को लेकर भाजपा ने 100 से अधिक छोटे व्यापारियों-दुकानदारों को उजाड़ दिया और उनके पुनर्वास पर न कोई नीति बनी न कोई प्रयास हुआ जिस मुद्दे को लेकर भाजपा को जुगसलाई में हाथ जोड़कर माफी यात्रा निकालनी चाहिए थी वे अब अभिनंदन और स्वागत यात्रा निकालकर श्रेय लेने की होड़ में शामिल हो गये हैं। श्री कालिंदी ने कहा कि इस ओवरब्रिज के बनने में कई अड़चनें आईं जिसे मेरे प्रयास से हेमंत सरकार द्वारा दूर किया गया। वे बोले ओवरब्रिज का काम 40 मकानों की वजह से रुक गया था और उन 40 मकानों को मैंने उजड़ने नहीं दिया बल्कि सरकार से बात कर 55 लाख रुपए बतौर मुआवजा उपलब्ध करवाया ताकि उन उजड़ने वाले परिवारों का पुनर्वास हो सके। भाजपा की पुरानी आदत है काम करे कोई श्रेय चुराए कोई। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि एवं टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने भी संबोधित किया चौधरी ने स्मार्ट के एक-एक अक्षर को परिभाषित किया है।

### नव वर्ष के अवसर पर जोजोबेरा सीमेंट प्लांट नुवोको विस्टास में केक कटिंग हुआ



**जमशेदपुर।** सोमवार को नुवोको विस्टस कॉर्प लिमिटेड जोजोबेरा सीमेंट प्लांट में नव वर्ष 2023 के लिए केक कटिंग समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रुप से प्लांट हेड बी उमा सूर्यम एवं यूनियन के यूनियन नेता विजय खान,संजीव श्रीवास्तव विनय त्रिवेदी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने केक कटिंग किया। प्लांट हेड ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी एवं बीते वर्ष कंपनी के परफॉर्मेंस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं गत वर्ष में कंपनी की जो भी उपलब्धियां रही उस पर उन्होंने कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी कर्मचारी भाइयों के बगैर कंपनी कभी भी आगे नहीं बढ़ सकती है इसलिए आने वाले दिनों में भी वर्ष 2023 में कंपनी को इसी तरह से सुचारू रूप से हर चुनौती स्वीकार करते हुए आगे बढ़ाने के लिए आप सबका सहयोग और साथ अपेक्षित है। मौके पर दीपक सरकार मिनेश डाकवे के दरबान श्रीकांत सिंह राजश्री बनर्जी सुधीर सिंह अनिल गोस्वामी आलोक वाजपेई एवं सुनील कुमार शुक्ला पीवीआर मूर्ति सहित सैकड़ों कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद थे।

### जनता दरबार : उपायुक्त ने जन समस्याएं



**जमशेदपुर।** उपायुक्त विजया जाधव ने साप्ताहिक जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी। 15 लोगों ने जनता दरबार में उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त ने समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पारिवारिक विवाद, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने, खतियानी जमीन हड़पने के संबंध में, रोजगार, मनरेगा, भूमि म्यूटेशन, पेंशन, भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित भी आवेदन आए। पेंशन व राशन जैसे आवेदनों का ऑन स्पॉट समाधान किया गया वहीं भूमि व राजस्व सम्बन्धी आवेदनों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

### डुमरिया के सीओ रामनरेश सोनी के निधन से प्रशासनिक सेवा संघ शोकाकुल



**जमशेदपुर।** डुमरिया अंचलाधिकारी श्री रामनरेश सोनी के असामयिक निधन पर पूर्वी सिंहभूम जिला के झारखण्ड प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों ने अपनी संवेदना व्यक्त किया है। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर लाल, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, डीएसओ राजीव रजंन, एडीसी जयदीप तिग्गा, निदेशक एनईपी ज्योत्स्ना सिंह, डीटीओ दिनेश रजंन, बीडीओ डुमरिया साधु चरण देवगम आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाताड़ निवासी बलकु यादव की पत्नी सुरती देवी 55 वर्ष जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। परिजनों द्वारा सुरती देवी को अचेतवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि सुरती देवी का किसी बात को लेकर घर में विवाद हो गया था और वह गुस्से में आकर घर में रखे कीटनाशक दवा खा ली।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ पांकी मुख्य पथ पर बनियों ग्राम के समीप सोमवार की सुबह लगभग 7 :00 बजे मोटरसाइकिल से गिर गया नरेश बिरहोर 26 वर्ष पिता लल्लू बिरहोर ग्राम बिरहोर टोला झाबर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से नरेश बिरहोर को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक इलाज की गई बताया जाता है कि नरेश बिरहोर सोमवार की सुबह अपने घर से हजारीबाग जा रहा था और वह शराब के नशे में धुत था। इसी बीच बनियों ग्राम के समीप एक जानवर को बचाने के दौरान वह असंतुलित होकर गिर गया।

## कोरोना को लेकर जांच शुरू

**महुआडांड़।** एसडीओ नीत निखिल सुरीन के निर्देश पर प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो के नेतृत्व कोरोना जांच अभियान चलाया जा रहा। इस क्रम में झारखंड व छत्तीसगढ़ राज्य के बॉडर चम्पा में नाका लगाकर आने जाने वाले लोगों की कोरोना जांच की जा रही। वहीं नेतरहाट के सभी पर्यटक स्थल और लोध फॉल महुआडांड़ में भी आनेवाले पर्यटकों का कोरोना जांच किया जा रहा है। इस अभियान में एमपीडब्यू, नर्स एएनएम स्वास्थ्य सहिया काम कर रहे हैं।

## विद्यालय के जीर्णोद्धार को लेकर आम सभा आयोजन

**चंदवा।** प्रखण्ड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत तूढामू स्थित प्रावि परिसर में उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में उपायुक्त द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय टूढामू के जर्जर भवन जीर्णोद्वार को लेकर जारी किए गए आदेश पर चर्चा किया गया। बता दें कि विद्यालय जीर्णोद्धार को लेकर उपायुक्त ने आम सभा की प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवा से मांगी थी, उनके आदेश के आलोक में अलौदिया पंचायत के पंचायत सचिव उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न कराई गई। मौके पर अलौदिया पंचायत की मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो ने कहा कि इस स्कूल में दो बड़े कमरे और प्रशाल कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। बता दें कि चंदवा प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने उक्त विद्यालय के जर्जर अवस्था के प्रति जिले के उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया था व जीर्णोद्धार करने की मांग की थी। उपप्रमुख श्री मिश्रा ने उपायुक्त को जीर्णोद्धार हेतु सार्थक पहल करने पर साधुवाद दिया है।

## कांग्रेस कार्यकर्ता का बैठक संपन्न

**महुआडांड़।** प्रखण्ड में सात जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने को लेकर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रिडोल खलखो की अध्यक्षता में कार्यकताओं के साथ बैठक किया गया। जिसमें प्रखण्ड अध्यक्ष रिडोल खलखो ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने गांव से इस भारत जोड़ो कार्यक्रम में हजारों कि संख्या में महुआडाड़ प्रखण्ड मुख्यालय में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। साथ ही अध्यक्ष के द्वारा प्रखण्ड कमिटी का विस्तार भी किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेसी नेता मो. इस्तेखार अहमद, रामनरेश ठाकुर,उप प्रमुख अभय मिंज ,मो रानु खान, मो रिन्कु, नसिम अंसारी, फिरिद कुजूर, रेणु तिग्गा, सुषमा कुजूर, नूरल अंसारी, रजनाथ यादव, सूबेदार एक्का, अजय किस्पोटा, अहिया अंसारी,उपस्थित थे।

### मनिका प्रखंड के टांड़ टोला में लगा सोलर जल मीनार कई महीनों पूर्व से हुआ खराब

# गारंटी में होने के बाद भी जल मीनार नहीं बनाने पर ठेकेदार पर गुस्साये ग्रामीण

### वहां के लोग दूसरों के घर पर जाकर अपने लिए मांगते हैं पानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के मनिका पंचायत से होकर भदईबथान गांव जाने वाली सड़क के आसपास स्थित टांड़टोला में विधायक कोटे से लगाया गया सोलर जल मीनार कई महीनों पूर्व से खराब पड़ा हुआ है। जिस वजह से यहां आस-पास रहने वाले लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। लोगों ने बताया कि यह जल मीनार लगभग 1 वर्ष पूर्व में ही लगाया गया था जोकि अभी गारंटी में है। यहां के ग्रामीणों ने जल मीनार लगाने वाले ठेकेदार अर्जुन कुमार सिंह को जलमीनार खराब होने की जानकारी दी है। लेकिन ठेकेदार के द्वारा अभी तक जल मीनार को बनवाने का काम नहीं किया गया है। जिससे लोगों में ठेकेदार के प्रति काफी गुस्सा देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि जल मीनार खराब होने की वजह से यहां के लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। मौके पर उपस्थित लोगों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाया कि यहां पर लगा सोलर जल मीनार को जल्द से जल्द बनवाया जाए ताकि लोगों को पानी के लिए दिक्कत ना हो।



जल मीनार बनाने की मांग करते ग्रामीण

**मौके पर उपस्थित लोग :** जल मीनार बनवाने की मांग को लेकर दिलेश्वर पासवान,रामचंद्र मांझी, सुदेश्वर पासवान, सरवन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रानी देवी, शांति देवी, रामेश्वर पासवान,सिंधु देवी, भोला पासवान,प्रमिला देवी, अमर पासवान, कामेश्वर पासवान, रामाशीष पासवान, पूनम देवी, गीता देवी, राजमती देवी, चिंता देवी, देवंती देवी,मीना देवी, रितेश कुमार, रंजीत कुमार,शीला कुमारी, सोनी कुमारी, राजेश पासवान, राजेंद्र पासवान, लक्ष्मण पासवान, सुधीर पासवान समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### ठेकेदार लोगों का नहीं उठाते फोन

लोगों ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा ठेकेदार को फोन किए जाने पर ठेकेदार फोन नहीं उठाते हैं। और अगर फोन उठा भी लिए तो जल मीनार जल्द बना देंगे ऐसा बोल कर बातों को टाल देते हैं। इसी बात को लेकर जब खबर मंत्र संवाददाता के द्वारा ठेकेदार अर्जुन कुमार सिंह को फोन लगाया गया तो रिंग जाने के तुरंत बाद ही ठेकेदार ने अपना फोन स्विच ऑफ कर दिया।

### क्या बोले युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष

जल मीनार खराब होने की जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने कहा कि यह जल मीनार स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के मद से बनाया गया था। जल मीनार लगभग 2 महीनों पूर्व से खराब है। इस विषय में हमने ठेकेदार अर्जुन सिंह से बात की थी ठेकेदार ने कहा था कि जल्द ही जल मीनार को बना दिया जाएगा। लेकिन अभी तक जल मीनार को बनाने का काम नहीं किया गया है जबकि जल मीनार अभी गारंटी में है।

## अभिजीत प्लांट से चोरी के 12 क्विंटल स्क्रैप के साथ आधा दर्जन बाइक जब्त



बरामद बाईक

### चकला नवाटोली से हुई बरामदगी, स्क्रैप तस्कर भागने में रहे सफल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला नवाटोली के पास से लगभग 12 क्विंटल चोरी के स्क्रैप के साथ आधा दर्जन बाइक को जब्त करने में सफलता पाई है। हालांकि पुलिस को आता देख स्क्रैप चोर बाइक व स्क्रैप छोड़ कर भाग निकले, जिसके बाद पुलिस की टीम ने स्क्रैप व बरामद बाइको को विधिवत जब्त कर लिया। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 02/2023 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर चंदवा पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। बता दें कि इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस के द्वारा इन दिनों चंदवा पुलिस के द्वारा चकला प्लांट से स्क्रैप चोरी पर रोक लगाने को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

जिसमे पुलिस को सफलताएं भी मिल रही है। वहीं स्क्रैप चोरों में हड़कंप भी देखा जा रहा है। छापामारी अभियान में एएसआई सुनील कुमार राय, चकला पिकेट के जवान शामिल थे।

# एक दर्जन कंप्यूटर सेट की चोरी

### अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

मनिका। मनिका थाना क्षेत्र के बीआरसी रोड अंतर्गत स्थित राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय के आईसीटी लैब से अज्ञात चोरों ने लगड्डाग एक दर्जन कंप्यूटर सेट चोरी कर लिया है। अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है चोरों की पहचान नहीं हो पाई है। एक ओर जहां सरकार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए विद्यालय में हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। तो वहीं दूसरी ओर कुछ अपराधिक तत्व के लोग विद्यालय में ड्डी चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं कंप्यूटर की चोरी से संबंधित जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक बैजनाथ राम ने बताया कि 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक क्रिसमस डे और शीतकालीन अवकाश की गई थी वही 1 जनवरी को रविवारीय अवकाश था। दिन सोमवार को जब प्रधानाध्यापक विद्यालय में पहुंचे तो आईसीटी लैब रूम का कुंडी टूटा हुआ था। जब रूम के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि रूम के अंदर से 10 कंप्यूटर सेट गायब थे। प्रधानाध्यापक ने तुरंत इस बात की सूचना स्थानीय थाना और आसपास रहने वाले लोगों को दिया। जिसके बाद मनिका थाना से एसआई राजकुमार तिगा,एएसआई इंद्रजीत पासवान,समेत पुलिस बल के अन्य जवान विद्यालय पहुंचे और आईसीटी लैब एवं विद्यालय के आस पास जांच किया। वहीं पुलिस ने विद्यालय के अगल-बगल रहने वाले लोगों से ड्डी चोरी की घटना के विषय में पूछताछ किया। पुलिस ने कंप्यूटर सेट की चोरी के बारे में प्रधानाध्यापक से विस्तार पूर्वक जानकारी लिया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा कंप्यूटर चोरी होने के विषय में लिखित आवेदन देकर मनिका थाना में मामला दर्ज करवाई गई है। इस घटना के बाद विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अड्डिाड्डावकों में चोरों के प्रति काफी गुस्सा है लोग चोरों को जल्द पकड़ कर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की पुलिस प्रशासन से मांग कर रहे हैं।



विद्यालय का आईसीटी लैब रूम

### नए वर्ष में बदला बदला सा दिखेगा बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय

# जनता की समस्याओं के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करें पंचायत प्रतिनिधि : राकेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ राकेश सहाय ने प्रखंड और अंचल कर्मियों के साथ बैठक आहूत की। जहां प्रखंड में संचालित सभी विकास योजनाओं की बारी- बारी से गहनता से समीक्षा की और गुणवतापूर्ण कार्यों को सम्पन्न करने के निर्देश दिए। वहीं बीडीओ ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों और प्रखंड कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता का यह अधिकार है कि उसके कार्यों का निपटारा पंचायत भवन में हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रखंड प्रशासन ने यह तय किया है कि सप्ताह में दो दिन सोमवार और बृहस्पतिवार को प्रत्येक पंचायत भवन में नियमित रूप से दिन के 2:00 बजे तक जनता दरबार लगेगा। जिसमें सभी मुखिया और सबंधित पंचायत के प्रखंड तथा अंचल कर्मी उपस्थित होंगे। इसकी पूरी जिम्मेवारी संबधित पंचायत के मुखिया की होगी। यदि मुखिया को कोई अति आवश्यक कार्य होगा तो विधिवत छुट्टी का आवेदन देकर जनता दरबार से बाहर रहेंगे और उसके बदले में उप मुखिया उस दिन जनता दरबार लगाएंगे। बीडीओ ने ग्रामीण जनता से अपील की है कि जब पंचायत में उनकी समस्याओं का निपटारा नहीं हो तो वह प्रखंड कार्यालय को इसकी जानकारी जरूर दें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रखंड कार्यालय में मंगलवार और शुक्रवार को पूर्व से चल रहे जनता दरबार निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने सभी विभागों को जनता की समस्याओं के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कहा कि सभी पंचायत भवन जनता के प्रति समर्पित हो।

नियमित रूप से पंचायत भवन का कार्यालय खुले या भी यह सुनिश्चित होगा और इस आदेश का उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई किया जाएगा। इसमें किसी भी तरह का मनमानी या धोखाधड़ी नहीं हो इसके लिए संबंधित पंचायत कर्मियों प्रखंड कर्मियों को यह आदेश दिया गया है कि वह अपनी उपस्थिति जीपीएस कैमरा से दर्ज करेंगे।



प्रखंड और अंचल कर्मियों की निर्देशित करते बीडीओ

## आदिम जनजाति परहिया लोगों के घर में 6 माह से विद्युत आपूर्ति बाधित

रामनिवास पाठक

**बेतला।** प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत ग्राम अखरार के पहिया टोला में विगत 6 माह से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण लोग अंधेरा में रहने को विवश है,झारखंड सरकार लाख दावे कर ले कीआदिम जनजाति पहिया लोगों के प्रति विशेष रूप से प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन ध्यान दे रही है, लेकिन इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि 6 माह से ढिबरी युग में जीने को विवश हैं, फिर भी उन्हें विद्युत आपूर्ति की नसीब नहीं हो पाई है, ऐसे में आप अंदाजा लगा जा सकते हैं कि प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन कितना संवेदना से इन विलुप्त हो रहे परिवारों के प्रति कार्य कर रही है।

बरवाडीह प्रखंड में कुछ दिन पहले दो लोगों की लकड़बग्घे में मौत के घाट उतार दिया है,बताते चलें कुछ माह पहले बरवाडीह प्रखंड के नाबालिक 7 वर्षीय बच्ची एवं 2 दिन पहले प्रखंड क्षेत्र के छेचा में 60 वर्षीय वृद्ध को लकड़बग्घा ने अपने चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौत हो गई। ऐसे में पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र से सटे गांव में भय का माहौल है,लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबकने के लिए मजबूर हो जा रहे हैं। इसके बावजूद भी पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र से सटे अखरा के आदिम जनजाति बाहुल्य टोला पहिया टोला में बिजली आपूर्ति नहीं होना कहीं न कहीं प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करता है,

**बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने क्या कहा :** इस संबंध में बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय से पूछे जाने पर उन्होंने कहा शीघ्र ही उस टोले में ट्रांसफार्मर लगा दी जाएगी, एवं लोगों के घरों तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# दो व्यक्ति के घर में आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाख

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत अंतर्गत हिसरी ग्राम के खौरा टोला मे दो व्यक्ति की घर मे आग लग जाने से लाखों रुपए की समान जलकर खाक हो गया। आग लगने के सम्बन्ध मे मिली जानकारी के अनुसार एक जनवरी रविवार को खौरा निवासी चमन गंझु पिता मोहरी गंझु व छठु गंझु पिता मेघराज गंझु दो व्यक्ति की घर मे अचनाक आग लग गई। देखते ही देखते आग घर मे पूरी तरह फैल गई। जिससे घर मे चावल, मक्का, कपड़े, नगद, कई मूल दस्तावेज सहित अन्य प्रकार के घरेलू उपयोगी सामग्री जलकर खाक हो गया। आग लगने की सुचना मिलते ही ग्रामीण पहुंचे जहाँ पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाया। वहीं हर संभव प्रसाशनिक सहयोग दिलाने का भरोषा दिया। आग इतनी तेज जल रही थी की आग पर काबू पाना संभव नहीं हो सका और घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। अचानक इस तरह के घर मे आग लगने व समान जलकर खाक होने से घर के परिजनों दहाड़ मारकर रो रहे थे। आग लगने की सुचना पाते ही दो जनवरी सोमवार को खरवार भोगता विकास संघ बारियातू प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु, उपाध्यक्ष रवि गंझु, सहित जिला अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु अपने कई कमिटी के साथ पहुँचकर बेघर हुए परिजनों को 4200 नगद व खाने की राशन व्यवस्था किया। मौके पर कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझु, युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर गंझु, सचिव बिनोद गंझु,उमेश, अशोक, विनय, राजमुन, दीपक, तुला, सुरेश, नरेश, केदार सहित कमिटी उपस्थित थे।



राशन उपलब्ध करते खरावर भोगता समाज के लोग

### बच्चों के विकास की बुनियादी सीढ़ी है आंगनवाड़ी केंद्र : कालो देवी



बच्चों के बीच स्वेटर वितरण करते मुखिया

### आंगनबाड़ी केंद्र में मुखिया ने बच्चों के बीच किया गर्म स्वेटर का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र में मुखिया कालो देवी ने छोटे नन्हे बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म स्वेटर का वितरण किया। जहां आंगनबाड़ी सेविका ने बताया कि ठंड को देखते हुए सरकार के द्वारा बच्चों के लिए गर्म स्वेटर उपलब्ध कराया गया है।

वहीं मुखिया ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में नोनिहालों को प्राथमिक शिक्षा दी जाती है। इसके पूर्व मुखिया ने केंद्र में बच्चों को मिलने वाले पोषाहार के बारे में जानकारी ली।

कहा कि बच्चों के पोषण युक्त खाद्य पदार्थों से किसी प्रकार का समझौता न हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास की बुनियादी सीढ़ी आंगनवाड़ी केंद्र है। इस मौके पार भाजपा नेता सुनील सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीणों को जंगली हाथियों के आतंक से मुक्ति दिलाये वन विभाग : सरोज

### जंगली हांथी से प्रभावित बलबल तिलैयादामर गांव का जीप सदस्य सरोज देवी व पंसस तारा देवी ने किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, पंचायत समिति सदस्य तारा देवी सोमवार को चकला पंचायत के तिलैयादार और बालुमाथ के बलबल गांव का दौरा किया। जहां उन्होंने हांथी से प्रभावित हुए घरों का मुआयना किया व ग्रामीणों से मिलकर जानकारी ली।

जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने गांव से लौटकर बताया कि इन गांवों में इन दिनों जंगली हांथीयों के झूंड ने एक सप्ताह से आंतक मचाए हुए हैं, कई घरों को हांथीयों ने निशाना बनाते हुए तहस नहस कर दिया है।

घरों को छतिग्रस्त कर दिए जाने से ग्रामीण खुले आसमान पर रहने को मजबूर हैं, रात होते ही जंगल से गांव में हांथी के प्रवेश किए जाने के कारण ग्रामीणों में भय व्याप्त है।तिलैयादामर के बलकू गंझु, जगदीश गंझु, गनेश गंझु, दशंई गंझु, मनोज गंझु, नरेश गंझु, प्रशाद गंझु, जागा गंझु, कीनू गंझु, रमेश गंझु, दिलीप गंझु समेत कई लोगों का मकान, अनाज बर्बाद कर दिया है। वन विभाग हांथीयों के झुंड को भगाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है, विभाग चाहती तो हांथीयों को बफरजोन में खदेड़कर ग्रामीणों को हांथीयों के आतंक से निजात दिला सकते थे।



कंबल वितरण करते जिप सदस्य व अन्य

### वन विभाग से मिले 18 कंबल का वितरण

वन विभाग से मिले 18 कंबल को जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, पंचायत समिति सदस्य तारा देवी, वनकर्मी बीरेंद्र कुमार, सतीश पांडेय ने तिलैयादामर गांव में प्रभावित परिवारों के बीच वितरण किया। चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य और चकला पंचायत समिति सदस्य ने इलाके से हांथीयों की झूंड को भगाने, छतिग्रस्त हुए मकानों के बदले नया आवास देने तथा छतिपूर्ति की मुआवजा देने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार से की है। दौरा में अजय यादव, लक्ष्मण कुशवाहा, दशरथ ठाकुर, अमीत कुमार, गोबिंद गंझु, सुरेश गंझू, चेतलाल गंझु, सोमरी देवी, सबीता देवी, बदरी गंझू, तेतरी देवी, सुकरी देवी,जानकी देवी, सुनीता देवी व अन्य मौजूद थे।

## खरवार भोगता विकास संघ के कार्यकर्त्ताओं ने थाना प्रभारी मुकेश चौधरी से की मुलाकात

**बारियातू।** नव वर्ष के अवसर पर खरवार भोगता विकास संघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु ने कई कार्यकत्ताओं के साथ थाना प्रभारी मुकेश चौधरी से औपचारिक मुलाकात की। वहीं खरवार भोगता विकास संघ के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु, उपाध्यक्ष रवि गंझु,सहित सहित अन्य कार्यकत्ताओं ने थाना प्रभारी चौधरी व पुअनि बिन्देश्वर महतो, बालेश्वर गंझु, दीपक नारायण सिंह, साअनि द्वारिकानाथ पांडेय, अन्य अधिकारीयों से मुलाकात कर नव वर्ष मे मिठाई खिलाया साथ ही सुख समृद्धि की कामना किए। मौके पर कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझु, युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर गंझु,सचिव बिनोद गंझु,उमेश, अशोक, विनय, राजमुन, दीपक, तुला, सुरेश, नरेश, केदार सहित कमिटी उपस्थित थे।



बारियातू थाना प्रभारी से औपचारिक मुलाकात करते

स्पीड न्यूज

# छेड़खानी का विरोध करने पर की बमबाजी

## आंगन में मिला जिंदा बम और कारतूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के सोनारडीह ओपी की पुलिस को आम जनता से कोई सरोकार नही है।बमबाजी, फायरिंग की घटना होने के बाउजूद मौके पर जांच करना पहुचना जरुरी नही समझते है। सोनारडीह ओपी क्षेत्र के निमतल्ला श्रमिक आवास में वही के युवको ने कोल कर्मी अजय रवानी के आवास में छेड़खानी करते हुए फायरिंग बमबाजी की घटना को अंजाम दिया। भागने के क्रम में एक जिंदा कारतूस व एक बम आवास के आंगन में उपद्रवी युवक छोड़ कर भाग निकले। घटना की लिखित सूचना पीड़ित परिवार के देने के बाउजूद जांच करने घटनास्थल पुलिस नही पहुची है। घटना की जानकारी दिए 8 घण्टे से अधिक का समय हो चुका है। लेकिन पुलिस मौके पर नही पहुची है।वही घटना से कोलकर्मी का पूरा परिवार दहशत में है।



## बाइक से गिरकर युवक घायल

**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत कथारा . गोमिया मुख्य मार्ग पर कथारा गायत्री मंदिर के समीप एक तेज रफ्तार बाइक सवार 35 वर्षिय नावाडीह निवासी राजू महतो स्वंय अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में राहगीरों द्वारा उसे सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज डॉ बी के झा द्वारा किया गया मगर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे चास स्थित केएम मेमोरियल अस्पताल भेज दिया गया।

## अज्ञात वाहन ने स्कूटी पर सवार युवक को रौंदा, मौत

### मोहन पेट्रोल पंप के निकट हुई घटना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के नेशनल हाइवे 02 गोविंदपुर थाना क्षेत्र के मोहन पेट्रोल पंप के सामने सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।अज्ञात वाहन ने स्कुटों सवार को रौंद दिया। घटना के विरोध में स्थानीय लोगो मे भारी आक्रोश है।आक्रोशित स्थानीय लोगों ने किया सड़क जाम कर पुलिस एनएच अधिकारी के खिलाफ जोरादर विरोध जताते हुए नारेबाजी की।

### एनएच 02 को किया जाम

घटना के संबंध में बताया जाता है की गोविंदपुर थाना से महज कुछ ही गज दूर मोहन पेट्रोल पंप के समीप जीटी रोड पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।मृतक की पहचान गोबिंदपुर निवासी एवं समाजसेवी रामचंद्र बंसल के रूप में हुआ है।

## एक नजर में

### निदेशक प्रभारी ने इस्पातकर्मियों को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने ईडी व अन्य वरीय अधिकारियों के साथ प्लांट सहित विभिन्न विभागों का भ्रमण कर इस्पात कर्मियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।कर्मियों ने भी गर्मजोशी से निदेशक प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया तथा शुभकामनाएं दी। अपने संदेश में निदेशक प्रभारी ने संयंत्र के साथ साथ टाउनशिप की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए सभी को नए साल में एक नए लक्ष्य और एक नयी ऊंचाई को छूने का संकल्प लेने का संदेश दिया। उन्होंने कर्मियों से नव वर्ष के लिए श्जहाँ चुनौतीए वहीं उन्नतिश का मूल मंत्र साझा करते हुए उन्हें सभी चुनौतियों को अवसर में बदलने का संदेश दिया ताकि नए साल में बोकारो स्टील समूह सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के नए बेंचमार्क स्थापित कर सके।

### डीआई अमरेंदु प्रकाश ने सीजीएम को दिया स्मृति चिन्ह



**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी के सम्मेलन कक्ष में उच्च पदाधिकारियों हेतु आयोजित विदाई समारोह में सीजीएम अलक साधु को डीआई अमरेन्दु प्रकाश व अन्य वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में विदाई दी गई। श्री प्रकाश ने उन्हें स्मृति चिन्ह और अंतिम निपटारे से जुड़े दस्तावेज भेंट किये और सभी ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।अन्य 15 अधिशासी तथा 52 अनाधिशासी सेवानिवृत कर्मियों हेतु एचआरडी सेंटर में आयोजित विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ईडी;एमएमद्ध अमिताभ श्रीवास्तव सहित सीजीएम वेद प्रकाशए जीएम सोनी सिंह व कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वरीय प्रबंधक डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने संचालन करते हुए सेवानिवृत कर्मियों को अन्तिम निपटारा से सम्बंधित जानकारी दी तथा प्रत्येक का बायोडाटा प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री श्रीवास्तव ने कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की तथा सेवानिवृत कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र व उपहार भेंट किये।

### प्रकृति के संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी



**बेरमो।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर प्राचार्य डॉ आर आर पाल के द्वारा पौधारोपण करके कॉलेज परिवार के साथ नए वर्ष का शुभारंभ किया गया। पौधारोपण में 2 पौधे शहतूत केए दो पौधे अशोक के एवं दो पौधे फूल के लगाए गए। साथ ही प्राचार्य ने आशीर्वचन में यह संदेश दिया कि प्रकृति जिस प्रकार हमें हमेशा अपनी तरह हरी.भरी रखती है तो हमारा भी परम कर्तव्य है कि प्रकृति को हमेशा सुरक्षित रखने के लिए हर खास मौके पर पौधारोपण करके प्रकृति को संरक्षित रखे। मौके पर प्रो एलएन रायए प्रो गोपाल प्रजापतिए डॉ वासुदेव प्रजापतिए प्रो पीपी कुशवाहाए प्रो राजू कुमार बड़ाईकए एनएसएस के प्रो अमित कुमार रविए डॉ अलीशा वंदना लकड़ाए प्रो साजन भारतीए डॉ नीला पूर्णिमा तिर्कीए प्रो मधुरा केरकेट्टाए प्रो मनोहर मांझीए प्रो प्रो नितिन चेतन तिग्गाए डॉ प्रभाकर कुमार के अलावा कर्मचारी संघ के बड़ा बाबू रविंद्र कुमार दासए दुर्गा पासवानए सदन रामए विक्रम सिंहए मोहम्मद साजिदए सीएस मिश्राए रवि प्रकाश यादवेंदुए एससी झाए विमल कुमारए दीपक कुमारए सबुएल कुजूरए पुरुषोत्तम चौधरीए राजेश्वर सिंहए बालेसरए भागनए कलावती एवं विद्यार्थियों में नंदलालए अमित कुमारए स्नेहा कुमारीए सोनी कुमारी ए आकाश कुमार ए खुशी कुमारीए कुसुम कुमारी ए नेहा कुमारी ए लक्की कुमारी आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### डिगवाडीह में ड्राइवर ने फंदे पर झूल कर की आत्महत्या

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह बीसीसीएल न्यू कॉलोनी के रहने वाले ड्राइवर 33 वर्षीय मुन्ना मंडल का शव सोमवार को उसके आवास से जोरापोखर पुलिस ने रहस्यमयी परिस्थिति में बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक प्रत्येक दिन शराब पीता था जिस कारण पत्नी ललिता देवी के साथ अक्सर विवाद हुआ करता था।रविवार की रात भी वह फाँसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास कर रहा था जिसे पड़ोसियों ने नाकाम कर दिया।सोमवार की सुबह उसने आत्महत्या कर लिया।मृतक की पत्नी ललिता देवी एक तीन वर्षीय पुत्री श्रिष्टि कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है।वही जोरापोखर थाना के एस आई प्रदीप राणा ने बताया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### डोमगढ़ के साजेश ने पंखे से लटक कर की आत्महत्या

**सिन्दरी।** सिन्दरी थाना क्षेत्र के डोमगढ़ के सुंदरनगर कॉलोनी के प्राइवेट मकान निवासी अजीत महतो के 25 वर्षीय विवाहित पुत्र साजेश महतो ने रविवार की देर रात अपने घर के पंखे के हुक से रस्सी के सहारे आत्महत्या कर जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना के आधार पर सोमवार को पहुँची सिन्दरी थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया। साजेश के पिता ने बताया कि वह तीन बेटों में सबसे छोटा था और दैनिक मजदूरी करता था। रविवार की रात लगभग दस बजे शराब पीकर नशे की हालात में घर आया था। गर्भवती पत्नी मालती देवी द्वारा शराबखोरी का विरोध करने पर पत्नी को प्रताड़ित करने लगा। पत्नी भागकर सास ससुर के कमरे में चली गई। लगभग सवा बारह बजे रात में पत्नी द्वारा दरवाजा खुलवाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसने परिवार के सदस्यों को जगाया। साजेश के बड़े भाई ने कमरे के पिछवाड़े की खिड़की से झाँक कर देखा तो पाया कि साजेश पंखे के हुक से रस्सी के सहारे लटक रहा है।

### सफदर हाशमी की 33वीं शहादत दिवस मनाया

**झरिया।** पीस एंड जॉय स्कुल में कामरेड सफदर हाशमी की 33वीं शहादत दिवस, जनवादी लेखक संघ की ओर से मनाया गया इसकी अध्यक्षता जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष साथी नारायण चक्रवर्ती ने की तथा दलित शोषण मुक्ति मंच के राष्ट्रीय सचिव व झारखंड राज्य अध्यक्ष शिव बालक पासवान इस कार्यक्रम में मौजूद थे। साथी जियाउल रहमान ने सफदर हाशमी कि कई कविताओं को प्रस्तुत किए जिसमें पढ़ना लिखना सीखो यह मेहनत वालों, क, ख, ग, अलीफ, को हथियार बनाकर लड़ना सीखो, डॉक्टरी इसरार, इप्टा के साथी विस्थापन पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए । सफदर हाशमी एक कम्युनिस्ट, नाटककार, कलाकार, निर्देशक, गीतकार, लेखक ,कवि , जनवादी सांस्कृतिक आंदोलन के नेता एवं कलाविद थे। कार्यक्रम में साथी भगवानदास, गोपाल लाल, मधु बनर्जी, समीम खान, देवनन्दन शर्मा तथा अन्य लोग शामिल थे।

### वरीय क्लर्क जितेन्द्र मिश्रा को दी गई विदाई

**चासनाला।** सेल चासनाला कोलियारी में सीनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत जितेंद्र मिश्रा के सेवा निवृत होने के पश्चात सोमवर को भैरव स्थान में संघर्ष समिति के द्वारा स्वागत सह विदाई सामारोह किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम जीतेन्द्र मिश्रा को फूल माला पहना व शाल ओढ़कर बिदाई की गयी । कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष सुन्दरलाल महतो व संचालन बीसीकेयू नेता योगेंद्र महतो ने की। इस अवसर पर सुंदरलाल महतो ने कहा की जितेन्द्र मिश्रा सेल में सेवा देने के साथ साथ सामजिक कार्य में भी काफी रूचि रखते थे, साथ साथ सयुक्त संघर्ष समिति में काफी दिनों से मजदूरों के समस्या को ले कर सेल प्रबंधन से लड़ाई लड़ते रहे।

## स्थानीय मजदूरों का हर्ल में नियोजन नहीं हुआ तो होगा आंदोलन: जीतू



खबर मन्त्र संवाददाता

सिन्दरी। हर्ल सिन्दरी खाद कारखाने में स्थानीयों के नियोजन को लेकर मासस युवा मोर्चा सिन्दरी नगर अध्यक्ष जीतू सिंह की अध्यक्षता में रोहड़ाबाँध दुर्गा मंदिर के समीप बैठक हुई। उन्होंने कहा कि हर्ल प्रबंधन स्थानीय मजदूरों को निकालकर बाहरी मजदूरों को काम पर रखा जा रहा है। उन्होंने तमाम स्थानीय मजदूरों को आव्हान करते हुए कहा कि एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है। हर्ल प्रबंधन झारखंड सरकार द्वारा जारी 75 प्रतिशत स्थानीयों को रोजगार के नियमों की अवहेलना कर रही है। मासस युवा मोर्चा इसे बरदाश्त नहीं करेगी। उन्होंने हर्ल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रबंधन इस हरकत से बाज नहीं आती है तो मोर्चा आंदोलन के लिए बाध्य होगी। बैठक में राजेश रवानी, राजू प्रसाद, शिवनाथ कुमार, दीपक कुमार रजक, श्यामा प्रसाद, रामजीत मुर्मू, किशोर बास्की, हेमंत महतो, विक्रम रवानी, तुलसी दास सहित कई युवा शामिल थे।

## तीन साल में नाकाम रही झारखंड सरकार: जयंत सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के यूनियन क्लब में सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सह हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड सरकार के 3 साल का कार्य काल नाकामी का साल रहा। चुनाव के दौरान हेमंत सरकार के द्वारा जनता से जो वादे किए गए थे वो वादे अभी तक एक भी पूरे नही हुए है। चाहे वह किसानों का कर्ज माफी का मामला हो,या फिर 100 यूनिट जनता को मुफ्त में बिजली देने का मामला हो,या पेट्रोल में सब्सिडी देने का मामला हो या छात्रों को छात्रवृत्ति या साइकिल देने का मामला हो कोई भी वादा पूरा नही किया गया है। यह सरकार सिर्फ लूट झूठ और भ्रष्टाचार की सरकार साबित हो कर रह गई है। वही केंद्र सरकार पर झारखण्ड की रॉयल्टी बकाया के सवाल पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी बकाया केंद सरकार के पास झारखंड सरकार का नही है। झारखंड सरकार डीएमएफटी की मात्र तीस प्रतिशत ही खर्च कर पाई है। केंद सरकार के द्वारा दी जा रही राशि खर्च करने में यह सरकार विफल है। जैन समाज के प्रमुख तीर्थ स्थल सम्मेद जी शिखर पारसनाथ को पर्यटन स्थल घोषित की जाने के सवाल पर केंद्रीय मंत्री कोई जवाब देते नही दिखे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से भाजपा नेत्री रागिनी सिंह जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह मिल्टन पार्थ सारथी आदि मौजूद थे।




### भागाबांध थानेदार के खिलाफ गोलबंद हुए पत्रकार

**झरिया।** कोयलांचल पत्रकार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मो मुख्तार अहमद के नेतृत्व में धनबाद वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार को गुलदस्ता देकर नववर्ष की बधाई दिया। साथ ही भागाबांध ओपी प्रभारी राजीव कुमार तुरी द्वारा द्वेष की भावना को लेकर संघ के सदस्य कार्तिक वर्मा के साथ उनके परिजन पर झूठे मुकदमे में फसा दिया, जिसे लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा कर न्यायोचित जाँच की माँग की। उक्त मामले को लेकर धनबाद एसएसपी ने आश्वस्त किया कि पत्रकार निर्भीक होकर अपना कार्य करे।

## कोयलांचल में ठंड बढ़ने से सड़क और बाजारों में पसरा सन्नाटा, सूर्य देवता का नहीं हुआ दर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** नव के पहले दिन से बेरमो कोयलांचल में ठंड बढ़ने का सिलसिला जारी है। आज यानी दो जनवरी को तो ठंड का प्रकोप अपने चरम पर नजर आई। आज का दिन बेरमो कोयलांचल में सूर्य उदय हुआ ही नही और पुरा दिन बेरमो कोयलांचल के आसमान पर मोटे कुहास के चादर से ढ़के रहा। बढ़ी ठंड का प्रतिकूल असर लोगो के जन जीवन को अस्त व्यस्त कर रख दिया और लोगो को घरो मे दुबके रहने को मजबूर कर दिया। बढ़ते ठंड के कारण बेरमो कोयलांचल के लगभग सभी सड़कें और छोटे बड़े सभी बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। सड़कों पर एक्का दुक्का छोटे बड़े वाहन चलते नजर आये। लोग बहुत जरूरी कार्य से ही घरों से निकल रहे थे अन्यथा घरों में ही रहने मे अपनी भलाई समझ रहे थे। मगर क्षेत्र का दुर्भाग्य देखिए कि इस कड़के के ठंड के बीच कही भी अलाव की व्यवस्था देखने को नही मिली। जिला प्रशासन हो या फिर अनुमंडलीय प्रशासन या फिर क्षेत्र के सरकारी एवं गैरसरकारी औधोगिक संस्थान किसी ने भी क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था करवाना जरुरी नही समझा। जिस कारण ठेला चलाने वालेए दैनिक मजदूरी करने वालेए या फिर रेलवे स्टेशनों पर ट्रनो की प्रतिक्षा करने वाले यात्री ठंड से दो चार होते नजर आये। वहीं क्षेत्र की गरीबो मुफलिसो की हालत बद से बदत्तर नजर आये। हालांकि अभी तक ठंड से किसी प्रकार की जानी नुकसान सुनने को नही मिला मगर समय रहते अगर प्रशासन ने अलाव की व्यवस्था नही की तो ऐसे दुखद स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है इससे इंकार नही किया जा सकता। कुल मिलाकर बेरमो कोयलांचल में जान लेवा ठंडी हवाओ का चलना जारी है।

## नगर निगम क्षेत्र में तीन दिन से जामाडोबा से जलापूर्ति ठप

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर / झरिया।** नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले 50 हजार परिवारों के समक्ष गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। यह संकट बिजली गड़बड़ी के कारण हुआ है ,जीतपुर जोड़िया की समीप बार बार केबुल में फॉल्ट हो जाने और जामाडोबा आरएस फीडर में गड़बड़ी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई हैं। तीन दिन से जामाडोबा से पानी की सप्लाई बंद है। पानी की सप्लाई बंद किए जाने की सूचना के बाद भी नगर निगम पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। तीन दिन गुजर जाने के बाद भी पानी की सप्लाई शुरू कराने का कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है।

### 12 टंकियों से होती है पानी की सप्लाई

एलएंडटी कंपनी के सप्लाई बंद करने से निगम के अलग-अलग वार्डों में बनीं 12 टंकियों में पानी पहुंचना बंद हो गया है। टंकी में पानी के नहीं पहुंचने के कारण ही लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। सूत्रों की माने तो शहरी जलापूर्ति योजना के तहत पेटिया, भागाबांध, बोर्रागढ़, कुस्तौर, बिलिहारी, एजेंट बंगला, केंदुआडीह, पुटकी, सियालगुदरी, लोयाबाद, न्यू ड्रीप और टाटा सिजुआ में टावर का निर्माण किया गया है। इन सभी टावरों में दामोदर नदी का पानी जामाडोबा ट्रीटमेंट प्लांट से ही आता है। इन्हीं टंकियों से इन इलाकों में रहने वाले लोगों के घरों में पानी सप्लाई होती है। इन 12 टावरों से करीब दस हजार लोगों के घरों में पानी जाता है। निगमकर्मियों की माने तो बोर्रागढ़, कुस्तौर, भागाबांध, केंदुआडीह, पुटकी और लोयाबाद क्षेत्र में 10 हजार लोगों ने पानी का कनेक्शन लिया है।

### डीवाईएफआई ने मनाया सफदर हाशमी का शहादत दिवस

**सिन्दरी ।** गाजियाबाद में वर्ष 1989 में नाटक मंडली पर हमले में घायल कवि, नाटककार सफदर हाशमी की शहादत पर डीवाईएफआई सिन्दरी नगर कमेटी ने के डी कॉलोनी सिन्दरी में सोमवार को उनके शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा सह गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी का उद्घाटन करते हुए ज्ञान विज्ञान समिति के विकास ठाकुर ने कहा कि सफदर हाशमी के हत्यारों ने कभी नहीं सोचा होगा कि कई नये रुपों में सफदर हमारे बीच पैदा हो रहे हैं।

## राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में बोकारो के दो छात्रों का चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** 108 वें श्सेशन ऑफ इंडियन साइंस कांग्रेसश के तहत आरटीएम नागपुर यूनिवर्सिटी में 4 जनवरी से आयोजित तीन.दिवसीय राष्ट्रीय किशोर वैज्ञानिक सम्मेलन में डीपीएस बोकारो के 10वीं के छात्र रूपेश कुमार और होली क्रॉस स्कूल के 7वीं कक्षा की छात्रा श्रेयसी पूरे झारखंड का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे।

500 से अधिक वैज्ञानिकों के बीच रूपेश कुमार द्वारा तीन महीने में तैयार किया गया गूंगे.बहरों के इशारों को आवाज में तब्दील करने का कंप्यूटर कोडिंग की मदद से खास सॉफ्टवेयर एवं श्रेयसी द्वारा लगभग 20 दिनों के शोध से दुधारू मवेशियों में वायरल इंफेक्शन से होने वाली श्लंपीश बीमारी का अचूक इलाज पान पत्ताए काली मिर्चए गुड़ए नमक व अन्य प्राकृतिक चीजों के मिश्रण से करने के प्राकृतिक तरीका के प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे।दोनों टीमें अपने गाइड टीचर के साथ नागपुर के लिए रवाना हो गईं। रवानगी से पूर्व डीपीएस बोकारो में आयोजित एक कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सह राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के आयोजनाध्यक्ष एएस गंगवारए प्रदेश अध्यक्ष डॉण अली इमाम खान एवं राज्य समन्वयक डीएनएस आनंद ने रूपेश और श्रेयसी को अपनी शुभकामनाएं दीं।स्टेट एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राजेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय विज्ञान कांग्रेस की 108 वीं कड़ी में बोकारो से दो.दो बच्चों का चयन सराहनीय है।



## स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से किया जीवंत प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वसुंधरा परिवार द्वारा सेक्टर तीन में आयोजित सामूहिक मिलन समारोह में बच्चों के लिए गीतएवादनएनृत्य आदि की प्रतियोगिताएं तथा महिलाओं के लिए क्रीड़ात्मक स्पधाएं हुईं। गौरीए मनस्वी एवं अन्य बच्चियों ने समाज में महिला उत्पीड़न तथा विवाहोपरांत परिवार की स्थिति का अपने नुक्कड़ नाटक से जीवंत प्रदर्शन किया तो नारायणीए श्रेयाए श्रेयो दासए मिष्टीए उर्वी आदि ने विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। कृष ने गीत सुनाएए आदित्य ने तबलावादन प्रस्तुत किया और रूद्र ने फ्यूज बल्ब को मिनटों में सुलझाकर बुद्धिमता का परिचय दिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। वक्ताओं ने देशवासियों के लिए नववर्ष के सुखद एवं कोरोना मुक्त रहने की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में छिपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है और आपसी सौहार्द मजबूत होता है। संचालन धनंजय चक्रवर्ती ने किया। मौके पर वीके झाए अर्जुन प्रसाद सिंहए बालेश्वर सिंहए गिरधर महतोए एसपी मिश्राए बिप्लव दासए सतीश सिंहए तुलसीए विजय कुमार सिंहए संजय गोपालए दीपक महतोए अंकिता चक्रवर्तीए विनोद कुमारए अशोक कुमारए मीना राजए आशा रानीए लक्ष्मी देवीए विकासए संजय आदि मौजूद रहे।

### सामूहिक मिलन समारोह




## पेज एक का शेष

### पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग ...

2021 में हुई थी गिरफ्तारी : 24 नवंबर 2021 को मध्य प्रदेश पुलिस ने बोकारो से लॉ के छात्र को गिरफ्तार किया था, लेकिन परिजनों को इसकी पूरी जानकारी नहीं दी गयी। दायर याचिका में कहा गया है कि छात्र की गिरफ्तारी के वक्त पुलिस के पास सिर्फ सर्च वारंट था, जबकि अरेस्ट वारंट अनिवार्य है। वहीं, परिजनों की जगह रिश्तेदार को गिरफ्तारी की जानकारी दी गयी।

### पांच को देश को...

स्टेडियम में प्रैक्टिस पिच और चेंजिंग रूम को जोड़ने के लिए टनल बनायी गयी है। फिटनेस सेंटर, रिकवरी केंद्र और पिच के पास हाइड्रोथेरेपी पूल बनाया गया है। इससे जुड़े दो होटल हैं, जहां वर्ल्ड कप हॉकी में भाग लेने पहुंचने वाले देश-विदेश के खिलाड़ी ठहरेंगे। स्टेडियम भूकंप रोधी है। स्टेडियम को मौसम के अनुकूल रखने के लिए 250 एचपी डक्टबल एसी यूनिट लगायी गयी है। करीब 300 करोड़ की लागत से बने इस स्टेडियम का डिजाइन बीजू पटनायक यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के इंजीनियरों ने तैयार किया है।

### जम्मू में आतंकी ...

हमले में सतीश कुमार (45), प्रीतम लाल (56), शिवपाल (32) की मौत हो गयी। चौथे मृतक का नाम अभी सामने नहीं आया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि आतंकी हमले के पीड़ित प्रीतम लाल के घर के पास सोमवार सुबह हुए धमाके पर घायल सान्वी शर्मा (4), कनाया शर्मा (14), वंशु शर्मा (15), समीक्षा देवी (20), शारदा देवी (38), कमलेश देवी (55) और समीक्षा शर्मा के तौर पर हुई। हालांकि, बाद में इलाज के दौरान समीक्षा शर्मा व एक अन्य ने दम तोड़ दिया। घायल और मरनेवाले सभी हिंदू थे।

**हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के विरोध में जिले भर में प्रदर्शन :** हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के विरोध में राजौरी शहर सहित जिले भर में प्रदर्शन शुरू हो गये हैं। इस बीच एनआईए की एक टीम डांगरी पहुंच गयी है और शुरूआती जांच की जा रही है। सेना और पुलिस व्यापक तलाशी अभियान चला रहे हैं। इलाके की घेराबंदी कर दी गयी है। राजौरी में डांगरी इलाके के मुख्य चौक पर आतंकी हमले में मारे गये लोगों का शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने इस आतंकी हमले की निंदा की। वहीं फारूख अब्दुल्ला ने कहा कि देश में जिस तरह की नफरत फैलाई जा रही है, ये उसी का ये नतीजा है।

## स्पीड न्यूज

### कीव पर रूस ने ईरानी ड्रोन से बरसाये बम

**कीव।** नया वर्ष शुरू होते ही यूक्रेन पर रूस का हमला और तेज हो गया है। सोमवार को रूसी सेनाओं ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर ईरानी ड्रोन से बम बरसाये हैं। लगातार हमलों के बाद कीव में एयर एलर्ट जारी किया गया है। अब रूसी सेना कीव की बुनियादी सेवाओं को निशाना बना रही है, जिससे बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है।

### रायपुर में होगा कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन

**नयी दिल्ली।** इस वर्ष कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन फरवरी महीने में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित किया जायेगा । कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि कांग्रेस का 85वां प्लेनरी सेशन 24 से 26 फरवरी तक रायपुर में आयोजित किया जायेगा।

### पिछले 24 घंटे में कोरोना के 173 नये मरीज

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित 173 नये मरीज सामने आये हैं। इस अवधि में 207 लोग ठीक हुए है। इस दौरान कोरोना से किसी की भी मौत नहीं हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना वायरस के कुल एक्टिव मामले 2,670 हैं।

### मैथिली चुनाव आयोग की आइकॉन बनीं

**पटना।** लोक गायिका मैथिली ठाकुर को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने अपना आइकॉन बनाया है। इस संबंध में आयोग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले मैथिली ठाकुर बिहार में मतदाता जागरूकता अभियान चलायेंगी। उनके नाम के प्रस्ताव पर निर्वाचन आयोग नयी दिल्ली से अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

### एनसीसी का गणतंत्र दिवस शिविर शुरू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर का दिल्ली कैंट के करियप्पा परेड ग्राउंड में सोमवार को शानदार आगाज हुआ। शिविर का समापन 28 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ होगा।

### हरियाणा में सड़क हादसे में पांच की मौत

**सिरसा।** हरियाणा में सोमवार को सिरसा के मैहना खेड़ा के निकट एक तेज रफ्तार से आ रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गयी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। मृतकों में एक दो माह की बच्ची भी बतायी जा रही है। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 7 को लांच होगा खेलो इंडिया का मैस्कॉट

**भोपाल।** केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर आगामी 7 जनवरी को भोपाल में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के 5वें संस्करण के मैस्कॉट, टॉर्च और एंथम का अनावरण करेंगे।

# यूक्रेन व रूस में संघर्ष के परिणामस्वरूप उर्वरकों की कमी हुई है : एस जयशंकर

## विदेश मंत्री ने यूक्रेन-रूस संघर्ष को लेकर भारत की चिंता प्रकट की

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को यूक्रेन-रूस संघर्ष के परिणामस्वरूप उर्वरकों की कमी और इनकी कीमतों में हुए इजाफा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मुद्दा है, जहां हम विभिन्न साझेदारों के साथ काम करने की योजना बना रहे हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को आस्ट्रिया के विदेश मंत्री के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान विदेश मंत्री ने यूक्रेन-रूस संघर्ष को लेकर भारत की चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा कि संघर्ष के चलते ईंधन, भोजन और उर्वरकों की कमी हो रही है। यह वैश्विक दक्षिण (एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका) के लिए बढ़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों देशों के नेताओं के संपर्क में हैं और इस संबंध में भारत के दृष्टिकोण पर जोर दे रहे हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक कार्यस्थल का पूरी तरह से लाभ उठाना चाहता है और इसके लिए कानूनी प्रवासन और गतिशीलता का प्रबल समर्थक है। हम भारतीय कौशल और प्रतिभा के योगदान को प्रदर्शित करने के लिए एक उचित, कानूनी और समान अवसर चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत-आस्ट्रिया के बीच लगभग 2.5 अरब डॉलर का व्यापार कारोबार है। 150 से अधिक ऑस्ट्रियाई कंपनियां भारत में मौजूद हैं। हम चाहते हैं कि इनकी संख्या बढ़े। जयशंकर ने कहा कि भारत-आस्ट्रिया के बीच कई समझौते हुए हैं और इसमें व्यापक प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी समझौता विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह कौशल और प्रतिभा की मांग को उसकी उपलब्धता से जोड़ने में सक्षम करेगा। इस दौरान आस्ट्रिया के विदेश मंत्री ने कहा कि वे भारत को एक मित्र के तौर पर देखते हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष में भारत तर्कपूर्ण नजरिये के साथ शांति की आवाज है। उन्होंने भारत को एक महत्वपूर्ण सहयोगी बताया और कहा कि हिंद-प्रशांत दुनिया की अर्थव्यवस्था की मुख्य धमनी है।

### जयशंकर ने कहा- भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना ऐतिहासिक उपलब्धि

**वियना।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है भारत को जी20 की अध्यक्षता मिलना ' ऐतिहासिक उपलब्धि' है। कहा कि भारत ने ऐसे समय में शक्तिशाली समूह की बैठकों की मेजबानी संभाली है, जब वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर गहरा दबाव है और दुनिया में राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ रहा है। अगला जी-20 शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को नयी दिल्ली में आयोजित होने वाला है। उन्होंने यह टिप्पणी ऑस्ट्रिया की राजधानी में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हित को महत्व देगा।

# आधुनिक भारतीय इतिहास पर शोध के दायरे को व्यापक बनाने की जरूरत : मोदी

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी (एनएमएमएल) सोसायटी की वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में मोदी ने देश के इतिहास के बारे में लोगों के बीच बेहतर जागरूकता पैदा करने के लिए आधुनिक भारतीय इतिहास पर शोध के दायरे को व्यापक बनाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने संस्थानों से आह्वान किया कि अच्छी तरह से समीक्षा की गयी है और शोधपरक स्मृतियां तैयार करें, जिससे वर्तमान के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को लाभ हो सके।

प्रधानमंत्री संग्रहालय के डिजाइन और सामग्री पर संतोष व्यक्त करते हुए मोदी ने कहा कि यह संग्रहालय वस्तुनिष्ठ और राष्ट्र-केंद्रित है, व्यक्ति-केंद्रित नहीं है। यह न तो अनुचित प्रभाव से और न ही किसी आवश्यक तथ्यों के अनुचित अभाव से ग्रस्त है। भारत के सभी प्रधानमंत्रियों की उपलब्धियों और योगदान को उजागर करने वाले संग्रहालय के संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए उन्होंने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में इस संबंध में प्रतियोगिताओं का आयोजन करने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि निकट भविष्य में संग्रहालय देश और दुनिया से दिल्ली आने वाले पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनकर उभरेगा। सन 1875 में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की साल 2024 में मनायी जाने वाली 200वीं जयंती का उल्लेख करते हुए नरेंद्र मोदी ने देश भर के शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्थानों इनके जीवन के बारे में शोध पत्र तैयार करने का आह्वान किया।

# सीरिया पर इजरायल का हमला, दमिश्क हवाईअड्डे पर दागी मिसाइल, दो की मौत

**एजेंसी**



**दमिश्क।** इजरायल की सेना ने सीरिया की राजधानी दमिश्क के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाकर मिसाइल दागी है। इस हमले में दो सीरियाई सैनिकों की मौत हो गयी, जबकि दो घायल हो गये। हमले के बाद दमिश्क एयरपोर्ट को बंद करना पड़ा है।

सीरियाई सेना के अनुसार स्थानीय समयानुसार रात दो बजे यह हमला किया गया। दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और उसके आसपास के इलाकों को निशाना बनाते हुए इजरायल ने मिसाइलें दागीं। हमले में दो सैनिकों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। दावा किया गया है कि लेबनान के हिजबुल्लाह और ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों को हथियारों की खेप भेजने से रोकने के लिए इजरायल ने ये हमला किया।

इजरायली सेना ने सीरिया के सरकारी हवाई अड्डों और बंदरगाहों को निशाना बनाया। हमलों से दमिश्क के दक्षिण में हवाईअड्डा और हथियार डिपो को नुकसान पहुंचा है। इस हमले के बारे में इजरायल की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गयी है। नये वर्ष के दूसरे ही दिन अंजाम दिये गये हमले से हुए नुकसान का ब्योरा सीरिया की सेना ने नहीं दिया है। इस हमले के बाद सीरिया की सरकार ने दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कर दिया है। एक साल के भीतर यह दूसरा मौका है, जब दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद करना पड़ा है। इससे पहले 10 जून को भी दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इजरायल के हवाई हमले का शिकार हुआ था। तब हमले में एयरपोर्ट के बुनियादी ढांचे और रनवे को काफी नुकसान पहुंचा था। इसे मरम्मत के बाद दो सप्ताह पूर्व ही फिर खोला गया था। पिछले साल सितंबर में इजरायल की सेना ने सीरिया के सबसे बड़े व व्यावसायिक शहर अलेप्पो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला किया था। इस कारण यह कई दिनों तक बंद रहा था।

## दस को विश्वास मत हासिल करेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड

**काठमांडू।** नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड दस जनवरी को संसद में विश्वास मत प्राप्त करेंगे। नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने नवगठित कैबिनेट की संस्तुति पर नौ जनवरी को संसद का विशेष सत्र आहूत किया है। बीते वर्ष संसदीय चुनावों के बाद नाटकीय घटनाक्रम में पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाल के प्रधानमंत्री पद की कमान संभाली थी। उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त करने के साथ ही राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने उन्हें तीस दिन के भीतर संसद के निचले सदन से विश्वास मत प्राप्त करने का निर्देश दिया था। इसके बाद नेपाल के नवगठित कैबिनेट ने नौ जनवरी से संसद का विशेष सत्र बुलाने की संस्तुति की थी। इसी सत्र में प्रचंड विश्वास मत हासिल करेंगे।

# भोपाल में जुटेंगे राज्यों के जल संसाधन मंत्री 5 व 6 को होगा वॉटर विजन 2047 सम्मेलन

**एजेंसी**

**भोपाल।** देशभर के विभिन्न राज्यों के जल संसाधन मंत्री दो दिन तक मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जुटेंगे और वाटर विजन-2047 पर मंथन करेंगे। यहां कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आगामी पांच और छह जनवरी को वॉटर विजन 2047 सम्मेलन होगा। सम्मेलन में राज्यों के तमाम जल संसाधन मंत्री शामिल होंगे। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वर्चुअली शामिल हो सकते हैं।

केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद पटेल ने सोमवार प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि चुनौतियों के समाधान के लिए वाटर विजन जरूरी है। समस्याओं को चिह्नित करना और समाधान को सामने रखना है। चीन से आने वाली नदियां हमारे लिए चुनौती है। चीन ऐसा देश है, जो अपनी नदियों के ऊपर बांध बना रहा है, यह एक चुनौती है। वह कल के दिन नदियों को एक हथियार के रूप में तो इनका उपयोग नहीं करेगा, इसलिए भारत सरकार सजग है। समय से यदि वाटर मैनेजमेंट नहीं किया, तो आने वाले समय में ये चुनौती बढ़ेगी।



उन्होंने बताया कि अब तक सेक्रेटरी लेवल पर हुई चचाओं को लेकर देशभर के सभी राज्यों के मंत्रियों के साथ संवाद होगा। सभी मंत्री अपने-अपने राज्य की चुनौतियों के बारे में जानकारी देंगे। सभी मंत्री सुझाव और समाधान भी बतायेंगे। इसमें होने वाला संवाद आने वाले 25 साल का रोडमैप तैयार करेगा। इसके बाद केंद्रीय स्तर पर वाटर मैनेजमेंट को लेकर प्लान बनाया जायेगा। केंद्रीय मंत्री पटेल ने कहा कि 2015 में स्वच्छता अभियान शुरू हुआ था। दुनिया के अनुमानों से 11 साल पहले भारत को खुले में शौच से मुक्त करने का लक्ष्य हासिल किया। जल जीवन मिशन की घोषणा के वक्त 2019 में कुल 3 करोड़ 23 लाख परिवारों को पाइपलाइन से पानी मिलता था। वर्तमान में 10 करोड़ 56 लाख परिवारों को नल से जल मिल रहा है।

# चंडीगढ़ में सीएम हेलीपैड के निकट मिला बम



**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में सोमवार की शाम उस समय सनसनी फैल गयी, जब पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों के साझा हेलीपैड के निकट से एक जिंदा बम मिला। इस घटना को पुलिस की सुरक्षा में भारी चूक माना जा रहा है। जिस समय यह बम बरामद किया गया, उससे कुछ देर पहले ही हरियाणा के मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर में रवाना हुए थे। चंडीगढ़ में हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों के आवास के निकट स्थित राजेंद्र पार्क में कॉमन हेलीपैड बनाया गया है। इस हेलीपैड पर दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के अलावा राज्यपालों तथा बाहर से आने वाले वीवीआइपी के हेलीकॉप्टर लैंड करते हैं। सोमवार की शाम पार्क में घूम रहे एक व्यक्ति ने बमनुमा संदिग्ध वस्तु देखकर चंडीगढ़ पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को कब्जे में लिया। जांच करने पर पता चला कि संदिग्ध वस्तु जिंदा बम है। जिस स्थान पर झाड़ियों में यह बम मिला है, वह मुख्यमंत्रियों तथा वीवीआइपी हेलीपैड के बेहद करीब थी। इस पूरे घटनाक्रम के बाद चंडीगढ़, पंजाब तथा हरियाणा के आला पुलिस अधिकारी मौके पहुंच गये। देर शाम तक पुलिस द्वारा सेना के बम निरोधक दस्ते को बुलाकर बम को डिफ्यूज करने की कार्रवाई जारी थी।

## छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को ले आदिवासियों में आक्रोश, स्थिति तनावपूर्ण

**रायपुर/नारायणपुर।** नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिला के बखरूपारा में धर्मांतरण के खिलाफ आदिवासी समुदाय के भड़के आक्रोश के बाद सोमवार देर शाम तक स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बस्तर आइजी पी सुंदर राज, नक्सल ऑपरेशन पुष्कर शर्मा, कोंड़ागांव एसपी दिव्यांग पटेल और घटना में घायल नारायणपुर एसपी सदानंद सहित कलेक्टर मोर्चा संभाल लिया है। नारायणपुर जिला मुख्यालय में शांति नगर इलाके में आदिवासी समाज के लोगों के जाने की खबर मिल रही है। बस्तर आइजी पी. सुंदरराज आदिवासी समाज के प्रमुख के साथ बैठक कर मामले को शांत कराने में लगे हुए हैं। नारायणपुर के बखरूपारा में धर्मांतरण के खिलाफ बड़ी संख्या में सोमवार को आदिवासी समुदाय के लोग एकत्रित हुए। आरोप है कि ईसाई समुदाय ने शनिवार को आदिवासियों के साथ मारपीट की है। गुस्साई भीड़ ने एसपी और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। इसमें एसपी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# नोटबंदी के बाद 2.38 लाख फर्जी कंपनियां पकड़ी गयीं : राधा मोहन

**एजेंसी**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा की गयी नोटबंदी के ऐतिहासिक फैसले को सही ठहराने का स्वागत किया है। राधा मोहन सिंह ने कहा कि कोर्ट के फैसले से यह साबित हो गया है कि सरकार के पास नीतिगत निर्णय लेने का अधिकार है। नोटबंदी को लेकर विपक्ष द्वारा उठाये गये सवाल निराधार थे।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी ने लखनऊ में कहा कि नोटबंदी के बाद 2.38 लाख फर्जी कंपनियां पकड़ी गयीं। भारी मात्रा में बेनामी संपत्ति जब्त हुई। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में गैरसंगठित क्षेत्रों की भागेदारी 52 प्रतिशत से घट कर 20 प्रतिशत हो गयी। नोटबंदी ने आंतकवाद की कमर



तोड़ दी और आंतकियों की फडिंग भी बंद हो गयी। राधा मोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को नोटबंदी का सही उद्देश्य, सही नीति और एक अच्छी नीयत से लागू की थी। मोदी सरकार ने देश में नकली करेंसी टेरर फंडिंग और काला धन को समाप्त करने के लिए नोटबंदी की थी। नोटबंदी का उद्देश्य गरीब कल्याण और भारतीय अर्थव्यवस्था को साफ करना भी था। नोटबंदी से देश की अर्थव्यवस्था में परदर्शिता आयी, डिजिटल पेंमेंट करने वालों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। राधा मोहन सिंह दो दिवसीए प्रवास पर लखनऊ आये हुए हैं।

### नोटबंदी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर भ्रम फैला रही है भाजपा : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नोटबंदी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर भ्रम फैला रही है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जिन चार जजों ने नोटबंदी की प्रक्रिया को सही ठहराया है, उन चार जजों ने नोटबंदी के परिणाम पर कोई टिप्पणी नहीं की है। खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस की आपत्ति परिणाम पर थी, इससे एसएसएमइ सेक्टर तबाह हो गया, लाखों लोगों की नौकरियां चली गयी हैं । कांग्रेस नोटबंदी को आज भी जन विरोधी मानती है। खेड़ा ने कहा कि नोटबंदी पर जो फैसला सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया है, उसमें नोटबंदी की प्रक्रिया और परिणाम की कोई चर्चा नहीं है। लेकिन, भाजपा एक झूठ फैला रही है कि सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी को सही ठहराया है। न्यायालय ने नोटबंदी के प्रभाव और परिणाम पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## कंझावला में महिला की मौत पर एनडब्ल्यूसी ने पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के कंझावला इलाके में नये साल की रात एक महिला की मौत के मामले को संज्ञान में लेते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनडब्ल्यूसी) ने सोमवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को पत्र लिखा है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने पत्र में 20 वर्षीय महिला की मौत के मामले में जल्द से जल्द जांच की मांग की है। आयोग ने पीड़िता का पोस्टमॉर्टम कराये जाने को भी कहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया गया था या नहीं। उन्होंने महिला की मेडिकल रिपोर्ट भी आयोग के साथ साझा करने को भी कहा है। उल्लेखनीय है कि कंझावला में पुलिस को नये साल की सुबह नग्न अवस्था में महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला का शरीर बिना कपड़ों के था। शरीर में हर जगह घसीटने के निशान पाये गये। मामले में पुलिस ने कार सवार पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

# हम हॉकी विश्व कप के लिए तैयार : सुखजीत सिंह

**एजेंसी**






**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 13 जनवरी, 2023 को स्पेन के खिलाफ एफआइएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 में अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार है। हॉकी के सबसे बड़े टूर्नामेंट की शुरुआत में कुछ ही दिन बचे हैं। भारतीय टीम के फॉरवर्ड सुखजीत सिंह ने इस टूनामेंट को लेकर टीम की तैयारियों को लेकर खुलकर बात की।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम 27 दिसंबर, 2022 को राउरकेला पहुंची और हॉकी की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की तैयारी के लिए पिछले एक सप्ताह से बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में कड़ी ट्रेनिंग कर रही है। सुखजीत, जो अपने पहले विश्व कप में भाग लेंगे, ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड को उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

सुखजीत ने कहा, मैं बहुत खुश हूं और मुख्य कोच ग्राहम रीड का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने पिछले एक साल में मेरे प्रदर्शन को देखने के बाद मुझे टीम का हिस्सा बनने का मौका दिया। मैं खेलने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं क्योंकि यह न केवल खेल का सबसे बड़ा मंच है। बल्कि हमारे घरेलू मैदान पर खेला जा रहा है। भारतीय प्रशंसकों के सामने हॉकी खेलना हमेशा रोमांचक होता है। सुखजीत ने फरवरी 2022 में एफआइएच मेंस हॉकी प्रो लीग 2021/22 में स्पेन के खिलाफ सीनियर टीम के लिए शुरुआत की और मैच में एक गोल किया। तब से, उन्होंने भारत के लिए 16 मैच खेले हैं और चार गोल किये हैं। सुखजीत ने टीम में सभी खिलाड़ियों के बीच संबंधों पर खुलकर बात की और कहा कि हर कोई स्पेन के खिलाफ एफआइएच ओडिशा हॉकी मेंस वर्ल्ड कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 मैच के लिए उत्साहित है।

उन्होंने कहा, शिविर में सभी के बीच सच्ची टीम भावना है। हम सभी वास्तव में स्पेन के खिलाफ अपने पहले मैच के लिए तैयार हैं। हर कोई सकारात्मक महसूस कर रहा है और एक-दूसरे का समर्थन कर रहा है। एकता की वास्तविक भावना है जो है देखना रोमांचक है।

# बोनी कपूर ने डेविड धवन व वरुण के साथ मिलाया हाथ

**फेमस** फिल्म निमार्ता बोनी कपूर इन दिनों साउथ की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म लव टुडे का रिमेक बनाने की तैयारी में हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने कॉमेडी फिल्में बनाने के लिए मशहूर डायरेक्टर डेविड धवन से हाथ मिलाया है। यहीं नहीं, फिल्म के डायरेक्शन का जिम्मा पिता को देने के साथ ही उन्होंने फिल्म के लीड एक्टर के लिए बेटे वरुण धवन को साइन किया है। लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म लव टुडे के हिंदी रीमेक राइट्स निमार्ता बोनी कपूर ने खरीद लिये हैं। बोनी कपूर इस फिल्म को हिंदी में बनाने की सोच रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने डेविड धवन और वरुण धवन के साथ हाथ मिलाने का फैसला लिया है। डेविड धवन और वरुण धवन की



जोड़ी बॉक्स ऑफिस पर हिट रही है, जिस कारण बोनी कपूर इस कॉमेडी मूवी को इन दोनों के साथ शुरू करने की सोच रहे हैं।लव टुडे का ओरिजनल वर्जन 2 दिसंबर 2022 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया गया है। फिल्म को साउथ की अलग-अलग भाषाओं में पसंद किया जा रहा है। इसी के चलते निमार्ता बोनी कपूर ने इसका हिंदी रीमेक बनाने का फैसला लिया है।

VP VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!